ISSN (p) : 2394-3912
ISSN (e) : 2395-9369

त्रैमासिक 13(2) अप्रैल-जून, 2026
Technical articles are peer reviewed

www.kahaar.in

कहार

जनविज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

KAHAAR

A Multilingual People Science Magazine

विशेष खण्डः
गंगा, यमुना
और अन्य
नदियाँ

प्रकाशक
प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसाइटी, लखनऊ
(www.phssfoundation.org)
सह-प्रकाशक
पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति, लखनऊ (www.prithvipur.org)

The latest issue of Kahaar (a multilingual people's science magazine), Volume 13 (Issue 1), 2026, was officially released during a conference at Mahayogi Gorakhnath University (MGUG), Balapar, Gorakhpur, on 17th February 2026. The release ceremony was graced by several eminent personalities, including: Mr. Manoj Kumar Singh, IAS, Former Chief Sicretary and CEO of the State Transformation Commission (STC) of Uttar Pradesh, Dr. Ravindra Pratap Singh, Chairman, Uttar Pradesh Pollution Control Board (UPPCB), Lucknow. Dr. Rajendra Singh, known as the Jalpurush (Waterman of India), Professor Rana Pratap Singh (Retd Senior Professor), Chief Editor of Kahaar Magazine, and many other distinguished experts and personalities, who have made significant contributions to their respective fields. The dignitaries facilitated the launch of this Magazine and commended for its dedication to making science accessible to the public through multiple languages.

Rajvee Sainger, 5 years, Carmel, USA

Technical articles are peer reviewed

www.kahaar.in

कहार

जनविज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

त्रैमासिक, 13(2) अप्रैल–जून, 2026

A Multilingual People Science Magazine

प्रधान संपादक
प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, लखनऊ
अतिथि संपादक
डा. सीमा मिश्रा और डा. संजय द्विवेदी
कार्यकारी सम्पादक
श्री कृष्णानन्द सिंह, लखनऊ
सह–सम्पादक
डॉ. बसंत माहेश्वरी, पेनरिथ, ऑस्ट्रेलिया
डॉ. रूद्र प्रताप सिंह, आजमगढ़
डॉ. निहारिका शंकर, नोएडा
डॉ. अर्चना सिंह, ब्रैनफोर्ड (यू.एस.ए.)
श्री आकाश वर्मा, लखनऊ
श्री सुनीत कुमार यादव, मऊ
श्री शुभम अभिषेक, धनबाद
श्री पवन कुमार, लखनऊ
सम्पादक मण्डल
प्रोफेसर सुनीता मिश्रा, लखनऊ
प्रोफेसर राकेश सिंह सेंगर, मेरठ
श्री नरसिंह, देवरिया
श्री हरीशचन्द्र दहिया, गुडगाँव
डॉ. संजय सिंह, झांसी
श्री अनिल जैन, नई दिल्ली
श्री अनिल सिंह, लखनऊ
डॉ. मनोज गर्ग, लखनऊ
डॉ. पीयूष गोयल, नई दिल्ली
श्री मेराज उद्दीन सिद्दीकी, लखनऊ
डॉ. अनुज कुमार सक्सेना, सीतापुर
सलाहकार मण्डल
प्रोफेसर सरोज कान्त बारिक, शिलांग
डॉ. प्रफुल्ल वी. साने, जलगाँव
डॉ. राम सनेही द्विवेदी, लखनऊ
डॉ. राजेन्दर सिंह जलपुरुष, भीखमपुरा
डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय, बालापार, गोरखपुर
डॉ. रूद्रदेव त्रिपाठी, लखनऊ
प्रोफेसर एन. रघुराम, दिल्ली
डॉ. योगेश शर्मा, लखनऊ
डॉ. सी. एम. नौटियाल, लखनऊ
डॉ. शक्ति के. प्रभुजी, गोरखपुर
डॉ. सुमन कुमार सिन्हा, गोरखपुर
प्रोफेसर शिल्पी वर्मा, लखनऊ
डॉ. धीरज कुमार सिंह, नोएडा
प्रोफेसर रणवीर दहिया, रोहतक
डॉ. सुधाकर तिवारी, कुशीनगर
डॉ. मनोज कुमार पटैरिया, नई दिल्ली
डॉ. सिराज वजीह, गोरखपुर
प्रोफेसर मालविका श्रीवास्तव, गोरखपुर
इं. तरूण सेंगर, कारमेल, (यू.एस.ए.)
श्रीमती मधु, करमेल, (यू.एस.ए.)
श्री उपेन्द्र प्रताप राव, दुदही
डॉ. मनीष सेंगर, रोहतक
डॉ. पूनम अहलावत, चण्डीगढ़

आवरण फोटो
श्री प्रकाशवीर सिंह, लखनऊ
प्रबंध–संपादक
श्री अंचल जैन, लखनऊ
सोशल मीडिया
श्री रणजीत शर्मा, लखनऊ
श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, लखनऊ
टाइप सेटिंग और प्रोडक्शन
श्री जावेद अहमद, लखनऊ

घोषणा

लेखक के विचार से कहार टीम का सहमत होना जरूरी नहीं हैं। किसी रचना में उल्लेखित तथ्यात्मक भूल के लिए 'कहार' की टीम जिम्मेदार नहीं होगी।

कार्यालय : 04, पहली मंज़िल, एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा, शहीद पथ, उतरेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ–226 025, भारत
ईमेलः kahaarmagazine@gmail.com/
dr.ranapratap.59@gmail.com

सदस्यता / Subscription* (Print Copy)

एक प्रति रुपये 250/– वार्षिक (4 प्रति) रुपये 1000/– वार्षिक (10 प्रति) रुपये 9000/– (100 प्रति) रुपये 22000/–
**(डाक व्यय सम्मिलित)*

विज्ञापन (Advertisements)

Rs. 10,000/- Full Page (B/W) Rs. 6,000/- Half Page (B/W)
Rs. 15,000/- Full Page (Color) Back Cover

सहयोग राशि 'प्रोफेसर एच..एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसायटी : लखनऊ (Prof. H.S. Srivastava Foundation for Science and Society, Lucknow) के नाम भेजे।

खाता संख्या 2900101002506, केनरा बैंक, बी.बी.ए., विश्वविद्यालय, लखनऊ IFSC: CNRB0002900

लेखकों के लिए

वैचारिक रचनाओं में आवश्यक संदर्भ भी दें, एवम् इन संदर्भों का विस्तार रचना के अंत में प्रस्तुत करें। अंग्रेजी रचनाओं का हिन्दी तथा हिन्दी सहित अन्य भाषाओं की रचनाओं का अंग्रेजी या हिन्दी में सारांश दें। मौलिक रचनाओं के साथ रचना के स्वलिखित, मौलिक एवम् अप्रकाशित होने का प्रमाण पत्र दें। लेखक पासपोर्ट साइज फोटो भी भेजें। रचनाएँ English के Times New Roman (12 Point) और हिन्दी में मंगल / यूनिकोड में कन्वर्ट कर के भेजें। फोटो या रेखाचित्र अलग से और चित्र संख्या के साथ भेजे।

कहार एक पारम्परिक मनुष्य वाहक के लिए प्राचीन देशज सम्बोधन है। कहार की तरह ही यह पत्रिका जानकारियों एवं लोगो के बीच सेतु बनने की कोशिश कर रहा है।

अनुक्रमणिका (Content)

क्र.सं. / Sl. No.	विषय / Topics	लेखक / Author	पृष्ठ / Page
	सम्पादकीय		
1.	गंगा का जलीय संजाल और गंगा संस्कृति	*राणा प्रताप सिंह और कृष्णानंद सिंह*	1–5
2.	नदियां	*राणा प्रताप सिंह*	5
3.	कुंभ स्नान का गंगा जल गुणवत्ता पर प्रभाव	*रुचि अग्निहोत्री, संजय द्विवेदी, सेजल शुक्ला, असीम त्रिवेदी, सीमा मिश्रा*	6–10
4.	काहु न कोउ सुख दुख कर दाता (अयोध्याकाण्ड 91–2)		10
5.	तेवर नदी का पुनर्जीवन	*राजेन्दर सिंह (जलपुरुष)*	11–16
6.	तुम्हारी स्मृतियां	*विशाल यादव*	16
7.	महिला नेतृत्व की अनूठी पहलः पचनदा से दिल्ली के वे उन्नतीस दिन	*संजय सिंह*	17–19
8.	कृषि और संचार क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग का विश्लेषणः संभावनाएं, चुनौतियां एवं समाधान	*अरविंद कुमार सिंह*	20–26
9.	न्यून जल सस्यानि–श्रीअन्नं	*गणेश बाजपेयी*	26
10.	संविधान और संवेदना का संगम : गरिमा के साथ मृत्यु पर एक महत्वपूर्ण निर्णय	*आशीष सिंह*	27
11.	नारी : त्याग, शक्ति और प्रेम का प्रतीक	*विभा कनन*	28–30
12.	हरियाणवी गजल	मंगतराम शास्त्री "खड़तल"	30
13.	Ecological and Public Health Risks of Emerging Contaminants in the River Ganga	*Sejal Shukla, Seema Mishra, Ruchi Agnihotri and Sanjay Dwivedi*	31-40
14.	हरियाणवी गजल	मंगतराम शास्त्री "खड़तल"	40
15.	Microbial Communities and the Unique Self-Purifying Properties of Ganga River Water	*Seema Mishra, Sejal Shukla, Jagriti Suryavanshi, Ruchi Agnihotri and Sanjay Dwivedi*	41-47
16.	Disease-free fish are good protein sources: how to detect their diseased state for quality consumption	*Shakti K. Prabhuji, Gaurav K. Srivastava, Richa Srivastava, Shail Pande and Madhulika Srivastava*	48-49
17.	Makar Sankranti: Celebrating Sun, Season and Social Bonding across India	*Sunita Mishra and Kuril Sanjeet*	50-60

सम्पादकीय

पानी पर सब हैं, पानी–पानी

कहते हैं, कि अच्छा दाता वही है, जो देता है, पर देने का दम्भ नहीं पालता। हमारे पेड़, हमारी धरती, हमारी नदियाँ, हमारा आसमान सब हर समय हमें जल, जीवन, साँसे, भोजन और ऊर्जा जाने क्या–क्या देते है, परंतु कभी भी देने का दम्भ नहीं दिखाते। वे सब के सब अच्छे दाता हैं, पर हम अच्छे पावक नहीं। हम उनको नुकसान पहुँचाने और नष्ट करने में लगे रहते हैं। फिर हम मनुष्य पृथ्वी–तन्त्र के श्रेष्ठ प्राणी कैसे हुए?

पेड़ो के द्वारा भोजन बनाने के लिए पानी जरूरी है। हमारे भोजन पकाने, धोने और पचाने का काम भी पानी से ही होता है। सूरज की ऊर्जा को सोखकर हरी पत्तियों द्वारा पूरे जीव–जगत के लिए भोजन बनाने, उसे धोने, सुखाने, पकाने, खाने और हमारे शरीर की कोशिकाओं में उसे तोड़–पचा कर हमें ऊर्जा देने के लिए भी पानी जरूरी है। नहाने, फसले उगाने, पूजा–पाठ, सैर–सपाटे, बेकार चीजों को सड़ाने–गलाने और नदी–नालों मे बहाने के लिए भी पानी ही चाहिए। बिना पानी कोई जीवन नहीं होता, बिना पानी कोई जीवित नहीं रह सकता। पानी के न होने पर कहीं कोई जीवन्तता सम्भव ही नही है। हाँ सृष्टि के प्रारम्भिक काल के कुछ सूक्ष्मजीवी बैक्टीरिया ही बस बिना पानी के जीवित रहने की कला सीखे हुए हैं।

पृथ्वी के ऊपर और पृथ्वी के भीतर पानी का एक तंत्र है, जो पृथ्वी–तन्त्र का अभिन्न हिस्सा है। पृथ्वी की सतह पर वह पर्वत चोटियों के ग्लेशियरों से पिघल कर महानदियों, नदियों, छोटी नदियों, नालों, नहरों, झीलों, तालाबों, कुओं , बावड़ियों आदि के संजाल से होता हुआ, अन्ततः अन्तहीन सागर में समा जाता है। पृथ्वी के भीतर चट्टानों की अनेक परतों में पानी का प्रवाह भूगर्भीय जल–स्रोतों के भीतर बहता रहता है। पृथ्वी के भीतर से पृथ्वी की सतह तक जल का यह विशाल भंडार अपनी गत्यात्मकता, ऊर्जा और शुद्धता बनाए रखने के लिए आपस में सर्वदा एक–दूसरे से जुड़ा रहता है।

आसमान में भी बादलों में वाष्प की धारा के रूप में पानी की नदियाँ बहती रहती हैं। जब बादलों की वाष्प का पानी ठंढा होता है, तो पृथ्वी पर बारिश होती है, और गर्मी होने पर नदी नालों और समुद्र का पानी वाष्पित होकर फिर से बादलों में विलीन हो जाता। इस तरह देखें तो आसमान से भूगर्भ तक पानी की नदियाँ कई सतहों पर बहती रहती हैं, और अलग–अलग जगहों पर अलग–अलग रूप में वे अपनी जगह बना लेती हैं। वे जहां होती हैं, वही से जीवन और जगत को संचालित करती रहती । इसके अतिरिक्त जीवों के शरीर का बड़ा हिस्सा पानी से ही बना होता है, और इसलिए जीवन का कोई काम पानी के बिना नहीं चलता।

माना जाता है, कि पृथ्वी पर पानी में ही जीवन पैदा हुआ। इतना ही नहीं, समुद्र और नदियों के किनारे ही अधिकांश सभ्यताएँ विकसित हुईं। समुद्र और नदियों के रास्ते ही व्यापार और अर्थव्यवस्थाओं की शुरुआत हुई। पानी के किनारे ही अनगिनत उद्योग लगे, और पानी मे ही सुदूर की यात्राएं कर अन्वेषी और साहसी लोगों ने अनेक नए भू भाग खोजे। भारत को यूरोप से परिचित कराने वाला वास्को डी गामा समुद्र के रास्ते ही केरल के एक इलाके के समुद्र तट पर पहुँचा था। दुनिया भर में मछुआरों ने अनेक स्थानों की यात्रा कर दूर दराज के जगहों और सभ्यताओं को जोड़ा। भारतीय सन्दर्भ में देखें तो प्राचीन काल से ही हिन्दुओं के पौराणिक ग्रंथों में पानी की महत्ता वर्णित है। अधिकांश प्राचीन मंदिरों और तीर्थों को नदी और समुद्र तटों पर ही स्थापित किया गया था, लेकिन अब नदियों का और पानी का वह सम्मान नहीं रहा । पानी मानवीय अर्थव्यवस्था के विकारों का शिकार हो गया है। समुद्र गर्म और गन्दे होने लगे हैं । नदियाँ सूखने लगीं हैं। पानी के आस– पास और पानी के भीतर गंदगी का अंबार लगता जा रहा है। सदियों से पानी में खेतों, बागानों, शहरों, महानगरों और उद्योगों का ज़हर डाला जा रहा है। उसका बहाव बाधित हो रहा है, उसका जीवन क्षीण हो रहा है, और उसकी आत्मा की जीवन्तता खत्म हो रही है। पानी के प्राकृतिक स्वरूप से बढ़ती जा रही छेड़–छाड़, पानी की जैविक और पारिस्थितीय वहन क्षमता से बहुत आगे जा चुकी है।

सरकारें, शासकीय–तन्त्र, जिम्मेदार संस्थाएं, जिम्मेदार अधिकारी और विशेषज्ञ बातें करते रहते हैं। गोष्ठियाँ चलती रहती हैं। परियोजनाएँ बनती रहती हैं और पैसों की एक के बाद एक बड़ी खेप स्वाहा होती रहती है। कुछ थोड़ा–बहुत होता भी है, तब भी न पानी पर्याप्त हो रहा है, न उसका ज़हर कम हो रहा है, न ही उसकी गंदगी घट रही है । ऐसा इसलिए हो रहा है, कि आदमी ईमानदार नहीं है। वह समझदार भी नहीं है। बस दिन–पर–दिन आरामतलब, चालाक और मतलबी होता जा रहा है। लोगों के आँखों का पानी मर गया है। जब आँखों का पानी सूख रहा है, तो पृथ्वी पर पानी की कमी तो होनी ही है। इसमें पानी क्या करे? आप और हम या तो कुछ करेगें या फिर सब के सब एक के बाद एक करके मरेंगें। तीसरी कोई राह फिलहाल नजर नहीं आती है।

जलवायु परिवर्तन, वैश्विक ऊष्मीकरण, बढ़ती मानवीय आबादी तथा घनी अर्थव्यवस्थाओं मे बढ़ती जा रही पानी की जरूरतें, पानी के समकालीन संकट को अभी और बढ़ाने वाले हैं। पानी का संकट तभी हल होगा, जब विश्वभर मे आम जनता जागेगी, और अपनी भी तथा व्यवस्था के जिम्मेदारों की भी कड़ी निगरानी करेगी। इसके लिए मानवता को नेतृत्व करने वालों की आवश्यकता है। कुछ आवाजें उठ रही है, कुछ हलचल हो रही है, कुछ लोग जल के लिए जीवन समर्पित कर रहे हैं, पर लगता है, अभी यह काफी नहीं है। अभी वह निर्णायक बिन्दु नहीं आया। जहां से पानी और पृथ्वी सुरक्षित हो सके। मनुष्य और सारा जीव अजीव तंत्र सुरक्षित हो सके, तथा मनुष्य अपने प्रयासों से एक प्रकृति संगत बेहतर दुनिया का निर्माण करता रहे। यह सपना भविष्य के गर्भ मे कही छिपा बैठा है और एक विशिष्ट मानवीय नेतृत्व की तलाश कर रहा है।

राणा प्रताप

(राणा प्रताप सिंह)

Editorial

The water is Exposing us, as a bad water keeper

It is said that a true benefactor is one who gives but does not boast about it. Our trees, our earth, our rivers, and our skies—all ceaselessly provide us water, life, breath, food, and energy, yet they never utter a word. They are all exemplary givers, but we are not worthy receivers. We remain intent on harming and destroying them. How, then, can we claim to be the superior beings of the Earth's ecosystem? We are certainly not the supreme beings.

Water is essential for green foliage to produce food. The tasks of cooking, washing, and digesting our own food are also accomplished through the use of water. Water is indispensable for absorbing solar energy to create food, as well as for washing, drying, cooking, and consuming that food—and subsequently breaking it down within our bodies to provide us with energy. Water is also required for bathing, cultivating crops, performing religious rituals, engaging in recreation, and for decomposing, dissolving, and flushing away waste materials. Without water, there is no life; there is no world. Without water, no form of vitality is possible anywhere.

Both above and beneath the Earth's surface exists a water system that constitutes an integral part of the global ecosystem. On the Earth's surface, water melts from the glaciers atop mountain peaks and flows through a vast network of rivers—ranging from mighty waterways to smaller streams—as well as through canals, lakes, ponds, wells, stepwells, and similar structures, eventually merging into the boundless ocean. Beneath the Earth's surface, water flows through numerous layers of rock, coursing through an intricate web of subterranean water sources. This immense reservoir of water—extending from the depths of the Earth to its surface—remains interconnected throughout.

Even in the sky, rivers of water flow within the clouds in the form of vapor. When this water cools, it precipitates as rain upon the land; conversely, when temperatures rise, it evaporates and transforms back into clouds. Viewed in this light, rivers of water flow continuously—from the heavens down to the depths of the earth—assuming various forms and carving out their own niches in diverse locations, thereby sustaining both life and the world. Furthermore, a significant portion of the bodies of living organisms is composed of water; consequently, no vital function of life can be performed without it.

It is widely believed that life on Earth originated within water itself. Civilizations flourished along the banks of rivers and the shores of seas. It was through the routes provided by oceans and rivers that trade and economic systems first emerged. Industries were established, and voyages of exploration led to the discovery of numerous new territories. Vasco da Gama, who forged the link between India and Europe, arrived at the coast of Kerala—specifically in the Calicut region—via the sea route. The fishermen, traveling to various destinations, served to connect different places and cultures. In the Indian context, the profound significance of water has been extolled in Hindu mythological scriptures since ancient times. Most ancient temples and pilgrimage sites were established along riverbanks and coastlines; however, rivers and water bodies no longer command the same reverence they once did. Water has fallen victim to the distortions and excesses of the human economy. The oceans are becoming warmer and increasingly polluted; rivers are beginning to run dry. Heaps of filth and waste are accumulating both in the vicinity of water bodies and within their depths. For centuries, the toxic effluents from agricultural fields, plantations, cities, metropolises, and industries have been discharged into the water. Its natural flow is being obstructed, its vitality is being depleted, and the very essence of its spirit is being extinguished. Human interference with the natural state of water has now far exceeded the limits of its biological and ecological resilience.

Governments, administrative machinery, responsible institutions, concerned officials, and experts continue to engage in rhetoric; seminars are held, projects are launched, and vast sums of money are squandered one after another. Something might may be happening too, yet, the water supply remains insufficient, and neither its toxicity nor its filth shows any signs of diminishing. It appears that everyone has lost their sense of shame—water in their eyes." Once the "water in the eyes" has dried up, a scarcity of physical water on Earth becomes an inevitable consequence. In such a scenario, what can the water itself possibly do? You and I will either do something, or we will all get punished by the nature. For the time being, no third path is in sight.

Climate change, global warming, a growing human population, and the ever-increasing demand for water within dense economies are poised to further exacerbate the contemporary water crisis. This crisis can only be resolved when the general public worldwide awakens to the issue and exercises vigilant oversight regarding accountability. To this end, humanity stands in need of leaders. Voices are being raised, stirrings of change are taking place, and some individuals are dedicating their lives to the cause of water; yet it appears that this is not yet enough. That decisive turning point has not yet arrived; it lies hidden somewhere within the womb of the future, awaiting the emergence of a new form of leadership.

Rana Pratap

(Rana Pratap Singh)

गंगा का जलीय संजाल और गंगा संस्कृति

राणा प्रताप सिंह और कृष्णानंद सिंह

भारत की अत्यंत पवित्र नदियों में से एक, महानदी गंगा, उत्तराखंड के पहाड़ों के शीर्ष स्थित गंगोत्री ग्लेशियर से निकल कर बंगाल की खाड़ी के गंगा सागर पर समुद्र में समा जाने तक देश के 11 राज्यों की लगभग 47 प्रतिशत आबादी को जल, जीवन, अन्न, फल–फूल, उद्योग–धंधे, रहवास तथा व्यापार के साधन देती हैं। साथ–साथ माँ गंगा के रूप में वह करोड़ों धर्मपरायण लोगों को आत्मिक शांति और परमात्मा से जुड़ने का अहसास देती है। नदियाँ मात्र पानी की स्रोत नहीं होती, यह अपने आस–पास की सभ्यताओं और संस्कृतियो को भी निर्मित करती हैं, उनका भरण–पोषण करती हैं, और उस क्षेत्र की समूची जैविकता तथा मानवीय संस्कृति की धरोहर बनी रहती।

नदियाँ अकेले नहीं बहती। उनका एक बहुस्तरीय संजाल होता हैं। पृथ्वी की सतह पर भी, भूगर्भ में भी और उपर असमान के बादलों में भी। सतह की नदियाँ , भूगर्भ के जलस्रोतों से भी जुड़ी होती हैं, और आकाश के बादलों से भी। नदियों से पानी कंकड़–मिट्टी के बारीक छिद्रों से रिसता हुआ हर समय भूगर्भ के जलस्रोतों को भरता रहता है। जहाँ भूगर्भ का जल नदियों के पेट से बहुत नीचे चला जाता है, वहां पृथ्वी के सतह की नदियाँ सूख जाती हैं, क्योंकि उनकी भूगर्भ तक निरंतरता समाप्त हो जाती। सतह की नदियों से तेज धूप और गर्मी में तप कर पानी वाष्पित होता रहता है, और इस वाष्प की तहें–दर–तहें बादल बन कर आसमान के विभिन्न सतहों पर उमड़ते–घुमड़ते रहते, मानो आसमान में नदियों की एक और सतह बना रहें हों। वाष्प के टुकड़े जब नीचे आ जाते, और बादल भारी होने लगते तो, वाष्प का संघनन होने लगता, और वह पानी की बूंदें बन कर वर्षा की बौछारों के साथ फिर से जमीन पर आकर जल–जीवन को सींचने लगती। कितना अनोखा है, पानी का यह भूगर्भ से आसमान तक पसरा अंतहीन साम्राज्य। पृथ्वी पर जीवन की जैविकता पानी में ही पैदा हुई है। वह पानी से ही संचालित होती है, और फिर से मृत्यु के बाद भी दहबह कर पानी में ही समा जाती है।

पानी के इस बहुस्तरीय संजाल की तरह ही नदियों का अपना संजाल है। महानदी गंगा की ही बात करें, तो इसकी शुरुआत उतराखंड के उत्तरकाशी जिले में गोमुख में गंगोत्री ग्लेशियर के पिघलने से भागीरथी नदी के रूप में होती है। नीचे उतरते हुए देवप्रयाग में वह भागीरथी के रूप में अलकनंदा नदी से मिलती है, तो नीचे की ओर उतरती हुई इन दोनों नदियों के जल को साझे तौर पर गंगा नदी कहते हैं। अनेक अन्य नदियों से संगम



04 एलडेको एक्स्प्रेस प्लाज़ा। एलडेको उद्यान –2, शहीद पथ, लखनऊ–226025
ईमेलः dr.ranapratap59@gmail.com

करती हुई और अपनी सहायक नदियों से मिलती, बिछड़ती गंगा नदी, अंततः उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल के रास्ते बंगाल की खाड़ी स्थित गंगा सागर के तट पर जब समुद्र से मिलती है, तो माना जाता है कि उसने लगभग 2600 किलोमीटर का रास्ता तय किया है।

देव प्रयाग में भागीरथी से मिलने के पहले अलकनंदा नदी भी उपर के पहाड़ों में रुद्र प्रयाग के पास मन्दाकिनी नदी से मिलकर संगम बना लेती है, और फिर नीचे की ओर अलकनंदा नाम से ही देव प्रयाग में भागीरथी से मिलकर नीचे गंगा के रूप में ऋषिकेश, हरिद्वार की ओर आगे बढ़ जाती।

यूँ तो अनेक जगहों पर बड़ी नदियों में छोटी नदियाँ मिलती भी हैं, और उसमें से अलग धाराओं के रूप में बंट भी जाती, परन्तु कुछ ऐतिहासिक ,पौराणिक जगहों का संगम विशेष महत्व का माना जाता। जैसे प्रयागराज में गंगा जब दिल्ली की ओर से आ रही दूसरी बड़ी नदी यमुना से मिलती है, और यह विश्वास किया जाता, कि भूगर्भ में जमीन की सतह के नीचे से बहने वाली पश्चिमी–उत्तरी भारत से दक्षिण –पूरब की ओर बह रही अदृश्य पौराणिक नदी सरस्वती से भी गंगा भूगर्भ के रास्ते प्रयागराज में संगम करती है, तो इसे त्रिवेणी कहा जाता। प्रयागराज के इसी त्रिवेणी के तट पर कुम्भ, अर्ध–कुम्भ और महा–कुम्भ जैसे लोक मानस में अपार श्रद्धा के प्रतीक लम्बे काल तक के सामूहिक स्नान के अवसर बड़ी संख्या में लोगों का एक वैश्विक संगम कराते है। अपने आप में अनूठा हिन्दुओं की धार्मिक आस्था के इस अप्रतिम व्यवस्थित जुटान की बहु–चर्चित घटनाएँ एक विशाल भीड़, स्व–अनुशासन और समर्पित आस्था के लिए समूची दुनिया का ध्यान आकृष्ट करती है। अत्यंत प्राचीन और पौराणिक मानी जाने वाले विलुप्त नदी सरस्वती के भूगर्भीय रास्ते और उसके होने के वस्तुनिष्ठ प्रमाण के लिए भी अब कई भूगर्भ वैज्ञानिक अनुसन्धान कर रहें हैं। हम में से कईयों ने उनमें से कुछ का शोध प्रस्तुतीकरण स्वयं भी वैज्ञानिक गोष्ठियों में सुना और देखा होगा।

अपनी जमीन के यात्रा के अंतिम चरण में समुद्र में मिलने के पहले महानदी गंगा, बंगला देश की सीमा के पास फरक्का से दो धाराओं में बंट जाती है, जिसकी एक धारा हुगली नदी से मिलकर पश्चिम बंगाल के रास्ते भारत की सीमा में ही गंगा सागर नामक तीर्थ स्थान पर समुद्र में समां जाती। और दूसरी, जिसे मुख्य धारा माना जाता है, भारत से बंगला देश में प्रवेश करने के बाद पवित्र पद्मा नदी के रूप में बांग्लादेश की भौगोलिक सीमा में लगभग 356 किलोमीटर की अतिरिक्त यात्रा कर, पहले ब्रह्मपुत्र और अंत में मेघना नदी के साथ मिलकर बंगाल की खाड़ी में समुद्र में शामिल हो जाती है।

अलग–अलग नदियों की अपनी अलग–अलग जैविकता और पारिस्थितीय हो सकती है। जिन चट्टानों और भूभागों से नदियाँ गुजरती हैं, वहां के चट्टानों और मिट्टी से अनेक प्रकार के तत्व और पदार्थ नदी के जल में घुल उनके प्रकार, उनकी गुणवत्ता और उनकी मात्रा के अनुसार पानी की गुणवत्ता निर्धारित करते हैं। इसी तरह पानी के प्रकार, मौसम, जलवायु और अनेक अन्य कारणों से नदियों का अपना विशिष्ट जैविक संसार निर्मित होता है। पानी का और मौसम की शुद्धता, तापक्रम और गुणवत्ता बदलने के साथ–साथ पानी के जीव भी बदलते रहते हैं। इस तरह देखें तो गंगा नदी के पानी की अपनी अलग गुणवत्ता और अलग पारिस्थितिकी का होना स्वाभाविक है। पौराणिक रूप से भी यह माना जाता है, और नए शोध भी उल्लेखित करते हैं, कि गंगा के पानी में पाए जाने वाले कुछ नुकसानदेह सूक्ष्मजीवी बैक्टीरिया को नष्ट करने के लिए उसमें कुछ विशेष तरह के बैक्टीरिया मारने वाले वायरस होते हैं, जिन्हें बेक्टेरियोफाज (Bacterio-phage) कहा जाता है, और वे गंगा के पानी में इसलिए होते हैं, क्योंकि उसमें विशिष्ट तरह के खनिज तत्व रास्ते के पहाड़ों और पत्थरों से घुल कर मिले होते हैं। शायद इसीलिए गंगा का पानी लोग घर ले जाते हैं, और ऐसा मानते हैं, कि बहुत दिनों रखे जाने के बावजूद वह पानी सड़ता नहीं है। हिन्दुओं की धार्मिक आस्था है, कि मरते समय किसी व्यक्ति के मुहँ में गंगा जल की बूँदें डालने से उसे मोक्ष मिलता है। सम्भवतः इसके विशिष्ट जैविकता में कुछ विशिष्ट तरह के अधिक प्रकाश संश्लेषण करने वाले वनस्पतियों के होने से गंगा के जल में ऑक्सीजन की मात्रा भी अधिक होती है।

भारत तथा उसके बाद बांग्लादेश में अपनी लंबी यात्रा करते हुए महानदी गंगा अपने सहायक नदियों के साथ लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदानी सभ्यता को पोषित करती है, जो सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण क्षेत्र

है। गंगा का यह मैदान अपनी बहुस्तरीय उपयोगिता के कारण घनी जनसंख्या वाला क्षेत्र बन गया है। अनुमानतः 100 फिट (31 मीटर) की अधिकतम गहराई वाली गंगा महानदी भारत की सबसे पवित्र नदी मानी जाती है, तथा हिन्दू धर्म को अपनाने वाले भारत के बहुसंख्यक समाज में इसकी उपासना माँ तथा देवी के रूप में की जाती है। भारतीय पुराण और अनेक भाषाओं के दर्शन और साहित्य में अपने सौंदर्य और विशेष महत्व के कारण निरंतर आदर के साथ वंदित गंगा नदी के प्रति विदेशी साहित्य में भी प्रशंसा और भावुकता पूर्ण भाव वर्णित किए गए हैं।

माता कही जाने वाली गंगा में मछलियों, शैवालों, अनेक जल–जन्तुओं तथा जल–सर्पों की अनेक प्रजातियाँ तो रहती ही हैं, इसमें मीठे पानी में रहने वाली दुर्लभ डॉलफिन की प्रजाति भी अच्छी संख्या में उपलब्ध होती हैं। खेती, बागवानी, उद्योग–धन्धो और जलीय खेलों के लिए भी अच्छी गुणवत्ता वाले अधिक मात्रा में उपलब्ध पानी की जरूरत होती है। महानदी गंगा, गंगा के मैदान जैसे विशाल भूभाग को कृषि, बागवानी, मत्स्यपालन, पर्यटन, साहसिक खेलों की श्रृंखला तथा उद्योगों के विकास से अपने तटीय क्षेत्रों के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। वह अपने तट पर बसे शहरों की जलापूर्ति भी करती है, और इनका कचरा भी बहाती है। गंगा तट पर विकसित धार्मिक स्थल और तीर्थ भारतीय सामाजिक–सांस्कृतिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण कारक हैं।

गंगा की धारा के कुछ ढलानों के साथ ऊपर बाँध बना कर कई परियोजनाएँ चल रहीं हैं, जिससे देश की बिजली, पानी और कृषि से सम्बन्धित जरूरतें पूरी की जाती हैं, परन्तु ये मानव निर्मित बांध नदी के पानी के स्वाभाविक बहाव को भी बाधित करते हैं, और पर्यावरणीय व्यवस्थाओं में माना जाता है, कि इन्हें बनाने से भविष्य में कई तरह की समस्याएं भी संभावित है, इसलिए जब तक अत्यंत आवश्यक न हो नदियों पर कृत्रिम बांधो से परहेज करना चाहिए। इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु के होने से जिससे हानिकारक बैक्टीरिया मर जाते हैं, गंगा की स्वयं के जल के शुद्धीकरण की क्षमता अन्य नदियों से अधिक मानी जाती। तब भी हमें यह समझना चाहिए, कि प्रकृति की और प्रकृति के हिस्से के तौर पर नदियों की भी पारिस्थितिक वितरण शीलता (Ecological dispensability) की एक निहित सीमा होती है, और महानदी गंगा में भी बाहर से लगातार विभिन्न प्रकार के प्रदूषक और मानवीय कचरा डाला जता रहेगा तो, इसके शुद्धिकरण की क्षमता तो प्रभावित होगी ही।

वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा गंगा के संरक्षण और बेहतर रखरखाव के लिए नमामी गंगे नाम की एक बड़ी परियोजना चलाई जा रही है। पूर्व में भी नवम्बर,2008 में भारत सरकार द्वारा इसे भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित कर प्रयाग (प्रयागराज) और हल्दिया के बीच (1620 किलोमीटर) गंगा नदी जलमार्ग को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया था। पहले भी गंगा मिशन के नाम से नदी के बहाव की बाधाओं, पानी की मात्रा बढ़ाने, बाढ़ और सूखे को नियंत्रित करने और सिल्ट आदि निकलने से जुड़ी राष्ट्रीय और राज्य स्तर की परियोजनायें चलती रही हैं, तब भी ये सभी समस्याएं जस की तस उसी तरह से मुंह बाए क्यों खड़ी हैं, इस पर कोई बड़ा राष्ट्रीय विचार–विमर्श जनता के बीच नहीं है। इन योजनाओं के जमीनी परिणामों से परिलक्षित होता है, कि जनता की सीधी निगरानी और सीधी भागीदारी के बिना सरकारें जितनी योजनायें बना लें , जितना पैसा बहा दे, नदियाँ अपने प्राकृतिक स्वरूप में नहीं आयेंगी। इसके कारण विविध और बहु आयामी हैं। इन्हें कुछ पंक्तियों में समेटने के प्रयास से बात ठीक से खुल नहीं पायेगी। इसको समझने के लिए इन योजनाओं –परियोजनाओं की समीक्षा पूरी वैज्ञानिक विवेचना और विश्लेषण के आधार पर समय–समय पर वैज्ञानिक विधियों द्वारा जुटाए गए आकड़ों के आधार पर अलग से करना ही उचित रहेगा।

गंगोत्री पर गंगा के उद्गम स्थल की ऊँचाई 3140 मीटर मानी जाती है। यहाँ गोमुख के निकट गंगा को समर्पित एक मंदिर है। गंगोत्री तीर्थ, शहर से 19 कि॰मी॰ उत्तर की ओर 3,892 मीटर अर्थात (12,770 फीट) की ऊँचाई पर इस हिम नद का मुख है। ऐसा आकलन है, कि यह हिम नद लगभग 25 कि॰मी॰ लंबा व 4 कि॰मी॰ चौड़ा और 40 मीटर ऊँचा है।

इस ग्लेशियर से भागीरथी के रूप में गंगा एक छोटे से गुफानुमा मुख से पानी की धारा के रूप में निकलना शुरू होती है, जो मूलतः ग्लेशियर के बर्फ के पिघलने से निर्मित हुई रहती है। यह अत्यंत शुद्ध और ठंढा पानी वास्तव में अमृत समान ही होता है। सम्भवतः यह सीधे ग्लेशियर से न आकर 5,000 मीटर ऊँचाई पर स्थित एक विशाल घाटी नुमा झील में इकट्ठा हुए ग्लेशियर के पानी से उस गुफा के रास्ते आता रहता है। गौ मुख के रास्ते में 3,600 मीटर ऊँचे चिरबासा गाँव से इस विशाल गौ मुख हिम नद के दर्शन हो जाते हैं। इस हिम नद में नन्दा देवी, कामत पर्वत एवं त्रिशूल पर्वत का हिम पिघल कर आता है।

यद्यपि गंगा के आकार लेने में अनेक छोटी धाराओं का योगदान है, लेकिन 6 बड़ी और उनकी सहायक 5 छोटी धाराओं का भौगोलिक और सांस्कृतिक महत्व अधिक माना जाता है। अलकनंदा (विष्णु गंगा) की सहायक नदी, धौली, विष्णु गंगा तथा मन्दाकिनी है। धौली गंगा का अलकनंदा से विष्णु प्रयाग में संगम होता है। यह 1372 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

नन्द प्रयाग में अलकनंदा का नन्दाकिनी नदी से संगम होता है, और बाद कर्ण प्रयाग में कर्ण गंगा या पिंडर नदी से। फिर ऋषिकेश से 139 कि॰मी॰ उपर रुद्र प्रयाग में अलकनंदा मन्दाकिनी से मिलती है। इसके बाद भागीरथी व अलकनंदा देव प्रयाग में मिलती हैं, जहाँ से उनकी सम्मिलित जल–धारा गंगा नदी के नाम से आगे

प्रवाहित होती है। इन पाँच प्रयागों को सम्मिलित रूप से पंच प्रयाग कहा जाता है। इस तरह लगभग 200 कि॰मी॰ का सँकरा पहाड़ी रास्ता तय करके गंगा नदी ऋषिकेश होते हुए मैदानी इलाके का स्पर्श पहली बार हरिद्वार में करती हैं, और यहीं से शुरू होता है, इसमें प्रदूषकों की भारी खेप का डाला जाना, जो क्रमशः , शहर–दर–शहर और नदी की आगे बढ़ती हुई मैदानी यात्रा में निरंतर बढ़ता जाता है, क्योंकि मैदानों में मानवीय आबादी तथा मानवीय गतिविधियाँ जितनी अधिक रहती गंगा के जल का दोहन और उसमें डाले जाने वाले कचरे की मात्रा उतनी ही अधिक होती जाती।

हरिद्वार से लगभग 800 कि॰मी॰ की समतल इलाकों की मैदानी यात्रा करते हुए बिजनौर में उतराखंड से उत्तर प्रदेश में आ जाती। बिजनौर से गढ़मुक्तेश्वर, सोरों, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बिठूर और कानपुर होते हुए गंगा नदी हिन्दुओं के बड़े तीर्थों मे से एक प्रयाग (प्रयागराज) पहुँचती है। यहाँ इसका संगम यमुना नदी से होता है। इसके बाद मिर्जापुर होते हुए गंगा विश्व की ऐतिहासिक और प्राचीन नगरी काशी (वाराणसी) में आती है, और वहां से आगे की यात्रा के लिए एक घुमाव ले लेती है। वाराणसी से उत्तर वाहिनी होकर गंगा नदी वाराणसी, चंदौली और ग़ाज़ीपुर के छोर पर कैथी मे गोमती नदी और गंगा का संगम होता हैं, इस पवित्र संगम को मार्कन्डेय धाम भी कहा जाता है। इसके बाद गंगा चंदौली और गाजीपुर होते हुए बिहार राज्य में प्रवेश कर जाती तथा पटना, भागलपुर होते हुए झारखण्ड के साहिबगंज से गुजरती है। इस बीच इसमें बहुत–सी सहायक नदियाँ, जैसे सोन, गण्डक, सरयू, कोसी आदि मिल जाती हैं। भागलपुर में राजमहल की पहाड़ियों से यह नदी उतर से दक्षिण की ओर मुड़ कर दक्षिणवर्ती हो जाती है। यह नदी पश्चिम बंगाल के गिरिया स्थान के पास गंगा नदी दो शाखाओं में विभाजित हो जाती हैं–भागीरथी और पद्मा। भागीरथी नदी गिरिया से दक्षिण की ओर बहने लगती है, जबकि पद्मा नदी दक्षिण–पूर्व की ओर बहती फरक्का बैराज से बांग्ला देश में प्रवेश करती है। यहाँ से गंगा का डेल्टा वाला हिस्सा शुरू हो जाता। मुर्शिदाबाद शहर से हुगली शहर तक गंगा का नाम भागीरथी नदी तथा हुगली शहर से मुहाने तक गंगा का नाम हुगली नदी है। पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रवेश करके मुर्शिदाबाद, नदिया, पूर्व वर्धमान, हुगली, उत्तरी चौबीस परगना, हावड़ा, कोलकात्ता और दक्षिण चौबीस परगना होती हुई आगे चली जाती है।

गंगा की इस घाटी में एक ऐसी सभ्यता का उद्भव और विकास हुआ, जिसका प्राचीन इतिहास लम्बे समय से अत्यन्त गौरवमयी व वैभवशाली रहा है। इस क्षेत्र में ज्ञान, धर्म, अध्यात्म व संस्कृति की अनेकों महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें मानव सभ्यता ने नई उचाईयां हासिल की और इस क्षेत्र को वैश्विक पहचान मिली। पाषाण युग का जन्म और विकास यहाँ होने के अनेक साक्ष्य इस क्षेत्र में भी मिले हैं। इसी क्षेत्र में रामायण और महाभारत कालीन युग का उद्भव और विलय हुआ। प्राचीन मगध महा जनपद का उद्भव गंगा घाटी में ही हुआ, जहाँ से लोकतंत्र की अवधारणा लिए प्राचीन गणराज्यों की परंपरा विश्व में पहली बार प्रारंभ हुई। यहीं भारत का वह स्वर्ण युग विकसित हुआ जब मौर्य और गुप्त वंशीय राजाओं ने यहाँ विकास , युद्ध और शांति के सन्देश ग्रहण किये।

हुगली नदी कोलकाता, हावड़ा होते हुए सुंदर वन के भारतीय हिस्से में समुद्र से समा जाती है। पद्मा में ब्रह्मपुत्र से निकली छोटी नदी जमुना और मेघना मिल कर अंततः 350 कि॰मी॰ चौड़े सुंदर वन के डेल्टा में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह डेल्टा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों द्वारा लायी गयी मिट्टी और गाद से वर्षों के दौरान निर्मित निचली सतह का लगभग समतल मैदान है। विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा (सुन्दर वन) अनेकों प्रसिद्ध वनस्पतियों और दुर्लभ बंगाल टाईगर का निवास स्थान भी है।

सुन्दर वन का यह विशिष्ट डेल्टा धीरे–धीरे अब सागर की ओर बढ़ रहा है। कुछ समय पहले कोलकाता महानगर भी सागर तट पर ही स्थित था, और सागर का विस्तार राजमहल तथा सिल हट तक था, परंतु अब यह तट से 15–20 मील (24–32 किलोमीटर) दूर के भूभाग पर आ गया। जब डेल्टा का सागर की ओर निरंतर विस्तार होता है, तो उसे प्रगतिशील डेल्टा कहते हैं। सुंदर वन डेल्टा में भूमि का ढाल अत्यंत कम होने के कारण यहाँ गंगा अत्यंत धीमी गति से बहती है और अपने साथ लायी गयी मिट्टी को मुहाने पर जमा कर देती है, जिससे डेल्टा का आकार बढ़ता जाता है और नदी की कई धाराएँ तथा उपधाराएँ बन जाती हैं। इस प्रकार बनी हुई गंगा की प्रमुख शाखा नदियाँ जालंगी नदी, इच्छामती नदी, भैरव नदी, विद्याधरी नदी और कालिन्दी नदी हैं। नदियों के वक्र गति से बहने के कारण दक्षिणी भाग में कई धनुषाकार झीलें बन गई हैं। यहाँ का ढाल उत्तर से दक्षिण है, अतः अधिकांश नदियाँ उत्तर से दक्षिण की ओर बहती हैं। ज्वार के समय इन नदियों में ज्वार का पानी भर जाने के कारण इन्हें ज्वारीय नदियाँ भी कहते हैं। डेल्टा के सुदूर दक्षिणी भाग में समुद्र का खारा पानी पहुँचने का कारण

यह भाग नीचा, नमकीन एवं दलदली है, तथा यहाँ आसानी से पनपने वाले मैंग्रोव जाति के वनों से भरा पड़ा है। यह डेल्टा चावल की कृषि के लिए अधिक विख्यात है। यहाँ विश्व में सबसे अधिक कच्चे जूट का उत्पादन होता है। कटका अभयारण्य सुन्दर वन के उन इलाकों में से है, जहाँ का रास्ता छोटी–छोटी नहरों से होकर गुजरता है। यहाँ बड़ी तादाद में सुन्दरी पेड़ मिलते हैं, जिसके कारण इन वनों का नाम सुन्दरवन पड़ा है। इसके अलावा यहाँ पर देवा, केवड़ा, तर्मजा, आमलोपी और गोरान वृक्षों की ऐसी प्रजातियाँ हैं, जो सुन्दरवन में पायी जाती हैं। यहाँ के वनों की एक खास बात यह है कि यहाँ वही पेड़ पनपते या बच सकते हैं, जो मीठे और खारे पानी के मिश्रण में रह सकते हों।

सन्दर्भ

1. "The Ganges" Much More Than Just A River" (द गंगा: एक नदी से कहीं अधिक). वॉयस ऑफ़ अमेरिका (अंग्रेज़ी भाषा में). अभिगमन तिथि: 2023–02–28.
2. बैक्टीरियोफेज का स्व–शुद्धिकरण प्रभाव, ऑक्सीजन रिटेन्शन रहस्य: मिस्ट्री फ़ैक्टर गिव्स गैन्जेस ए क्लीन रेप्युटेशन जूलियन क्रैन्डा–2 हॉल्लिक. नेशनल पब्लिक रेडियो।
3. "खतरे में गंगा का अस्तित्व" (एएसपीएक्स). पत्रिका. अभिगमन तिथि: 22 जून 2009.
4. "गंगा को प्रदूषण से बचाएंगे ७१ घड़ियाल". नवभारत टाइम्स. अभिगमन तिथि: 22 जून 2009.
5. "अब गंगा प्रदूषण मामला राज्य सरकार जिम्मेवार". लोकमंच. अभिगमन तिथि: 22 जून 2008. (मृत कड़ियाँ)
6. "सुंदरवन के मुहाने पर" (एचटीएम). बीबीसी. अभिगमन तिथि: 22 जून 2009.
7. "भारत की प्रमुख नदियाँ". भारत भ्रमण. मूल से से 29 सितंबर 2023 को पुरालेखित। अभिगमन तिथि: 21 जून 2009.
8. "उत्तराखंड की प्रमुख नदियाँ". इंडिया वाटर पोर्टल. अभिगमन तिथि: 21 जून 2009.
9. "पर्यावरण". गंगोत्री. मूल से (एएसपी) से 19 जून 2009 को पुरालेखित। अभिगमन तिथि: 22 जून 2009.

हिन्दी कविता

नदियां

राणा प्रताप सिंह

नदियाँ अकेले नहीं बहतीं
एक नदी दूसरे में बहती है
दूसरी तीसरे में
और ऐसे कई नदियाँ बहती रहती हैं
एक दूसरे से मिलती और बिछुड़ती हुई।

कई नदियाँ पृथ्वी के भीतर बहती है
भूगर्भ में रास्ता बनाती हुई
और कई बहती रहती आसमान में
पृथ्वी से ऊपर उड़कर वाष्प की धारा के साथ।

आकाश के आर–पार नदियाँ
बादलों में रखती हैं पानी सहेज कर।

भूगर्भ की नदियों को जल आप्लावित करती हैं
पृथ्वी की सतह की नदियाँ
और इनका पानी ले उड़ती
आकाश की नदियाँ।

सतह की नदियाँ
पाताल की नदियों में समा जाती
मिट्टी की तहों से रिसते और छनते हुए।
आसमान में उड़ती हुई
चिड़िया के पंखों को भिगाती
ज़मीन की नदियाँ चुप–चाप मिल जाती
आकाश की नदियों में वाष्प की तहें बन जाती है।

जब लोग गंदा कर देते सतह की नदियों को
और घट जाता उनका पानी
तो शिव की जटाओं जैसे पहाड़ों से उतर कर
भर देते पानी आसमान और पहाड़ों के हिमनद।

जब ज़मीन की नदियाँ सूख जायेगीं
भूगर्भ की नदियाँ नाराज होकर चली जाएँगी
पाताल लोक में

आकाश की नदियाँ उड़ जायेंगी
और ऊपर गुस्से से लाल
तब तुम्हें याद आयेंगी नदियाँ
जो जीवन देती थीं
नदियों को याद कर खो देंगे लोग अपना जीवन
तब भी नहीं आयेगी नदियाँ
देख लेना।

9 फरवरी, 2026

04 एलडेको एक्स्प्रेस प्लाज़ा। एलडेको उद्यान–2, शहीद पथ, लखनऊ–226025
ईमेल: dr.ranapratap59@gmail.com

(जलपुरुष डॉ. राजेन्दर सिंह के चर्चा के आधार पर)

www.kahaar.in

कुंभ स्नान का गंगा जल गुणवत्ता पर प्रभाव

रुचि अग्निहोत्री[1], संजय द्विवेदी[1], सेजल शुक्ला[2], असीम त्रिवेदी[1], सीमा मिश्रा[2]

सार

कुंभ स्नान एवं कल्पवास भारतीय धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा के अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं, पौराणिक मान्यता के अनुसार अमृत की बूंदें पृथ्वी पर चार सीनों– प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिककृपर गिरीं, जहाँ वर्तमान में कुंभ मेले का आयोजन होता है। इन पवित्र स्थलों पर नदियों में स्नान करने से मनुष्य के पापों का नाश होता है तथा मोक्ष की प्राप्ति संभव मानी जाती है। कुंभ स्नान केवल शारीरिक शुद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक एवं आध्यात्मिक शुद्धिकरण का भी प्रमुख माध्यम है। कुंभ केवल धार्मिक आयोजन न होकर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक साधना का विराट मंच है। हालाँकि, इतने विशाल जनसमूह के एकत्र होने से पर्यावरण, विशेषकर नदी जल की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि सामूहिक स्नान (mass bathing) के दौरान गंगा जल के भौतिक एवं रासायनिक गुणों में उल्लेखनीय परिवर्तन होता है। स्नान के समय जल की मटमैलेपन (turbidity) और कुल निलंबित ठोस (TSS) की मात्रा में तीव्र वृद्धि देखी जाती है, जिसका मुख्य कारण मानव गतिविधियाँ, साबुन, तेल, कपड़े धोना तथा नदी तट की मिट्टी का क्षरण है। इसी प्रकार, घुलित ऑक्सीजन (DO) में कमी तथा जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (BOD) और रासायनिक ऑक्सीजन मांग (COD) में वृद्धि पाई जाती है, जो जैविक प्रदूषण के बढ़ने का संकेत देती है। पोषक तत्वों जैसे नाइट्रेट, फॉस्फेट और सल्फेट की सांद्रता में भी वृद्धि होती है, जिससे यूट्रोफिकेशन की संभावना बढ़ती है। कुछ अध्ययनों में भारी धातुओं और सूक्ष्म तत्वों की मात्रा में भी परिवर्तन दर्ज किया गया है, जो दीर्घकालिक पारिस्थितिक प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्लास्टिक एवं ठोस अपशिष्ट का अनुचित निपटान जल प्रदूषण को और गंभीर बनाता है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए 'हरित कुंभ' जैसे प्रयास किए गए हैं, जिनमें प्लास्टिक प्रतिबंध, स्वच्छता अभियान और कार्यक्रम जन जागरूकतौ शामिल ह । अतः यह आवश्यक है कि कुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों में आस्था और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। सतत प्रबंधन, वैज्ञानिक निगरानी और जनभागीदारी के माध्यम से ही इस महान परंपरा को पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित एवं स्थायी बनाया जा सकता है।

कुम्भ शब्द का आशय

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके प्रत्येक अंग या उपांग को एक व्याकरण–सिद्ध, शास्त्र–सम्मत सार्थक नाम दे दिया गया है। 'कुम्भ' शब्द का सामान्य (मूल) अर्थ है घट, कलश या घड़ा। विशिष्ट अर्थों में भी 'कुम्भ' का अर्थ घट ही है, किन्तु सामान्य घट नहीं। रहस्यवादी साहित्य में कुम्भ (घट) मानव शरीर के प्रतीक के अर्थ में प्रयुक्त हुआ– 'घट–घट वासी राम, कुम्भे– कुम्भे कृष्णः क्रीडति। जबकि कुम्भ का भिन्न अर्थ हैं– वैदिक साहित्य में वर्णित समुद्र–मंथन से निकला अमृत कलश और चौथा अर्थ है ज्योतिष विज्ञान में वर्णित कुम्भ राशि। कुम्भ पर्व इन्हीं दो कुम्भों (अमृत–कुम्भ और कुम्भ राशि) पर आधारित है। जब सूर्य मेष राशि पर तथा बृहस्पति कुम्भ राशि पर हो तो गंगाद्वार (हरिद्वार) में कुम्भ का सर्वोत्तम योग होता है। इन चारों कुम्भों में नासिक और हरिद्वार के कुम्भ के ग्रह नक्षत्रों में अमावस्या का उल्लेख नहीं है। उज्जैन तथा प्रयाग में अमावस्या के साथ सूर्य, चंद्रमा के एक राशि पर स्थित होने का स्पष्ट उल्लेख है। अतः नासिक और हरिद्वार का कुम्भ पर्व पूर्णिमा तिथि में होना चाहिए। लेकिन उज्जैन का कुम्भ पर्व वैशाख पूर्णिमा को ही होता है।

पारम्परिक रूप से शाही स्नान के तीन दिन मकर सक्रान्ति, मौनी अमावस्या तथा वसन्त पंचमी निश्चित होते हैं। 2013 के मेले में ये पुण्य तिथियाँ 14 जनवरी, 10 फरवरी तथा 15 फरवरी को थीं। यद्यपि कुछ अन्य दिनों पर भी स्नान का आयोजन होता है, परन्तु उपरोक्त तीन दिनों पर शाही स्नान का सम्पन्न होना विशेष महत्व रखता है। अखाड़ों के मठाधीश कुम्भ मेले के वास्तविक संचालक होते हैं। फूलों से सजे–धजे हाथी, ट्रैक्टर और खुले ट्रकों पर उनकी सवारी निकलती है और उनका शाही दल साथ चलता है।

[1]राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ–226001
[2]रसायन विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
ईमेलः drs_dwivedi@yahoo.co.in

तलिका : 1 : विभिन्न नदियों पर आयोजित कुम्भ का स्थान, ऋतु एवं राशि स्थिति का विवरण

स्थान	नदी	राशि की स्थिति	ऋतु/माह	प्रथम स्नान तिथि	द्वितीय स्नान तिथि	तृतीय स्नान तिथि
हरिद्वार	गंगा	जब कुंभ राशि में बृहस्पति एवं मेष राशि में सूर्य हो	बसन्त/चैत्र	षिवरात्रि	चैत्र अमावस्या	मकरसंक्रान्ति
प्रयागराज	गंगा, यमुना और सरस्वती	मेष राशि में बृहस्पति, मकर राशि में सूर्य और चंद्रमा	षीतऋतु/माघ	मकरसंक्रान्ति	माघ अमावस्या	बसन्त पंचमी
नासिक	गोदावरी	सिंह राशि में बृहस्पति	ग्रीष्म/भाद्रपद	सिंह संक्रांति	भाद्रपद अमावस्या	देवोत्थानी एकादशी
उज्जैन	क्षिप्रा	सिंह राशि में बृहस्पति और मेष राशि में सूर्य	बसन्त/वैषाख	चैत्र पूर्णिमा	चैत्र अमावस्या	वैषाख पूर्णिमा

चित्र 1 : गंगा नदी तट पर संतों और श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठान एवं सामूहिक स्नान का दृश्य।

कुम्भ एवं पर्यावरण

एक ओर मेले में प्राचीन भारतीय शहर के भीड़–भाड़ वाले इलाके की भांति अखाड़ों का क्षेत्र भी अत्यंत घना होता है, तो दूसरी ओर कुम्भ परिक्षेत्र में बनी अस्थायी सड़कों के किनारों पर गुरूओं, आचार्यों और उनके शिष्यों के लिए शिविर बने होते हैं। विगत वर्षों में कुम्भ स्नान के समय यह देखा गया कि कुछ लोग घर से प्लास्टिक की थैलियों में कपड़े, राशन एवं कल्पवास के समय उपयोग होने वाली वस्तुएं लाते हैं और उनका उपयोग होने के पश्चात प्लास्टिक थैलियों को कुम्भ मेला परिसर में जहां तहां फेक देते हैं। तथा कुम्भ परिसर में प्रयुक्त होने वाली वस्तुएं को दुकानों से पोलीथीन में दिया जाता था। जिससे कुम्भ परिसर में हजारों किलो की मात्रा में प्रतिदिन उपयोग होने वाली पोलीथीन का कचरा निकलता था और स्थानीय पर्यावरण को प्रदूषित करता था। वस्तुस्थिति की गम्भीरता को देखते हुए सरकार ने 2013 के कुम्भ मेले को 'हरित कुम्भ' का नाम दिया और यहाँ प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग पर रोक लगा दी गयी। इस बारे में जागरुकता के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, धर्मगुरुओं से अपील भी की गयी। ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम के विश्वख्यातिप्राप्त गुरु चिदानन्द जी ने पर्यावरण को साफ–सुथरा रखने के लिए कई कार्यक्रमों की आयोजन किया। सरकारी योजना में 'गंगा एक्शन प्लान' के अर्न्तगत एक नया नाम दिया गया जिसे ''गंगा एक्शन परिवार'' कहा गया। उनके अनुसार जिस तरह हम अपनी माता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए परिवार की भाँति एकजुट होकर काम करते हैं, ठीक उसी तरह हम

चित्र 4 : कुंभ मेले में नागा साधुओं का समूह पारंपरिक वेशभूषा में।

तलिका 2 : सामूहिक स्नान से गंगा जल के भौतिक एवं रसायनिक गुणवत्ता पर प्रभाव (श्रीवास्तव 1996 एवं अन्य)

जल के भौतिक एवं रसायनिक मापदंड	स्नान के पहले जल की गुणवत्ता	स्नान के समय जल की गुणवत्ता	स्नान के बाद जल की गुणवत्ता
पी.एच.मान	8.65	7.92	8.49
विद्युत चालकता (मिलीम्हो/सेमी.)	0.37	0.38	0.38
धुंधलापन (एन. टी. यू.)	16.2	62.3	19.8
कुल निलंबित ठोस	102.42	323.16	113.82
घुलित आक्सीजन	8.8	7.8	8.7
जैव रसायनिक आक्सीजन माग	5.8	6.9	5.9
रसायनिक आक्सीजन माग	153.64	204.87	168.64
सम्पूर्ण लवणता (कैल्सियम कार्बोनेट)	166.0	199.38	168.41
क्लोराइड	23.8	38..8	27.9
नाइट्रेट	0.26	0.33	0.23
फ्लोराइड	0.69	0.89	0.69
फास्फेट	0.62	1.44	0.43
सल्फेट	24.09	41.02	29.71

भारतीयों को माँ गंगा की स्वच्छता के लिए भी काम करना होगा। इस दौरान चिदानन्द जी ने सीवेज और कारखानों के कचरों से गंगा को होने वाले नुकसान पर चर्चा करने के लिए एक दो दिवसीय बैठक का आयोजन भी किया। जो हरित कुम्भ के लिए प्रयास किये गये वह प्रयाग मेले में साफ दिखते थे।

उपरोक्त सभी तालिकाओं के समेकित विश्लेषण से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि कुंभ स्नान के दौरान गंगा जल की भौतिक, रासायनिक तथा धात्विक गुणवत्ता में महत्वपूर्ण एवं बहुआयामी परिवर्तन होते हैं। सामान्यतः स्नान के समय च्भ में हल्का उतार–चढ़ाव देखा जाता है, जो जल की क्षारीयता/अम्लीयता में अस्थायी परिवर्तन को दर्शाता है। इसके साथ ही धुंधलापन (turbidity) तथा कुल निलंबित ठोस (TSS) में तीव्र वृद्धि दर्ज की जाती है, जो बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के एक साथ स्नान करने, तलछट के हिलने तथा बाह्य पदार्थों के जल में प्रवेश का प्रत्यक्ष संकेत है। भौतिक–रासायनिक मानकों में परिवर्तन के साथ–साथ घुलित ऑक्सीजन (DO) में कमी तथा जैव–रासायनिक ऑक्सीजन मांग (BOD) एवं रासायनिक ऑक्सीजन मांग (COD) में वृद्धि लगातार देखी गई। यह स्थिति जल में कार्बनिक पदार्थों के बढ़ने तथा सूक्ष्मजीवों की सक्रियता में वृद्धि को दर्शाती है, जो जलीय पारिस्थितिकी के लिए प्रतिकूल हो सकती है। साथ ही, नाइट्रेट, फॉस्फेट एवं सल्फेट जैसे पोषक तत्वों में वृद्धि यूट्रोफिकेशन की संभावना को भी बढ़ाती है, जिससे जल की गुणवत्ता और अधिक प्रभावित हो सकती है। कुंभ मेला 2013 के दौरान प्राप्त आंकड़े यह दर्शाते हैं कि स्नान के समय जल की गुणवत्ता में सबसे अधिक गिरावट देखी गई, विशेषकर DO में तीव्र कमी तथा BOD और ब्व में उल्लेखनीय वृद्धि। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्म (trace) एवं विषाक्त तत्वों के विश्लेषण से यह भी ज्ञात हुआ कि धात्विक तत्वों की सांद्रता में महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं। लोहा (Fe) की मात्रा में कमी, जबकि जिंक (Zn), तांबा (Cu) एवं सेलेनियम (Se) में वृद्धि, बाह्य प्रदूषण स्रोतों की ओर संकेत करती है। वहीं आर्सेनिक (As), कैडमियम (Cd), क्रोमियम (Cr) एवं सीसा (Pb) जैसे विषैले तत्वों में स्नान के दौरान कमी और बाद में पुनः वृद्धि इस तथ्य को इंगित करती है कि तलछट में उपस्थित धातुएँ पुनः जल में घुलकर उनकी सांद्रता को प्रभावित करती हैं। इसी प्रकार, दिव्य कुंभ 2019 के आंकड़े भी समान प्रवृत्ति को दर्शाते हैं, यद्यपि कुछ मानकों में अपेक्षाकृत नियंत्रित परिवर्तन देखने को मिले।

तालिका 3 : हरित कुम्भ 2013 के समय प्रयाग में सामूहिक स्नान से गंगा जल के भौतिक एवं रसायनिक गुणवत्ता पर प्रभाव (द्विवेदी एवं अन्य 2020)

जल के भौतिक एवं रसायनिक मापदंड	स्नान के पहले जल की गुणवत्ता	स्नान के समय जल की गुणवत्ता	स्नान के बाद जल की गुणवत्ता
पी.एच.मान	7.87	8.30	8.15
विद्युत चालकता (मिलीम्हो/सेमी.)	664	424	540
धुंधलापन (एन. टी. यू.)	273	690	302
कुल निलंबित ठोस	306	983	302
घुलित आक्सीजन	4.2	2.4	2.9
जैव रसायनिक आक्सीजन माग	2.1	8.54	7.9
रसायनिक आक्सीजन माग	6.14	50.6	41.4
क्लोराइड	0.08	0.14	0.09
नाइट्रेट	0.80	3.63	1.64
फ्लोराइड	0.55	0.54	0.93
फास्फेट	0.84	2.25	0.67
सल्फेट	33	40.66	39

तालिका : 4 : हरित कुम्भ 2013 के समय प्रयाग में सामूहिक स्नान से गंगा जल के सूक्ष्म एवं विषकक्त तत्वों पर प्रभाव (द्विवेदी एवं अन्य 2026)

जल के सूक्ष्म एवं विषकक्त तत्वों का मापन	स्नान के पहले जल की गुणवत्ता	स्नान के समय जल की गुणवत्ता	स्नान के बाद जल की गुणवत्ता
सूक्ष्म तत्व			
लोहा	1600.00	1142.91	652.36
जिंक	185.06	200.43	255.00
तांबा	148.90	102.52	178.00
कोबाल्ट	18.70	9.75	17.70
मैंगनीज	34.68	26.63	26.38
सेलेनियम	2.38	12.48	24.00
विषाक्त तत्व			
आर्सेनिक	192.00	90.68	141.20
कैडमियम	19.90	12.83	22.80
क्रोमियम	60.99	39.87	47.68
सीसा	35.40	11.29	27.46

स्नान के दौरान विद्युत चालकता, धुंधलापन एवं TSS में वृद्धि तथा DO में हल्की कमी दर्ज की गई। BOD एवं COD में वृद्धि यह दर्शाती है कि जल में प्रदूषण का स्तर बढ़ा। रासायनिक आयनों जैसे क्लोराइड, नाइट्रेट, फॉस्फेट एवं सल्फेट में भी उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ, जो मानव गतिविधियों एवं अपशिष्ट के प्रभाव को दर्शाता है।

सूक्ष्म एवं विषाक्त तत्वों के संदर्भ में 2019 के परिणामों से ज्ञात होता है कि लोहा, जिंक एवं तांबा की मात्रा में कमी आई, जबकि कोबाल्ट (Co) एवं मैंगनीज (Mn) में वृद्धि देखी गई, जो तलछट के पुनः घुलने की प्रक्रिया को इंगित करती है। आर्सेनिक एवं कैडमियम में अस्थायी वृद्धि तथा क्रोमियम एवं सीसा में उतार–चढ़ाव यह दर्शाते हैं कि सामूहिक स्नान से धात्विक तत्वों की गतिशीलता बढ़ जाती है। समग्र रूप से, यह कहा जा सकता है कि कुंभ स्नान का प्रभाव मुख्यतः अस्थायी होता है, क्योंकि स्नान के बाद अधिकांश मान आंशिक रूप से सामान्य स्थिति की ओर लौटते हैं। तथापि, कुछ मापदंड प्रारंभिक स्तर तक पूर्णतः नहीं पहुँच पाते, जो यह संकेत देता है कि बार–बार होने वाली ऐसी गतिविधियाँ दीर्घकालिक रूप से गंगा जल की गुणवत्ता एवं पारिस्थितिकी पर प्रभाव डाल सकती हैं। अतः कुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रभावी प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण उपायों की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि आस्था और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखा जा सके।

निष्कर्ष

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अखाड़ों की परंपरा, संतों एवं साधुओं की उपस्थिति, दीक्षा प्रक्रियाएँ तथा तपस्वी जीवनशैली भारतीय आध्यात्मिक विरासत की गहराई को दर्शाती हैं। यह आयोजन आज भी लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है और यह सिद्ध करता है कि भारतीय समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति आस्था आज भी जीवित है। हालाँकि, इतनी विशाल जनसंख्या के एकत्र होने से पर्यावरण, विशेषकर गंगा नदी की जल गुणवत्ता पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। विभिन्न अध्ययनों और आंकड़ों से यह ज्ञात होता है कि सामूहिक स्नान के दौरान जल के भौतिक एवं रासायनिक गुणों में परिवर्तन होता है, जैसे घुलित ऑक्सीजन में कमी, जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (BOD) तथा रासायनिक ऑक्सीजन मांग (COD) में

तालिका 5 : दिव्य कुम्भ 2019 के समय प्रयाग में सामूहिक स्नान से गंगा जल के के सूक्ष्म एवं विषकक्त तत्वों पर प्रभाव (द्विवेदी 2026 एवं अन्य)

जल के भौतिक एवं रसायनिक मापदंड	स्नान के पहले जल की गुणवत्ता	स्नान के समय जल की गुणवत्ता	स्नान के बाद जल की गुणवत्ता
पी.एच.मान	7.82	7.44	8.35
विद्युत चालकता (मिलीम्हो/सेमी.)	451.67	704.67	421.33
धुंधलापन (एन. टी. यू.)	68.01	121.17	82.67
कुल निलंबित ठोस	226.00	329.67	181.33
घुलित आक्सीजन	7.80	7.60	7.80
जैव रसायनिक आक्सीजन माग	3.95	6.39	4.81
रसायनिक आक्सीजन माग	31.03	33.75	23.73
क्लोराइड	72.88	57.63	140.28
नाइट्रेट	31.54	28.38	41.97
फास्फेट	0.49	1.36	0.82
सल्फेट	54.67	94.33	63.00

तालिका 6 : दिव्य कुम्भ 2019 के समय प्रयाग में सामूहिक स्नान से गंगा जल के भौतिक एवं रसायनिक गुणवत्ता पर प्रभाव (द्विवेदी 2026 एवं अन्य)

जल के वाष्पशील तत्वों का मापन	स्नान के पहले जल की गुणवत्ता	स्नान के समय जल की गुणवत्ता	स्नान के बाद जल की गुणवत्ता
सूक्ष्म तत्व			
लोहा	2860.00	2193.97	607.44
जिंक	28.15	30.02	16.39
तांबा	8.08	7.21	5.77
कोबाल्ट	1.33	1.05	2.25
मैंगनीज	60.74	37.49	66.63
सेलेनियम	0.29	0.22	0.21
विषाक्त तत्व			
आर्सेनिक	6.02	7.43	6.76
कैडमियम	0.15	0.33	0.16
क्रोमियम	6.62	3.15	9.65
सीसा	2.50	30.77	8.66

वृद्धि, तथा ठोस अपशिष्ट और पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि। इसके अतिरिक्त, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री का अनुचित निपटान पर्यावरण प्रदूषण को और बढ़ाता है। सरकार एवं विभिन्न संगठनों द्वारा 'हरित कुंभ' जैसे प्रयासों के माध्यम से इस समस्या को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्लास्टिक प्रतिबंध, जन–जागरूकता अभियान, तथा गंगा स्वच्छता कार्यक्रमों ने सकारात्मक प्रभाव दिखाया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भाव विकसित हुआ है। अतः यह आवश्यक है कि धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखा जाए। कुंभ जैसे आयोजनों में सतत विकास के सिद्धांतों को अपनाते हुए स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि यह महान परंपरा आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित और प्रेरणादायक बनी रहे।

संदर्भ

श्रीवास्तव, आर.के., सिन्हा, ए.के., पांडे, डी.पी., सिंह, के.पी. एवं चंद्रा, एच., 1996. फाफामऊ (इलाहाबाद) में गंगा नदी के जल की गुणवत्ताकुंभ के दौरान सामूहिक स्नान का प्रभाव. एनवायरनमेंटल टॉक्सिकोलॉजी एंड वाटर क्वालिटीः एन इंटरनेशनल जर्नल, 11(1), पृ. 1–5।

द्विवेदी, एस., चौहान, पी.एस., मिश्रा, एस., कुमार, ए., सिंह, पी.के., कम्थान, एम., चौहान, आर., अवस्थी, एस., यादव, एस., मिश्रा, ए. एवं मलिक, एस., 2020. महाकुंभ के दौरान सामूहिक धार्मिक स्नान के समय गंगा की आत्म–शुद्धिकरण क्षमता. एनवायरनमेंटल मॉनिटरिंग एंड असेसमेंट, 192(4), पृष्ठ 221

द्विवेदी, एस., अग्निहोत्री, आर., कुमार, वी., मिश्रा, एस., तिवारी, आर.के., अधिकारी, डी., शर्मा, पी., कुमार, एस., वर्मा, टी., गुप्ता, ए. एवं सिनाम, जी., 2026. गंगा नदी में रोगजनक सूक्ष्मजीवों के नियंत्रण हेतु आध्यात्मिक मान्यताओं का वैज्ञानिक प्रमाण. जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज़।

भोजपुरी

काहु न कोउ सुख दुख कर दाता (अयोध्याकाण्ड 91–2)

फूलचन्द प्रसाद गुप्त

एह संसार में केहू, केहूके सुख–दुख नाहीं देला। सब केहू आपन कइल करम कऽ फल भोगेला। भगवान राम के जमीन पर सुत्तल देखि के निषादराज बहुत दुखी भइलैं। उनके आँखिन से लोर झरे लागल। ऊ सोचे लगलैं कि सीताजी अउर रामजी बन के जोग्य नाहीं रहलें बाकिर लोग साँच कहेला कि करम प्रधान हऽ। कैकेयी के कुबुद्धि के का कहल जा, सगरो संसार के दुखी कइ दिहलसि। तब लछिमन जी ग्यान, बैराग अउर भगति के रस में सनल मधुर अउर कोमल बानी बोललैं– 'हे भाई! केहू, केहू के सुख–दुख नाहीं देला, सब अपने करम कऽ फल भोगेला। संजोग–बियोग, भला–बुरा भोग, सत्रु, मित्र अउर उदासीन ई सब भरम कऽ फन्दा हवें। जनम–मउति, सम्पत्ति–बिपत्ति, करम अउर काल संसार कऽ जंजाल हवें।'

एह संसार में सब केहू अपने करम कऽ फल भोगेला। एहसे केहू बचि ना सकेला। राजा दसरथ, भीष्म पितामह जइसन महारथियो के करम कऽ फल भोगे के परल। सब केहू करम के अधीन हवे। ब्रह्म तऽ सुख–दुख से परे हवें बाकिर राम के रूप में जब धरती पर अवतरित भइलें तऽ उनहूँ के आपन भोग भोगही के परल।

ग्राम कनईल, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

लोक मानस, प्लाक्षा प्रकाशन से साभार

तेवर नदी का पुनर्जीवन

राजेन्दर सिंह (जलपुरुष)

अपने को बुद्धिमान समझने वाले पढ़े–लिखे शहरी लोग, गाँवों और गाँव वालों के बारे में बहुत हेठी राय रखते हैं। पर गाँव वालों में जीवन चलाने की महत्त्वपूर्ण बातों के बारे में शायद ज्यादा समझ है। गाँव वालों को सही दिशा का भान कराया जाय, उनका आत्मविश्वास जाग्रत किया जाय, तो वे क्या कर सकते हैं यह चंबल क्षेत्र की 'तेवर नदी' की इस कहानी से स्पष्ट है। इसमें चंबल क्षेत्र के लोग बेपानी होकर बागी बने थे। तरुण भारत संघ ने उन्हें समझाया और उनकी आत्मा को अपने हिंसक जीवन को अहिंसक बनाने के सत्य मार्ग पर चलने हेतु तैयार किया। उन्होने वर्षा जल को सहेजकर अपने को समझदार, पानीदार और इज्जतदार बना लिया और अब ये हिंसा का मार्ग छोड़कर अहिंसक बन गए हैं।

तेवर नदी क्षेत्र के गाँवों में ग्राम स्वराज के सपने तक पहुँचने के लिये इस क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करना, होना बाकी है। चारों तरफ की प्रतिकूलताओं के बावजूद और सरकार तथा अन्य परोपजीवी तत्त्वों के विरोध या उपेक्षा के बावजूद जो कुछ हुआ है, वह औरों के लिये भी प्रेरक है। सदानीरा तेवर नदी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि, आज चारों तरफ फैली हुई आपा–धापी और लूट–खसोट के बीच भी कई जगह समाज की पुनर्रचना की ऐसी कोशिशें भी हो रही हैं। इन बातों को प्रकाश में लाना और उनका अधिक से अधिक प्रचार होना जरूरी है। ऐसे काम के अनुभव दूसरों को वैसा अच्छा काम करने हेतु अहसास जगाते है। हाथों के कामों से श्रमनिष्ठ बनकर दिल–दिमाग को दुनिया के लिए और अपने लिए शुभ–सत्य प्राकृतिक काम में लगाते है।

इस पुस्तक को तैयार करने में रणवीर सिंह ने गाँवों के लेखन में सहयोग किया। गोपाल सिंह ने तेवर नदी का भूगोल और इतिहास लिखा है। पारस प्रताप सिंह ने फोटो लगाना, टाईपिंग, संयोजन आदि कार्य किया है।

सदानीरा तेवर नदी

तेवर नदी के पुनर्जीवन ने अपने दोनों तरफ बसे गाँवों के लोगों को स्वाबलंबी बनने की समझदारी और हकदारी का आभास करा दिया, तब वे बंदूक की जगह किसानी का काम करने लगे। यह पुस्तक 'बागी से किसानी' बनने की सच्ची कहानी है।

तेवर नदी का गौरवशाली, स्वाभिमानी समाज बेपानी होकर ही डराने–मारने वाले कामों को अपनाने लगा था। नदी में पानी आते ही समाज की आंखों में भी पानी आया। इनके दिल–दिमाग ने अपने आपको समझदारी से पानीदार बनाकर, कम पानी का् उपयोग करके, दूसरों के लिए भी 70 प्रतिशत पानी नदी प्रवाह हेतु दिया है। इन्होंने केवल 30 प्रतिशत पानी अपनी खेती के काम में लिया है। इनके अपने दस्तूर एवं अनुशासन से अब तेवर नदी पुनर्जीवित हो गई है। शुद्ध–सदानीरा बनकर जून 2024 के दुष्काल में भी बह रही है। जैसे ही तेवर नदी पुनर्जीवित हुई; वैसे ही सूखी और मरी हुई सभ्यता पानीदार बनकर पुनर्जीवित हो गई। इनका हिंसक जीवन अहिंसक बन गया। यह एक घटना मात्र नहीं है बल्कि 'तेवर सूखती सरिता' से पुनर्जीवित तेवर सरिता की सच्ची सभ्यता का पुनर्जीवन है।

तेवर नदी का भूगोल

तेवर नदी का जलागम क्षेत्र विश्व भू–मानचित्र में 26 डिग्री 21 मिनट 48 सैकण्ड उत्तरी अक्षांश से 26 डिग्री 28 मिनट 59 सैकण्ड उत्तरी अक्षांश तथा 77 डिग्री 11 मिनट 16 सैकण्ड पूर्वी देशान्तर से 77 डिग्री 16 मिनट 17 सैकण्ड पूर्वी देशान्तर के बीच में स्थित है। पूरी नदी का कुल जलागम क्षेत्र 60 वर्ग किलोमीटर है, नदी की लम्बाई (घुमावदार) 29 किलोमीटर तथा उद्गम से संगम तक की सीधी दूरी लगभग 14 किलोमीटर है। तेवर नदी मानचित्रयह नदी उद्गम के गाँव तीन पोखर, राजपुर, कोट, पसेला और बगोरियापुरा के उत्तरी ढाल से शुरू होकर उत्तर की तरफ ही आगे बढ़ती हुई कालीतीर गाँव के पास जाकर पार्वती नदी में मिल जाती है। इस जगह से आगे 1 किलोमीटर पूर्व दिशा में चलने पर इस संयुक्त नदी में गोडेर नदी भी आकर मिल जाती है। इन तीन धाराओं के मिलने के कारण ही इसे त्रिवेणी अर्थात् ''तेवर नदी'' कहते हैं। इससे आगे यह पार्बती नदी के नाम से पहले आँगई बाँध में जाती है और फिर इसी नाम से गम्भीर नदी मे मिल जाती है। गम्भीर नदी आगे उटंगन नदी के नाम से यमुना नदी में मिल जाती है। यमुना नदी

तरुण भारत संघ, अलवर, राजस्थान, भारत
ईमेल : jalpurushtbs@gmail.com

प्रयागराज में गंगा नदी में मिल जाती है और गंगा नदी अन्त में समुद्र में समाहित हो जाती है।

तेवर नदी मानचित्र

लाल पत्थरों का यह क्षेत्र है। खदानों ने पूरी नदी के बेसिन को गहरे घावों से घायल कर दिया है। यहां के लोग लाचार, बेकार, मानसिक बीमार होकर हथियार उठाते थे। इसलिए इस क्षेत्र को चंबल के बीहड़ कहते है।

इस क्षेत्र की सभ्यता और संस्कृति चंबल की पहचान बनाती है। इसलिए भूगोल में इसे पढ़ाया जाता है। यहाँ की चट्टानों में समतलीय दरारें है। बहुत ही मोटी झिर–दरारें पानी को अपने अंदर लेकर बहाती रहती है। इसलिए खनन से यहाँ की भूगोलीय–पारिस्थिति विकृत हो गई थी। नदी सूखी थी, खनन के घावों ने ही नदी की हत्या करी थी। जंगल कट गए और जमीन में घाव हो गए थे, जिसके कारण पूरा नदी बेसिन ही बीमार हो गया था।

जल, जंगल, जमीन संरक्षण का काम तभासं ने शुरू किया तो यहाँ का इतिहास और भूगोल दोनों बदल गए है। यह ''क्षेत्र हरा–भरा, खेतों में हरियाली, कुओं और नदी में पानी, यहाँ के लोगों के जीवन में खुशहाली है।''

तेवर नदी क्षेत्र का इतिहास

तेवर नदी जलागम क्षेत्र करौली जिले की मँडरायल तहसील के अन्तर्गत आता है। प्राचीन काल में यह क्षेत्र (करौली, धौलपुर, भरतपुर सहित) भारत के 16 जनपदों में से एक, ''शूरसेन जनपद'' के अन्तर्गत आता था, जिसकी राजधानी मथुरा, मधुरा या मधुपुरी थी। प्राचीन शूरसेन जनपद का विस्तार साधारणतया मथुरा के दक्षिण में चम्बल नदी से लेकर उत्तर में वर्तमान मथुरा नगर से लगभग 50 मील उत्तर कुरु राज्य की सीमा तक था। पश्चिम में इसकी सीमा मत्स्य जनपद से और पूर्व में पंचाल राज्य की सीमाओं से मिलती थी। मनुस्मृति में शूरसेन जनपद को (कुरुक्षेत्र, मत्स्यदेश व पंचालदेश सहित) ब्रह्मर्षिदेश या ब्रह्मावर्त के अन्तर्गत माना गया है।

श्रीकृष्ण वंश परम्परा में सन् 879 ई. में मथुरा का राजा इच्छापाल था। इच्छापाल के दो बेटे हुए– ब्रह्मपाल ओर विनयपाल। इच्छापाल के बाद उसका बेटा ब्रह्मपाल राजा बना और विनयपाल के वंशज 'बनाफर' कहलाए, जिनमें प्रसिद्ध यौद्धा आल्हा–ऊदल हुए। ब्रह्मपाल के बाद सन् 966 ई. में इसका बेटा जयेन्द्रपाल (इन्द्रपाल) मथुरा की गद्दी पर बैठा। 992 में उसका देहान्त हो गया। इसके ग्यारह पुत्रों में से ज्येष्ठ पुत्र विजयपाल था, जो सन् 999 ई. में मथुरा की गद्दी पर बैठा। सन् 1018 ई. में मुहम्मद गजनवी ने मथुरा को बुरी तरह से लूटा। जिसके बाद विजयपाल ने अपनी राजधानी मथुरा से हटा कर वहाँ से 50 मील दूर श्रीपथ, भदानक या वर्तमान बयाना में स्थापित की। सन् 1030 ई. में मुहम्मद गजनवी के मरने के बाद सन् 1040 ई. में विजयपाल ने मानी की पहाड़ी पर विजय मन्दिर गढ़ नाम से एक सुदृढ़ गढ़ बनाया, जो बाद में बयाना कहलाया। विजयपाल का देहान्त सन् 1046 ई. में मुस्लिम आक्रमणकारी

अबूबक्र कंधारी को जीतने के बावजूद एक दुखान्तक घटना के कारण हुआ। ए. कनिंघम ने भी एक संस्कृत शिलालेख का हवाला देते हुए, सन् 1043 ई. में विजय मन्दिर गढ़ के किले पर जादौन राजा विजयपाल का शासन होने की पुष्टि की है।

विजयपाल के 18 पुत्रों में तिमनपाल (तवनपाल) ज्येष्ठ था, उसने दो वर्ष अज्ञातवास में रह कर 1048 में बयाना से 22 किलोमीटर दूर तिमनगढ़ दुर्ग की नींव लगाई, जो 10 वर्ष में बन कर तैयार हुआ। तिमनपाल का राज्य अलवर, भरतपुर, धौलपुर, मथुरा, गुड़गाँव से लेकर आगरा, ग्वालियर के भू–भाग तक था। तिमनपाल 1090 को मृत्यु को प्राप्त हुआ।

जनश्रुति के अनुसार, 1046 ई. में अपने पिता विजयपाल की मृत्यु के बाद तिमनपाल ने मुस्लिम आक्रमणों के कारण दो वर्ष अज्ञातवास बिता कर वापस बयाना की तरफ आकर एक मीणा जाति की धाय माँ के पास समय बिताया। एक दिन जंगल में तिमनपाल का सम्पर्क एक मेंढकीदास (खुदारसीदास) नामक महात्मा से हो गया। महात्मा ने उसे एक पारस पत्थर दिया। तिमनपाल ने उस पत्थर का महत्त्व न समझते हुए उसे सागर (तालाब) में डाल दिया, पर बाद में पछताया। मेंढकीदास के कहने पर तिमनपाल ने वहीं पर एक छोटी–सी पहाड़ी पर एक दुर्ग की नींव लगा दी। यह दुर्ग उसी के नाम पर बाद में ''तिमनगढ़ का दुर्ग'' कहलाया। तिमनपाल एक महत्त्वाकांक्षी और प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी था, जिसने कभी हार का मुँह नहीं देखा था। सन् 1090 ई. में तिमनपाल की मृत्यु के बाद उसके पुत्रों–पौत्रों में वैमनस्यता रहने लगी। इसका लाभ उठाते हुए मुहम्मद गौरी ने सन् 1139 ई. में तिमनगढ़ पर हमला कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया।

लेकिन जनश्रुति के अनुसार मुहम्मद गौरी की सेना ने तिमनगढ़ के

सागर के नीचे लम्बे समय तक घेरा डाल दिया और रसद बन्द करवा दी; तब तिमनगढ की सेना ने अपनी सुरक्षा और शत्रु पर आक्रमण की दृष्टि से रात्री के समय सागर की पाल को एक साथ तुड़वा दिया, जिससे गौरी की असावधान सेना सामान सहित बह गई। पर सागर के टूट जाने तथा अकाल के कारण बाद में इस क्षेत्र में पानी का जबरदस्त संकट हो गया और यहाँ के लोग तिमनगढ़ छोड़ कर अन्यत्र पलायन कर गये।

तेवर नदी जलागम क्षेत्र पहले पूरी तरह से जंगली इलाका था। इस इलाके में पहले सहरिया जाति के लोग रहते थे। बहुत पहले यहाँ नदियाँ बहती थीं, लेकिन कथित खनन विकास ने नदियों को सुखा दिया। यहाँ बसने वाले सहरियाओं की सांस्कृतिक धरोहर नदी और जंगल ही थे, पर सरकार द्वारा जब वनाधिकार बदले गये और जंगल काटे जाने लगे तो ये लोग बेघर होकर बारां जिले के जंगलों में चले गये। अब वे लोग वहीं रहते हैं। उनके चले जाने पर तेवर नदी क्षेत्र में अधिकतर गुर्जर और मीणा समाज के लोग आ बसे। क्योंकि गुर्जरों को एकान्त और मीणाओं को मवासा चाहिए था, जिसकी यहाँ सम्भावना थी।

आजादी के बाद सरकार ने यहाँ के गुबरेण्डा और बाँसवारी के जंगलों को संरक्षित क्षेत्र घोषित कर दिया। गुर्जर और मीणा लोग पशु–पालन और जंगल से ही अपना जीवन चलाते थे। अब उनको पशु–पालन करने में असुविधा होने लगी, फिर भी ये लोग वहीं जमे रहे। फिर ये लोग पशु–पालन और जंगल पर निर्भरता छोड़ कर खेती करने लगे। यहाँ की मिट्टी, खेती के लिए उपयुक्त नहीं है। जो कुछ थी भी, उसे खनन और जंगल कटान ने बिगाड़ दिया। इसी बिगाड़ के कारण यहाँ की नदियाँ भी सूख गईं थीं। लाचार होकर ये लोग गाँव से शहर की तरफ पलायन करने लगे। कुछ लोग पानी की कमी और बेरोजगारी के कारण लूट–पाट और हत्या आदि अपराधों में लिप्त होकर फरार होकर बाग़ी बन गये। इन बाग़ियों से अन्य लोग डरने लगे, फलस्वरूप उनकी रही–सही खेती भी छूट गई। फिर कुछ तो पानी के अभाव में और कुछ बाग़ियों के डर से, यह पूरा इलाका खाली होने लगा। कभी–कभार जब अच्छी बारिश हो जाती थी, तो ये लोग कुछ दिन के लिए वापस अपने पशुओं को लेकर अपने गाँव में आ जाते थे। वैसे तो पलायन की परम्परा भारत में काफी पुरानी रही है, पर खनन और जंगल कटान के कारण नदियों के सूख जाने पर इसमें भयानक बदलाव आये हैं।

50 वर्षों में जोहड़ों, पोखरों से जुड़ते लोग

पोखर पर आयोजित पानी पंचायत में ग्रामीणों को पानी के काम के लिए प्रेरित करते हुए जलपुरुष राजेन्द्र सिंहबागपत के डौला गाँव में मार्च, 1974 में ही गुसांईं वाले जोहड़ का काम शुरू कर दिया था। गाँव की सफाई, बच्चों के खेल, पुस्तकें, स्लेट, पट्टी, तख्ती आदि दिला कर पढ़ाई और बीमारों की सेवा, चिकित्सा कराने हेतु दिल्ली ले जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा बाढ़–सुखाड़ हेतु जोहड़ निर्माण कार्य कराये थे। मार्च, 1975 में राजस्थान विश्व विद्यालय में अग्नि–आपदा में पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने से ही तरुण भारत संघ का काम शुरू हुआ था। मई, 1975 में तरुण भारत संघ का पंजीकरण हुआ था। उस समय तरुणों, युवाओं में सामाजिक सेवा संस्कार बनाने हेतु प्रशिक्षण शिविर, श्रमदान शिविर आदि आयोजित करना ही मुख्य काम था।गाँवों में गाड़िया लुहारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने का काम 1982 में शुरू हुआ, साथ ही दौसा–राजस्थान में बोरोदा व रामपुरा में बंजारों की ढाणी में वर्षा जल–संरक्षण के लिए जोहड़, तालाब बनवाने का काम भी शुरू हुआ था। जो लोग अकाल (सुखाड़) की मार से उजड़ रहे थे, वे जोहड़ की जरूरत को बहुत अच्छे से जानते और समझते हैं। इसलिए उजड़ते लोगों को बसाये रखने हेतु अपनी मूल जड़ों से जुड़े रहने के सपने और कल्पना में सबसे बड़े सहारे हैं। तरुण भारत संघ (तभासं) जयपुर शहर से भीकमपुरा–किशोरी गाँव में गाँवों से उजड़ते लोगों को गाँव में ही बसाये रखने हेतु आया था।

पोखर पर आयोजित पानी पंचायत में ग्रामीणों को पानी के काम के लिए प्रेरित करते हुए जलपुरुष राजेन्द्र सिंह

जिन्हें 50 वर्ष पहले अकाल व सूखे का अनुभव न हो या जिन्होंने उस क्षेत्र की पीड़ा को समझा न हो उनके लिए बड़े–बड़े बांधों, नहरों और अत्याधुनिक औद्योगिक सभ्यता के इस युग में छोटे–छोटे बांध या जोहड़ बनाने या पोखर व सर खोदने का काम मध्ययुगीन या दकियानूसी लग सकता है। जोहड़ का पानी पीने वाले (साफ करके) असभ्य लग सकते हैं । लेकिन जिन्होंने जोहड़ों या छोटे–छोटे बांधों के सहारे अपनी उजड़ती सभ्यता को फिर से बसाया है और आर्थिक स्वावलंबन कायम किया है वे इसे पुनः प्रकट हुई सरस्वती (नदी) या 'कामधेनु' की संज्ञा देते हैं ।

पानी का महत्व साबित करने के लिए कोई तर्क देने की जरूरत नहीं है फिर भी नगरीय व औद्यागिक सभ्यता के विकास की झोंक में इस महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन के सदुपयोग व दुरुपयोग का अंतर भूल चुके लोगों को बार–बार याद दिलाना जरूरी है कि इतिहास में पानी के निकट ही मानवीय सभ्यताओं की शुरूआत हुई थी और पानी की कमी व अधिकता के कारण कई सभ्यताएं नष्ट हुई हैं। इसलिए

पानी के समुचित प्रबंध पर ध्यान दिए बिना इस धरती पर मानव ही नहीं संपूर्ण सृष्टि का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। तेवर नदी की सभ्यता सूख कर मर गई थी। यहाँ के लोगों ने जब तेवर नदी को पुनर्जीवित करना शुरू किया, तो पहले बन्दूक छोड़ कर श्रमनिष्ठ बने लोगों ने फावड़ा उठा कर पोखर बनाये।

इक्कीसवीं सदी की शांति

तेवर नदी के लोग सीख देते हैंतेवर नदी बेसिन में शांति कायम करने की रणनीति बनाते हुए तभासं के कार्यकर्ता विश्व जल युद्ध से बचने हेतु जल संरक्षण एवं जल का मर्यादित उपयोग करने की दक्षता बढ़ाना ही विश्व जल शान्ति कायम करने का रास्ता है। इक्कीसवीं सदी विश्व जल युद्ध की सदी है। इसमें खेती और उद्योगों के बीच, गाँव एवं शहरों के बीच, गरीब–अमीर के बीच लड़ाई–झगड़े बढ़ेगे। राज्यों एवं राष्ट्रों के बीच युद्ध तो चल ही रहे हैं, अब राष्ट्र समूहों में भी युद्ध के आसार नज़र आ रहे हैं। युद्ध निर्माण हमारी जल शोषण, प्रदूषण और अतिक्रमणकारी मानसिकता की देन है। परिणाम यह है कि नदियां सब मर रही हैं, सूख रही हैं, गन्दगी के नाले बन गई हैं, भू–जल भी प्रदूषित हो गया है। अब हमारा अन्न– जहाँ हमें बीमार कर रहा है, वहीं नदियां भी हमें बीमार बना रही हैं। तेवर नदी के लोगों ने अपने वर्षा जल को सहेजने हेतु अपनी बंदूकें छोड़कर खेती करना शुरू किया है। अब ये समझदार, इज्जतदार और पानीदार बन गए हैं।

तेवर नदी बेसिन में शांति कायम करने की रणनीति बनाते हुए तभासं के कार्यकर्ता

उपचार हेतु निर्मित औषधि निर्माण प्रक्रिया में प्रदूषित जल हमें असाध्य रोगों से ग्रसित कर रहा है। अब असाध्य रोग मुक्ति हेतु राष्ट्रों के बीच युद्ध ही उपाय दिखाई दे रहा है। हम जिसे उपाय मान रहे हैं, वही हमारे जीवन, जीविका और ज़मीर के लिये खतरा बनता जा रहा है। इससे डर कर लोग जंगलों व गाँवों से उजड़ कर शहरों में बस रहे हैं। शहरों पर बढ़ते जन–दबाव के बीच जल की जरूरत पूरी करना कठिन होगा। जल अब बाजार बन गया है।

जल बाजार ही जल लूट को बढ़ायेगा। जल की लूट के कारण ही पूरे अफ्रीका से लोग विस्थापित होकर यूरोप, अमेरिका जाते हैं। वहाँउन्हें जलवायु परिवर्तन शरणार्थी कहते हैं, ये शब्द द्वन्द्व बढ़ा रहे हैं। जल के लिए लड़ाइयां जारी हैं, ये लड़ाइयां ही विश्व जल युद्ध बनेंगी। राजस्थान के लोगों की तरह पानी का काम करके जल युद्ध से बचा जा सकता है। राजस्थान के लोगों ने, कम वर्षा होने के बावजूद अपनी पेयजल और खेती की जरूरत भी पूरी की और नीचे की तरफ नदी में भी जल प्रवाहित किया। अलवर (राजस्थान) की 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर घनत्व वाली जनसंख्या की पेयजल जरूरत भी पूरी होती है और उन्होंने दो फसलें भी पैदा करना शुरू कर दी है। नदी का अधो भू–जल स्तर ऊपर लाकर जहां–तहां नदी में जल भी शुद्ध सदानीरा बनाकर प्रवाहित कर दिया। सब की पेयजल सुरक्षा हो गई। इसी प्रकार विविध तकनीक और इंजीनियरिंग एवं सामान्य ज्ञान से समस्या का समाधान कर लिया। मर्यादित जल उपयोग दक्षता बढ़ा कर जल–चक्र को फसल–चक्र के साथ जोड़ दिया । अन्न का उत्पादन बढ़ा, जल की जरूरत नही बढ़ी ।

वर्षा जल जरूरत तो सबकी पूरी करता है, पर लालच एक व्यक्ति का भी पूरा नहीं कर सकता। विश्व जल युद्ध लालच के कारण ही तो हो रहा है। लालच खत्म करने हेतु जल को समझना जरूरी है। आज की इंजीनियरिंग जल को समझती नही है। तकनीक जल पूर्ति को बढ़ावा देने की विधियाँ सुझाती है। लालच की पूर्ति कभी नही होती, केवल जरूरत की ही पूर्ति होती है। इंजीनियरिंग और तकनीक तो केवल लालच सिखाती हैं और लालच ही बढ़ाती है। इसी के कारण स्थानीय जल लड़ाई–झगड़े बढ़ रहे हैं। जहाँ लोग स्वयं जल संरक्षण कर रहे हैं। वहाँ लड़ाई–झगड़े नही हैं।

जल को समझने हेतु पहले जल से जन का जुड़ाव जरूरी है। दूसरे, जुड़ाव से सबको जल को समझने, संरक्षण करने और सहेजने का कार्य करना जरूरी है। फिर सबको समान सुरक्षा के लिए सत्याग्रह करना पड़ता है। सरकार को सबकी सुरक्षा करना है। यह प्रक्रिया ही जल युद्ध को रोक कर विश्व जल शांति कायम करने वाला रास्ता दिखा देगी।

खेतों में पानी की हर बूंद बचाने की कोशिश करता बिलोनी गाँव

सदानीरा बहती तेवर नदीबिलोनी गाँव करौली–धौलपुर नेशनल हाईवे से बथुआ खोह स्टैंड से 3 किलोमीटर दूरी पर दक्षिण में पहाड़ियों पर बसा हुआ गाँव है। गाँव के पास से तेवर नदी गुजरती है। यह आगे चलकर गुड़ेर नदी में मिल जाती है। दोनों नदियां और आगे चलकर पार्बती में मिल जाती हैं। बिलोनी गाँव बहुत पुराना गाँव है। बिलोनी गाँव में किला और एक कुआ है। यह किला यहाँ के जागीरदार ने बनवाया था। पुरानी कहावत है कि, खरौली से भैंस चराने के लिए एक व्यक्ति यहाँ पर आया था, उस समय यहाँ पर एक कुआ था और उस कुआं में आसपास के गाँव के लोग मवेशी को पीने का पानी ले जाते थे। एक दिन खरौली गाँव से एक व्यक्ति अपनी भैंसों को पानी पिलाने के लिए आया था, अचानक धक्का लगने से वह व्यक्ति उस कुएं में गिर पड़ा। उसकी औरत को

पता लगा तो वह रोती हुई आई और उसके शव को निकलवा कर वहीं उसके साथ सती हो गई। आज भी उस सती का मंदिर है, जिसको बिलोनी माता के नाम से जाना जाता है। बाद में इस गाँव को भी बिलोनी गाँव के नाम से ही जाना जाने लगा।

सदानीरा बहती तेवर नदी

फिर यहाँ पर खरौली गाँव से कई परिवार यहाँ आकर बस गए। धौलपुर के राजा ने उनको जागीर में यह गाँव दिया था; उन्होंने ही किला बनवाया। बाद में इस गाँव में 500 परिवार हो गए थे, लेकिन धीरे–धीरे नदी में पानी सूखता गया और परिवार यहाँ से उजडते गए, जिन्होंने चांदपुरा बड़ा गाँव बसाया। आज इस गाँव में 350 परिवार है, जिनकी जनसंख्या 2200 के लगभग है तथा गाँव का क्षेत्रफल 1200 एकड़ है।

गाँव में से लोग उजड़ते जा रहे थे, लेकिन तभासं के द्वारा किये गये पानी के काम से तेवर नदी के पुनर्जीवित होने पर लोगों का उजड़ना रुक गया, वे गाँव में ही खेती–बाड़ी करने लगे। यह सारी कहानी गाँव के केदार लाल शर्मा ने बताई। अब गाँव में खूब खेती होती है। सभी लोगों के पास फसल होती है। सभी लोग एक–दूसरे से हिल–मिल कर रहते हैं।

केदारलाल शर्मा ने बताया कि, इतनी जातियां गाँव में एक साथ हिल–मिलकर रह रही हैं यह सब पानी की ही देन है। गाँव में जब पानी नहीं था, तो लोगों में आपसी विवाद बहुत होते रहते थे, ये विवाद एक दूसरे के साथ गलत हरकत करने से होते थे। कोई किसी की वस्तु को चुराता; तो कोई किसी की जगह पर अतिक्रमण करने का काम करता था। यह सारा हाल पानी के बिना हो रहा था। जब यह नदी पुनर्जीवित हुई है, तो अब गाँव शांति से जी रहा है। यह सब तरुण भारत संघ की देन है।

तरुण भारत संघ ने तेवर नदी के जलागम क्षेत्र में जल संरचनाओं का निर्माण किया है; जिससे नदी की हर धारा बहने लगी है और नदी पुनर्जीवित हो गई है। अब नदी के सहारे तीनपोखर से लेकर बिलोनी तक खूब खेती होती है। लोगों का पशु–धन बहुत बढ गया है। जैव विविधता बढ़ी है, जिसमें विभिन्न प्रकार के जानवर और पक्षी आने लगे हैं। अब जंगल में सभी जानवर रहते हैं तथा सभी प्रकार के पक्षी रहते हैं। नदी में विभिन्न प्रकार का घास और नदी के जीव–जंतु देखने को मिलते हैं। कुछ लोग तो सुबह–शाम नदी में मछली पकड़ने का काम करते हैं और फिर खाना खाते हैं। नदी सभी लोगों की जीवनदायिनी बन गई है। नदी में सुबह शाम लोग नहाते धोते हैं, जानवर पानी पीते हैं।

गाँव के बहुत सारे परिवार इतने गरीब थे कि, उन्हें परिवार को चलाने के लिए बाहर से कर्ज लेना पड़ता था। अब गाँव में पानी का काम हो जाने पर उन्हें गाँव में ही रोजगार मिल रहा है। वे खेती में काम करने के साथ–साथ लोगों के मकान बनाने का काम भी करते हैं। अब इतना पैसा हो गया है कि, दूसरे के पास पैसा मांगने के लिए नहीं जाना पड़ता। अपने घर का काम स्वयं चलाते हैं और दूसरों को भी पैसा देकर, उनका काम भी चलाते हैं। पशुओं के लिए चारा काटकर रखते ग्रामीणकेदार लाल शर्मा ने कहा कि, तरुण भारत संघ के कार्यकर्ताओं ने तेवर नदी घाटी की यात्रा कई बार की है। लोगों को जल संरक्षण के लिए तैयार किया है। उसका परिणाम यह हुआ कि, आज तेवर नदी शुद्ध सदानीरा हो कर बह रही है। नदी घाटी क्षेत्र के सारे गाँव सुख और शांति से जीवन जी रहे हैं। उनके अंदर समृद्धि शांति और भाईचारा बढ़ा है। यह तेवर नदी दुनिया को सीखने के लिए एक नया मॉडल है। इस तरह के पानी के काम करके समाज को विस्थपित होने से बचाया जा सकता है और होने वाले विश्व जल युद्ध से बचा जा सकता है।

जब तरुण भारत संघ ने बिलोनी को अपना कार्यक्षेत्र बनाने का मानस तैयार किया, उस समय गाँव के आज जैसे हालात नहीं थे। आज तो इस गाँव में लहलहाते खेत, पानी की पर्याप्त उपलब्धता और जंगल को बचाने की समझ काफी विकसित हो चुकी है, किन्तु उस समय इन सब बातों का अभाव था।

पशुओं के लिए चारा काटकर रखते ग्रामीण

अकाल (सूखा) ने बिलोनी को कहीं का नहीं छोड़ा। स्थिति बदतर होती चली गई और अच्छी जमीनें अनुपजाऊ बन गईं। दो तीन कुओं को छोड़कर बाकी सारे कुएँ सूख चुके थे। मवेशियों के लिए भूखे–प्यासे मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था। उनके मालिकों ने उन्हें भगवान् भरोसे छोड़ दिया था।

गाँव में जब भरण–पोषण का संकट पैदा होने लगा तो लोग घर छोड़कर मेहनत–मजदूरी के लिए दिल्ली, मुम्बई एवं अहमदाबाद की तरफ पलायन करने लगे। ऐसी स्थिति में बिलोनी गाँव के चार साल भुखमरी के बीच गुजरे, पर गाँव वालों को इस संकट से बचने का कोई रास्ता नहीं सूझा।

बिलोनी के कुछ जागरूक लोग इस विपदा से छुटकारा पाने के लिए

ऐसे रास्ते की तलाश करने में जुटे, जिसका फायदा अगली पीढ़ियों तक मिले, क्योंकि गाँव में विपदा का यह पहला दौर नहीं था। जब भी इन्द्र देवता नाराजगी जाहिर करने लगते, तब–तब बिलोनी गाँव संकट के दौर से गुजरने लगता। ऐसे समय में जागरूक लोगों का आगे आना जरूरी था। पड़ौसी गाँव में तभासं के सकारात्मक कार्यों को देखकर बिलोनी के लोगों ने तभासं से अपने गाँव में सहयोग करने का आग्रह किया।

तरुण भारत संघ वर्ष 2008 में बिलोनी में आ चुका था। उस समय गाँव में जो रख– रखाव के अभाव में जल संसाधन बेकार हो चुकी थी। पानी का अधिकतर भाग बहकर नालों से गाँव के बाहर चला जाता था। गाँव की इस बदहाली में वहाँसे पलायन हो चुके जनसमूह को वापस लाकर काम करना तरुण भारत संघ के लिए चुनौती भरा था।

बिलोनी गाँव ने इन विषम परिस्थितियों के बावजूद अकाल से सदा के लिए छुटकारा दिलाने की ठान ली। यह सोचकर प्रयास किया जाए तो कोई भी काम मुश्किल नहीं रहता। गाँव के अधिकांश परिवार रोजी–रोटी के लिए बाहर गए हुए थे और उनको खरीफ की फसल बोने एवं काटने के लिए काफी कम समय के लिए लौटना होता था। इस दौरान उनके बीच सलाह–मशविरा कर पोखर निर्माण के लिए विश्वास जीतना जरूरी था। कार्य भी फसल काटने के बाद शुरू हो सकता था, फिर जन सहयोग के लिए उनके 6–8 माह के पूर्ववर्ती वेतन को समाविष्ट करना था। इसके अभाव में संस्था द्वारा किसी योजना पर काम को अंजाम देना कठिन हो सकता था।

गाँव वालों के दिलोदिमाग पर सरकार की कार्यशैली को लेकर असंतोष की भावना पैठ बना चुकी थी। ऐसा ही अविश्वास तभासं को लेकर भी बना हुआ था। फिर भी तभासं ने अपनी धरातल की सोच के आधार पर गाँव के बुजुर्गों के बीच जाने का मन बनाया। जोहड़ बनाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उनसे गाँव की पुरानी परम्पराओं पर चर्चा की गई। गाँव के कुछ युवा लोगों को ले जाकर संस्था द्वारा बनाए गए जोहड़ों की कार्यपद्धति से रूबरू कराया गया। तभासं की यह शैली गाँव को विश्वास में लेकर उनके सहयोग से पानी के लिए काम शुरू करने की थी, जिसे संस्था में इसे जन शिक्षण का कार्य माना जाता है।

तरुण भारत संघ और बिलोनी के बीच संवाद का जो क्रम प्रारंभ हुआ, उसका नतीजा सकारात्मक आने लगा। इन उम्मीदों के बीच संस्था ने गाँव में कार्यों को अंजाम देने के लिए लोगों को एक जाजम पर बैठाकर उनकी ग्राम–सभा के गठन की प्रथम औपचारिकता पूरी की। गाँव में आम सहमति के आधार पर दो महिलाओं समेत बीस सदस्यों वाली ग्रामसभा बनायी गई, अधिकांश सदस्य बड़ी उम्र के थे।

हिन्दी कविता

तुम्हारी स्मृतियां

विशाल यादव

मुझें हर दफा लगता है
मैं तुम्हें ठीक वैसा लिख सकता हूँ
जैसी तुम हो
मगर कुछ है तुम में
जो हमेशा से ही छूट जाता है

और अजीब बात तो ये है
जब कभी कलम उठती है
तुम्हें लिखने को
तुम हर बारी खुद में
एक नया रूप ओढ़ लेती हो

खुद को मैं जैसा था
वैसे ही रखने वाला था
तुम्हें देखा तो अजीब सी चाहत होने लगी
खुद को बदलने के लिये
या यूं कहें तुम्हें पसन्द आने वाली
हर आदतों,बातों में खुद को
ढालने के लिए
तुम्हें अपना बनाने के लिए

तुम्हें मैं जब कागज पर
लिखा हुआ पाता हूँ
मन दुखी होता है कि
मैं तुम्हें ठीक से नहीं
लिख पाया

मन ये सोच कर भी
प्रसन्न हो जाता है कि
उसने तुम्हें याद करते हुए
मुझसे कुछ लिखवाया तो सही

कितना अजीब है ना
जब तुम साथ थे तो कुछ
लिखने की सूझती नही थी
आज तुम्ही तुम मेरी लिखावट में हों

कभी फुर्सत मिले तो छोटी ही सही
एक मुलाकात करना मुझसे
मैं तुम्हें बताऊंगा
कितना खुद को बदल लिया है मैंने
सिर्फ तुम्हारे लिये..!

कैथीशंकरपुर, लालगंज, आजमगढ़
ईमेलः yvishal532@gmail.com

महिला नेतृत्व की अनूठी पहलः पचनदा से दिल्ली के वे उन्नतीस दिन

संजय सिंह

29 जनवरी, 2026 से 26 फरवरी, 2026। पचनदा (जालौन)से शुरू होकर वासुदेव घाट दिल्ली तक चली लगभग 500 किमी की अविरल–निर्मल यमुना यात्रा एक ऐतिहासिक, जन–जागरण और महिला नेतृत्व में यमुना नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और स्वच्छता के मुद्दे पर बदे पैमाने पर लोगों का ध्यान बटोरने का अनूठा अभियान था। यह यात्रा एक साधारण पदयात्रा न होकर एक व्यापक सामाजिक आंदोलन साबित हुई, जिसने जल संकट, पर्यावरणीय असंतुलन और सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनता का एक साझा मंच निर्मित कर दिया।

इस यात्रा का प्रारंभ 29 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के पचनदा संगम से हुआ, जहाँ यमुना, चंबल, सिंध, पाहुज और क्वारी नदियों का मिलन होता है। यह स्थल केवल भौगोलिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी पवित्र स्थान से सैकड़ों की संख्या मे जल सहेलियों ने यमुना को अविरल और निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया, और 29 दिनों तक लगातार चलते हुए लगभग 500 किलोमीटर की दूरी तय की। अपने जल–योद्धा साथियों के साथ जल–सहेलियों की यह यात्रा 26 फरवरी 2026 को अन्ततः दिल्ली के वासुदेव घाट पर संपन्न हुई।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यमुना नदी की बिगड़ती स्थिति को समाज के सामने लाना और लोगों को इसके संरक्षण के लिए जागरूक करना था। यमुना करोड़ों लोगों की जीवन–रेखा है, जो पीने के पानी, कृषि, धार्मिक–आस्था और सांस्कृतिक–परंपराओं से जुड़ी हुई है। परन्तु बढ़ते प्रदूषण, अव्यवस्थित शहरीकरण और औद्योगिक गतिविधियों के कारण इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

इस यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसका महिला नेतृत्व रहा, जिसमें बुंदेलखंड क्षेत्र की जल सहेलियों ने अग्रणी भूमिका निभाई। जल सहेलियाँ वे महिलाएँ हैं, जिन्होंने जल संकट को अपने जीवन में अनुभव किया है, और उसे समझते हुए दशकों से ग्रामीण और शहरी इलाकों मे जल में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया है।

जल सहेलियों ने न केवल इस यात्रा का संचालन किया, बल्कि हर स्थान पर जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया, उनकी बातें सुनीं और उन्हें समाधान की दिशा में प्रेरित किया। उनकी भागीदारी ने इस अभियान को एक मजबूत सामाजिक आधार प्रदान किया। उन्होंने यह साबित किया कि महिलाएँ केवल परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज में बड़े बदलाव की नायक बनाने क्षमता भी रखती हैं।

इस अभियान के केंद्र में यमुना नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए व्यापक सामाजिक जागरूकता फैलाना था। साथ ही जल संकट को पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से समाज के सामने रखना इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था। महिला नेतृत्व को सामाजिक आंदोलनों का केंद्र बनाकर यह यात्रा एक नई मिसाल प्रस्तुत करना चाहती थी। युवाओं एवं विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाना और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाना इस अभियान की मूलभूत प्रेरणा थी।

यात्रा का मार्ग जालौन से शुरू होकर इटावा, आगरा, मथुरा, पलवल,

परमार्थ समाज सेवी संस्थान, 2 स्ट्रीट, शिवाजी नगर, झाँसी 284001
ईमेलः sanjaysingh033@gmail.com

फरीदाबाद होते हुए दिल्ली तक फैला हुआ था। जल सहेलियाँ प्रतिदिन लगभग 18 से 20 किलोमीटर पैदल चलती थीं। इस दौरान यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और शहरी बस्तियों से होकर गुजरी।

यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और उन्हें इस अभियान से जोड़ना था। जैसे यमुना चौपालों का आयोजन स्थानीय समुदायों के साथ संवाद का प्रमुख माध्यम था। इनमें नदी प्रदूषण, जल संरक्षण और स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में जल संरक्षण एवं पर्यावरण के महत्व को समझाया गया, विद्यार्थियों को भविष्य के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। जल सहेलियों ने कई स्थानों पर घाटों की सफाई की, प्लास्टिक कचरे को हटाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस पहल ने स्थानीय समुदायों को भी सक्रिय रूप से जोड़ा।

यात्रा के दौरान यमुना नदी की स्थिति कई स्थानों पर अत्यंत चिंताजनक पाई गई। सबसे गंभीर समस्या यह थी कि बिना उपचार के सीवेज का गंदा पानी सीधे नदी में प्रवाहित हो रहा था। इसके साथ ही औद्योगिक कचरे और रासायनिक अपशिष्ट ने नदी के जल को बुरी तरह प्रदूषित कर दिया था, जिसके कारण कई स्थानों पर नदी में झाग बनता देखा

गया और जल का प्रवाह पूरी तरह ठहर गया था। घाटों और नदी तट पर प्लास्टिक कचरे का भारी जमाव भी एक गंभीर समस्या के रूप में सामने आया। भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट और पेयजल की गुणवत्ता में कमी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन को कठिन बना दिया है। इन सभी कारणों का सीधा असर कृषि और ग्रामीण आजीविका पर पड़ रहा है, जिससे किसानों और आम जनता की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

इस यात्रा के दौरान जल सहेलियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रतिदिन 15 से 18 किलोमीटर पैदल चलना शारीरिक रूप से अत्यंत थकाऊ और कठिन था। कड़ाके की ठंड और प्रतिकूल मौसम ने इस चुनौती को और भी बढ़ा दिया। 500 से अधिक जल सहेलियों के बड़े दल का व्यवस्थित प्रबंधन करना और उनके लिए पर्याप्त भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करना भी एक बड़ी चुनौती रही। इसके अतिरिक्त, कुछ क्षेत्रों में लोगों की जागरूकता की कमी के कारण जन–संपर्क में भी कठिनाई आई। इन सभी चुनौतियों के बावजूद जल सहेलियों ने अपना साहस और संकल्प बनाए रखा।

इस यात्रा ने न केवल तात्कालिक जागरूकता फैलाई, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक परिवर्तन की नींव भी रखी। लगभग 1 लाख लोगों तक यमुना संरक्षण का संदेश पहुँचा और 7 जिलों में सामुदायिक चेतना का व्यापक विस्तार हुआ। कई स्थानों पर स्थानीय स्तर पर नदी संरक्षण समितियों का गठन प्रारंभ हुआ, जो इस अभियान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 34,000 से अधिक विद्यार्थियों में पर्यावरण चेतना और जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई। महिला नेतृत्व को सामाजिक आंदोलनों में एक नई और सम्मानजनक पहचान मिली। इस अभियान ने मीडिया तथा नीति–निर्माताओं का भी ध्यान आकर्षित किया, जिससे यमुना की दशा सुधारने हेतु नीतिगत स्तर पर भी संवाद प्रारंभ हुआ।

यात्रा के अनुभवों एवं स्थानीय समुदायों के साथ संवाद के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि सभी नालों पर फिल्ट्रेशन एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (ज्च्) स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। बिना उपचार के सीवेज को नदी में जाने से रोकने हेतु कठोर कानूनी प्रावधान बनाए जाने चाहिए तथा

औद्योगिक अपशिष्ट के निस्तारण पर सख्त नियंत्रण और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

यमुना नदी में न्यूनतम पर्यावरणीय प्रवाह (म्दअपतवदउमदजंस थ्सवू) बनाए रखना भी नितांत आवश्यक है ताकि नदी की जीवंतता बनी रहे। सामुदायिक स्तर पर नदी संरक्षण निगरानी समितियाँ गठित की जाएँ जो स्थानीय स्तर पर प्रदूषण पर नजर रख सकें। स्कूल और विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में जल संरक्षण को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए। अंत में, जल सहेलियों के नेटवर्क का और अधिक विस्तार करते हुए उन्हें समुचित प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ ताकि यह आंदोलन और अधिक प्रभावशाली बन सके।

अविरल–निर्मल यमुना यात्रा ने यह सिद्ध किया कि सामूहिक प्रयास और महिला नेतृत्व से बड़े सामाजिक परिवर्तन संभव हैं। यह यात्रा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक पहल है, जिसने जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सहभागिता को नई दिशा दी है। यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संदेश है कि हमारी नदियाँ हमारी सभ्यता की आत्मा हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। जल सहेलियों का यह अदम्य साहस और समर्पण समाज को सदियों तक प्रेरित करता रहेगा।

"यमुना बचाओ–भविष्य बचाओ"

जल सहेलियों का संकल्प–
अविरल रहे यमुना, निर्मल रहे यमुना

आस्था की धारा या प्रदूषण का भार? यमुना के सामने खड़ा बड़ा सवाल

संजय सिंह

करोड़ों की श्रद्धा से जुड़ी यमुना, पर दिल्ली के 22 किलोमीटर हिस्से में सिमटा 70–80 प्रतिशत प्रदूषण।

उत्तर भारत की जीवनरेखा मानी जाने वाली यमुना नदी आज दो विपरीत वास्तविकताओं के बीच खड़ी है। एक ओर यह करोड़ों लोगों की आस्था, भक्ति और संस्कृति का केंद्र है, तो दूसरी ओर बढ़ते प्रदूषण और घटते प्रवाह के कारण गंभीर संकट का सामना कर रही है। लगभग 1,376 किलोमीटर लंबी यह नदी उत्तराखंड स्थित यमुनोत्री धाम से निकलकर हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से बहती हुई प्रयागराज में गंगा से मिलती है। लगभग 3.66 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला इसका जलग्रहण क्षेत्र गंगा तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और अनुमानतः गंगा बेसिन के कुल जल प्रवाह में इसका योगदान लगभग 40 प्रतिशत तक आँका जाता है।हिंदू धर्म में यमुना को सूर्यपुत्री, यमराज की बहन तथा भगवान कृष्ण की प्रिय पत्नी कालिंदी के रूप में पूजा जाता है। ब्रज क्षेत्र विशेषकर मथुरा और वृंदावन में यमुना के प्रति गहरी आस्था देखने को मिलती है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण ने यमुना तट पर ही अपनी बाल–लीलाएँ कीं और कालिया नाग का दमन किया। मथुरा के विश्राम घाट पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु स्नान और आरती में भाग लेते हैं। प्रयागराज का त्रिवेणी संगम देश का प्रमुख तीर्थ है, जहाँ गंगा और यमुना का पावन मिलन होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यमुना में स्नान करने से पापों का नाश और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

यमुना बेसिन में छह करोड़ से अधिक लोग निवास करते हैं। अकेले दिल्ली की आबादी लगभग दो करोड़ है। कृषि, पेयजल और उद्योगों के लिए यह नदी महत्वपूर्ण स्रोत है। आगरा, इटावा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों की सिंचाई यमुना पर निर्भर करती है।

किन्तु केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्टों के अनुसार स्थिति चिंताजनक है। यमुना की कुल लंबाई का मात्र लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा दिल्ली का लगभग 22 किलोमीटर का भागकृनदी के कुल प्रदूषण का लगभग 70 से 80 प्रतिशत भार वहन करता है। दिल्ली से प्रतिदिन लगभग 3,000 मिलियन लीटर से अधिक मलजल उत्पन्न होता है। यद्यपि अनेक मलजल शोधन संयंत्र स्थापित किए गए हैं, फिर भी उपचार क्षमता और वास्तविक निर्वहन के बीच अंतर बना हुआ है। कई स्थानों पर जल में जैव–रासायनिक ऑक्सीजन मांग मानक से कई गुना अधिक पाई गई है, जबकि घुलित ऑक्सीजन का स्तर शून्य के निकट दर्ज किया गया, जो जलीय जीवन के लिए अत्यंत घातक संकेत है। विशेषज्ञों का मानना है कि कम प्रवाह, अवैध नालों का सीधा गिरना, औद्योगिक अपशिष्ट, ठोस कचरा तथा धार्मिक आयोजनों के दौरान प्लास्टिक और पूजा सामग्री का अनियंत्रित विसर्जन प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं।

1993 में प्रारंभ हुई यमुना कार्य योजना तथा बाद में नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत हजारों करोड़ रुपये व्यय कर मलजल शोधन संयंत्रों का निर्माण, नालों का अवरोधन और शहरी अवसंरचना का विकास किया गया। इसके बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि केवल योजनाएँ और ढाँचे पर्याप्त नहीं, बल्कि जनभागीदारी और नागरिक अनुशासन अनिवार्य है। धार्मिक दृष्टि से देखें तो यदि यमुना को देवी माना जाता है, तो उसकी स्वच्छता भी धर्म का ही हिस्सा होनी चाहिए। ब्रज क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक संगठन जागरूकता अभियान चला रहे हैं, जिनका उद्देश्य श्रद्धालुओं को पर्यावरण–सम्मत आचरण अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

यमुना आज भी करोड़ों लोगों की आस्था की धारा है, परंतु उसके अस्तित्व की रक्षा सामूहिक जिम्मेदारी पर निर्भर है। आस्था और व्यवहार के बीच की दूरी कम किए बिना यमुना को पुनः निर्मल और अविरल बनाना संभव नहीं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता

कृषि और संचार क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग का विश्लेषण: संभावनाएं, चुनौतियां एवं समाधान

अरविंद कुमार सिंह

सार

प्रस्तुत शोध लेख कृषि कार्य एवं संचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक के उपयोग, उससे जुड़ी संभावनाओं, चुनौतियों तथा उनके समाधान का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। वर्तमान समय में एआई तकनीक कृषि क्षेत्र में सूचना के प्रसार, निर्णय–निर्माण, उत्पादन वृद्धि तथा संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस शोध में द्वितीयक स्रोतों के आधार पर कृषि संचार में एआई के उपयोग, उससे उत्पन्न समस्याओं तथा उनके समाधान के संभावित उपायों का अध्ययन किया गया है। अध्ययन को गुणात्मक पद्धति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है, जिससे यह स्पष्ट किया जा सके कि एआई तकनीक का प्रभावी और सही उपयोग कृषि क्षेत्र के विकास तथा किसानों की आय बढ़ाने में किस प्रकार सहायक हो सकता है।

मुख्य शब्दः कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), कृषि संचार, डिजिटल कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि नवाचार

प्रस्तावना

संचार के जगत में कृषि संचार का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। अन्य प्रकार के संचार की तुलना में कृषि संचार हमारे देश के इलेक्ट्रानिक माध्यमों में विभिन्न प्रकार के विषयों में किये जाने वाले संचार से कहीं अधिक पहले और व्यवस्थित तरीके से आरम्भ किया गया। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक इसी पर आधारित रहा है। जब हम कृषि संचार की बात करते हैं तो इसको एक निश्चित परिभाषा से भी हम वर्णित करते हैं। इसके अंतर्गत कृषि से जुड़ी जानकारी जैसे–सही बीज, उर्वरक, कीट–रोग प्रबंधन, मौसम, मृदा, बाजार–भाव, सरकारी योजनाएँ को किसानों और कृषि से जुड़े लोगों तक सही समय, सही भाषा और सही माध्यम से पहुँचाया जाता है। इससे उन्हे बेहतर निर्णय लेने में मदद मिल सकती है और उत्पादन एवं आय में सुधार होता है। इस शोध लेख में आगे कृषि संचार के महत्व, उसमें एआई तकनीक का उपयोग एवं एआई संचार के सन्दर्भ में आने वाली समस्या और फिर उसके समाधान की दिशा में किये जाने वाले पहल के बारे में चर्चा की गयी है।

कृषि का देश के विकास में भूमिका – हमारे देश में कृषि संचार का महत्व काफी अधिक है। यह आरम्भ से ही कृषि आधारित अर्थव्यवस्था रही है। वर्तमान में कृषि उत्पादन सकल राष्ट्रीय उत्पाद का लगभग 18 प्रतिशत है। एक लंबे समय तक कृषि ही देश के आय का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत और साधन रहा है। आज भी हमारे देश का एक बहुत बड़ा भाग कृषि से सम्बन्धित क्रिया कलापों में लगा हुआ है। शहर को देहात से जोड़ने का यह एक बड़ा साधन है। यह रोजगारपरक तरीके से लगातार विकसित हो रहा है। यदि हम रोजगार के दृष्टि से देखें तो इस समय देश के लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्यों में संलग्न है। यह विदेशी मुद्रा का एक बड़ा स्रोत है। कृषि के इस महत्व को देखते हुए सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में बहुत बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। आरम्भ से ही कृषि के सही तरीके से करने के संदर्भ में विभिन्न प्रकार की सूचनाओं एवं जानकारियों को देने की अत्यन्त आवश्यकता रही है। (Government of India; 2023, World Bank, 2022).

कृषि संचारः–कृषि संचार वह व्यवस्थित प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसानों तथा कृषि कार्यों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों तक सूचनाएं दी जाती है। इसमें विस्तारकर्मी, वैज्ञानिक, सहकारी, एग्री–स्टार्टअप, इनपुट डीलर, मीडिया, एनजीओ तक शामिल हैं। इसमें खेती–बाड़ी से जुड़ी जानकारी, तकनीक, सलाह, बाजार एवं मौसम अपडेट, विविध योजनाएँ और कौशल जैसी सूचनाएं शामिल होती हैं। इन्हे किसानों तक समय पर, सरल और उपयोगी रूप में पहुँचाए जाते हैं। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादन, आय और स्थिरता में सुधार लाना एवं कृषि कार्य में जोखिम को कम करना होता है। हम कह सकते हैं कि कृषि संचार वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से नई कृषि तकनीकों, सूचनाओं और नवाचारों को किसानों तक पहुँचाया जाता है जिससे कि कृषि उत्पादन, आय और दक्षता में वृद्धि हो सके (Rogers, 2003).

कृषि संचार का महत्व – कृषि के महत्व को देखते हुए यह अति आवश्यक है कि कृषि संबंधी विभिन्न प्रकार की सही सूचनाओं को समय से उन सभी किसानों को दी जाये, जो कि इस कार्य में लगे हुए हैं। इसके लिए लगातार प्रयास किये जाने की भी आवश्यकता होती है। इसकी मदद से सूचनाओं का जो अन्तराल है, उसे पूरा किया जाता है। नये तकनीक एवं सम्बन्धित जानकारी का प्रचार प्रसार होता है। इसके माध्यम से वह कृषि संबंधी निर्णय जैसे बुवाई, सिंचाई, कटाई को सही तरीके से कर सकता है। कृषि संचार के माध्यम से कृषि कार्य में आने वाली समस्या एवं जोखिम कम किया जाता है और मौसम की रोग से होने वाले फसलों से नुकसान को हटाया जा सकता है। बाजार में कृषि संबंधित उत्पादों को उचित मूल्य, भंडारण,

सहायक प्रोफेसर, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ
ईमेलः aksinghmediacentre@gmail.com

सप्लाई की जानकारी दी जा सकती है। इसी तरीके से कृषि के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप किया जा रहे हैं । उनका समय से और सही तरीके से लोगों को जानकारी मिले और वह खेती में उपयोग कर सके, इस संदर्भ में भी कृषि संचार का काफी अधिक महत्व है। यह सब बातें सरकार ने काफी पहले ही महसूस की थी। इसीलिए कृषि के संदर्भ में विविध प्रकार के माध्यम से संचार क्रिया कलाप किए जाते रहे हैं। इसकी मदद से किसानों को सरकार के कार्यो एवं नीतियों के बारे में भी जानकारी मिलती है। यह कृषि उत्पादों के मार्केटिंग में सहायक होता है। कृषि के महत्व को देखते हुए यह आवश्यक है कि कृषि से संबंधित सही और उपयोगी सूचनाएँ समय पर किसानों तक पहुँचाई जाएँ, जिससे नई तकनीकों का प्रसार हो सके और किसान बुवाई, सिंचाई तथा कटाई जैसे निर्णय सही ढंग से ले सकें (Rogers, 2003; Swanson & Rajalahti, 2010).

कृषि सूचनाओं के आवश्यक घटक – कृषि से सम्बन्धित विभिन्न सूचनाएं शामिल हैं। इसकी सूची में वे सभी सूचनाएं हैं जो कि किसानों को कृषि कार्य को सफलतापूर्वक कराने एवं उसका परिणाम दिलाने के लिए आवश्यक होती हैं। कृषि सूचना एवं जानकारी में खेती से संबंधित आँकड़े, तथ्य और ज्ञान को एकत्र, व्यवस्थित और उपयोग किया जाता है। यह किसानों को बेहतर निर्णय लेने में मददगार होता है। कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले जो भी व्यक्ति हैं, उन्हे कृषि संचार के तौर पर प्रभावी खेती के लिए विविध उपाय बताये जाते रहे हैं। इसमें व्यक्तिगत् स्तर पर जा करके लोगों को सलाह देने से ले करके अन्य माध्यमों का इस्तेमाल करके संदेश दिया जाता हैं। समय पर बुवाई से ले करके बाजार तक पहुंच और सही भंडारण के लिए जानकारी दी जाती है। इसी प्रकार सरकार की विभिन्न नीतियों, क्रेडिट एवं बीमा के बारे में सही जानकारी इसी के माध्यम से दी जा सकती है। कृषि सूचना में मौसम का पूर्वानुमान, मृदा की उर्वरता, फसल स्वास्थ्य, बाजार भाव, सरकारी नीतियाँ और नई तकनीक तक की बातें शामिल हैं। यह सूचना किसानों को योजनाबद्ध खेती, जोखिम कम करने और उत्पादन बढ़ाने में मदद करती है।

आधुनिक कृषि सूचना प्रणालियाँ उपग्रह चित्रण, भौगोलिक सूचना प्रणाली, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीकों को जोड़ती हैं। इनसे मृदा नमी, कीट प्रकोप, तापमान और फसल वृद्धि के वास्तविक समय का डेटा मिलता है। विश्लेषण के बाद ये आंकड़े बुवाई, सिंचाई, खाद डालने और कटाई के सन्दर्भ में सही समय तय करने में मदद करते हैं।

कृषि सूचनाओं में कटाई के बाद भंडारण, परिवहन और विपणन जैसे क्रिया कलाप भी शामिल हैं। मोबाइल ऐप और फार्म मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर से किसानों को तुरंत मौसम चेतावनी, बाजार भाव और संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी देते हैं। सरकारी व निजी संस्थाएँ पोर्टल और प्रशिक्षण सामग्री के माध्यम से जानकारियां देती हैं। कृषि सूचना सही प्रकार से कृषि करने की रीढ़ हैं। इस प्रकार कृषि सूचना प्रणाली किसानों को मौसम, मृदा, फसल स्वास्थ्य, बाजार और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराकर उन्हें बेहतर कृषि निर्णय लेने में सहायता करती है । (FAO, 2014; Swanson & Rajalahti, 2010).

कृषि संचार के पारम्परिक तौर तरीके – कृषि संचार में विविध माध्यमों से किसानों तक कृषि सम्बन्धी जानकारी जैसे बीज, बुवाई, मौसम आदि सम्बन्धी चेतावनी और बाजार की महत्वपूर्ण सूचनाएँ पहुँचाते रहे हैं। भारत में परंपरागत कृषि संचार में व्यक्तिगत सम्पर्क, किसान सभाएँ, प्रदर्शन प्लॉट, कृषि मेले, प्रदर्शनी और यात्राएँ मुख्य साधन रहे हैं। वहीं पर, लोकगीत, नाटक, कठपुतली, चौपाल चर्चा जैसे लोकमाध्यम किसानों तक संदेश पहुँचाने के लोकप्रिय तरीके थे। सहकारी समितियाँ, कृषि विस्तार सेवाएँ और प्रगतिशील किसान गाँव–गाँव में संचार की कड़ी बनते रहे हैं। मुद्रित सामग्री में पोस्टर, पंपलेट, कैलेंडर और पुस्तिकाओं का उपयोग होता रहा है। टीवी जैसे माध्यम पर 'कृषि दर्शन' और 'किसानवाणी' जैसे कार्यक्रमों ने व्यापक पहुंच बनाई। इन सभी तरीकों ने किसानों को नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं से जोड़कर कृषि में जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा दिया।

कृषि संचार में प्रिंट मीडिया ने किसानों तक जानकारी पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है। विविध प्रकार की कृषि पत्रिकाएँ और समाचारपत्र फसल उत्पादन, रोग प्रबंधन, मौसम व बाजार भाव की जानकारी देते हैं। पुस्तिकाएँ, ब्रोशर और पंपलेट नई तकनीक, उर्वरक व सिंचाई विधियों पर सरल भाषा में मार्गदर्शन करते थे। पोस्टर, चार्ट और कृषि कैलेंडर किसानों को दृश्य रूप में साप्ताहिक और मासिक तौर पर सुझाव देते है। । कृषि विश्वविद्यालय व सहकारी समितियाँ न्यूजलेटर, बुलेटिन और प्रशिक्षण गाइड जारी करती हैं।

कृषि संचार में रेडियो मीडिया ने किसानों तक जानकारी पहुँचाने में ऐतिहासिक और प्रभावशाली भूमिका निभाई। कृषि संचार में टीवी ने रेडियो के बाद सबसे प्रभावशाली और दृश्यात्मक भूमिका निभाई। 1967 में दूरदर्शन के 'कृषि दर्शन' कार्यक्रम से लेकर 2015 में डीडी किसान' चैनल तक, टीवी ने किसानों को नई तकनीक, फसल प्रबंधन, उर्वरक उपयोग, पशुपालन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दृश्य रूप में दी। क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रम, लाइव डेमो, डॉक्यूमेंट्री और सफलता की कहानियों ने सीखना आसान बनाया। मौसम पूर्वानुमान, मंडी भाव और आपदा संबंधी चेतावनियों के मिलने से किसानों के लिए समय पर निर्णय लेना संभव हुआ। टीवी ने जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और जैविक खेती जैसे सामाजिक–पर्यावरणीय संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुँचाए।

किन्तु कृषि संचार के पारंपरिक, प्रिंट, रेडियो और टीवी माध्यमों की कई सीमाएँ रहीं है। प्रिंट मीडिया साक्षरता व भाषा पर निर्भर रहा है। इससे नवीनतम अपडेट संभव नहीं होते हैं। रेडियो केवल श्रव्य है। कार्यक्रम छूटने पर फिर से पाना संभव नही हो पाता है। इसमें त्वरित फीडबैक कठिन रहा है। इसके उपकरण की बैटरी पर निर्भरता रही है। टीवी में बिजली–उपकरण की आवश्यकता, समयबद्ध प्रसारण, स्थानीय बोली कवरेज की कमी और

एक तरफा संचार प्रभावी संचार में बाधा बने। (Ray, 2011; Melkote & Steeves, 2001).

कृषि और प्रौद्योगिकी का संबंध – कृषि और प्रौद्योगिकी का संबंध हमेशा से हमारे समाज में रहा है। पहले पारंपरिक हल, बैलगाड़ी और जल–सिंचाई जैसी तकनीकें थीं, आज आधुनिक मशीनें, ड्रोन और डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं। कृषि और प्रौद्योगिकी का संबंध आज अत्यंत गहरा और परिवर्तनकारी हो गया है। किसान अब आधुनिक तकनीकों, जैसे उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई, कृषि यंत्र, मोबाइल ऐप, ड्रोन और सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग कर रहे हैं।

कृषि, प्रौद्योगिकी और संचार का अन्तर्संबंध – कृषि, प्रौद्योगिकी और संचार का आपसी संबंध हमेशा से समाज में रहा है और समय के साथ यह और गहरा तथा जटिल हुआ है। प्राचीन काल में खेती , बैल, हल, नहरें, बीज चयन के बारे में मौखिक संदेश के माध्यम से जानकारी का आदान–प्रदान होता था। वहीं पर, आज के दौर में आधुनिक तकनीक जैसे उच्च गुणवत्ता वाले बीज, ड्रिप सिंचाई, मशीनरी, मोबाइल ऐप, ड्रोन, सेंसर और सैटेलाइट इमेजरी ने खेती के तौर–तरीके बदल दिए हैं। इन तकनीकों से उत्पादन क्षमता, लागत प्रबंधन, संसाधन संरक्षण और गुणवत्ता में वृद्धि हुई है।

संचार कृषि कार्य के पूरे ढांचे की रीढ़ है। आज मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिए रियल टाइम जानकारी मिल रही है। मौसम पूर्वानुमान, मंडी भाव, सरकारी योजनाएँ, फसल रोग चेतावनी और प्रशिक्षण अब सीधा किसानों के फोन पर उपलब्ध हैं। तकनीक और संचार के संयोजन ने किसानों को वैज्ञानिक खेती, जोखिम प्रबंधन और बाजार तक बेहतर पहुँच का अवसर दिया है। इससे किसान नवीनतम तकनीक से परिचित होने के साथ अपने अनुभव और समस्याएँ भी साझा कर पा रहे हैं। आधुनिक कृषि सूचना प्रणालियाँ किसानों को मौसम, बाजार, मृदा, तकनीक और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करके बेहतर कृषि निर्णय लेने में सहायता करती हैं (Aker, 2011; World Bank] 2017).

शोध समस्या का वर्णन – एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) तकनीक ऐसी कंप्यूटर प्रणाली है जो मानव जैसी सोच, सीखने, तर्क करने और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है। इसमें मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, विजन और रोबोटिक्स जैसी तकनीकें शामिल होती हैं। एआई डेटा का विश्लेषण कर पैटर्न पहचानती है और उसी के आधार पर भविष्यवाणी या सुझाव देती है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग, बैंकिंग और दैनिक जीवन में स्वचालन, तेज निर्णय और व्यक्तिगत सेवाएँ प्रदान करती है। एआई तकनीक से मानव कार्य सरल और प्रभावी होते हैं। कृषि क्षेत्र में एआई तकनीक का तेजी से बढ़ता उपयोग किसानों और कृषि विशेषज्ञों के लिए नई संभावनाओं को खोल रहा है। यह तकनीक मिट्टी की जांच, फसल की स्थिति का मूल्यांकन और मौसम पूर्वानुमान में सहायक सिद्ध हो रही है। इसी प्रकार से कीट और रोग पहचान, सिंचाई और पोषण प्रबंधन, और कृषि उपकरणों के स्वचालन में भी उपयोगी है। फिर भी, एआई तकनीक के प्रभावी उपयोग में कई समस्याएं सामने आ रही हैं, जैसे –

- उच्च तकनीकी लागत और छोटे किसानों के लिए विशेषज्ञता की कमी।
- एआई उपकरणों और सॉफ्टवेयर का सही प्रशिक्षण और उपयोग में कठिनाई।
- डेटा सुरक्षा और गोपनीयता से संबंधित चिंताएं।
- स्थानीय कृषि परिस्थितियों और परंपराओं के अनुसार तकनीक का सीमित अनुकूलन।

इस प्रकार, हम की सकते हैं कि कृषि कार्य और संचार में एआई तकनीक के उपयोग में संभावनाओं के साथ–साथ कई चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। अब यह जानना आवश्यक है कि एआई तकनीक कृषि क्षेत्र में किन–किन लाभकारी कार्यों को सक्षम बना रही है । इसके उपयोग में क्या समस्याएं है एवं आने वाली उन प्रमुख समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है। कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग फसल निगरानी, रोग पहचान, सिंचाई प्रबंधन और मौसम पूर्वानुमान जैसे कार्यों में तेजी से बढ़ रहा है, हालांकि इसकी उच्च लागत, तकनीकी ज्ञान की कमी और डेटा संबंधी चुनौतियाँ इसके व्यापक उपयोग में बाधा बनती हैं (Kamilaris & Prenafeta & Boldú, 2018; Liakos et al., 2018).

शोध का उद्देश्य

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य एआई तकनीक के कृषि कार्य और संचार में उपयोग, संभावनाओं, चुनौतियों और समाधान का गुणात्मक विश्लेषण करना है। यह अध्ययन निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से केंद्रित है –

1. कृषि कार्य और संचार में एआई तकनीक के वर्तमान प्रयोग और उसकी स्थिति का मूल्यांकन।
2. एआई तकनीक के उपयोग से होने वाले लाभ और अवसरों की पहचान।
3. तकनीक के प्रयोग में आने वाली प्रमुख समस्याओं और बाधाओं का विश्लेषण।
4. समस्याओं के संभावित समाधान और सुधारात्मक उपायों का प्रस्ताव।
5. भविष्य में एआई तकनीक के व्यापक और प्रभावी उपयोग के लिए नीति और रणनीतियों की सिफारिश।

शोध विधि– इस अध्ययन में गुणात्मक शोध विधि का उपयोग किया गया है। यह शोध द्वितीयक स्रोतों पर आधारित है। अध्ययन में पहले से प्रकाशित शोध पत्र, जर्नल आर्टिकल्स, सरकारी और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की रिपोर्ट, पुस्तकों और डिजिटल डेटाबेस का गहन अवलोकन और विश्लेषण किया गया है।

विश्लेषण

अध्ययन की प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित साहित्य का व्यवस्थित अवलोकन कर प्राप्त जानकारियों का वर्णनात्मक तथा व्याख्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है, जिससे कृषि कार्य और संचार में एआई तकनीक के प्रभाव, उपयोग में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान का व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत

किया जा सके। इस विधि के माध्यम से नीति निर्माताओं, कृषि विशेषज्ञों और तकनीकी विकासकर्ताओं के लिए एआई तकनीक के प्रभावी और सुरक्षित उपयोग हेतु सुझाव और रणनीतियों का प्रस्ताव तैयार किया गया। विश्लेषण के पश्चात निम्न बातें मुख्य तौर पर उभर कर सामने आई हैं।

एआई का कृषि में इस्तेमाल– कृषि में एआई का उपयोग कई तरीकों से किया जा सकता है । यह खेती को अधिक वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाता है। एआई आधारित विजन सिस्टम फसल की फोटो स्कैन कर रोग, धब्बे, रंग–परिवर्तन या बनावट की पहचान करता है। इससे समय रहते चेतावनी दे करके सही जगह पर छिड़काव या अलग किया जा सकता है। इससे नुकसान कम और उपज की गुणवत्ता बढ़ती है। स्वचालित खरपतवार नियंत्रण उपकरण में मशीन लर्निंग कैमरे अब फसल व खरपतवार में अंतर कर सही प्रकार से छिड़काव एवं रोबोट की मदद से उसे हटाते हैं। इस प्रकार से रसायनों और श्रम दोनों की बचत होती है। पशुधन की मॉनिटरिंग में एआई सेंसर व कैमरा उनके स्वास्थ्य, चाल, आहार और शरीर–स्थिति का विश्लेषण कर शुरुआती चेतावनी देता है। एआई मौसम, मिट्टी की नमी बीज किस्म, रोपाई तिथि के बारे में जानकारी देता है। कीट के लगने के आधार पर उपज का पूर्वानुमान करता है। इससे किसान बेहतर योजना बनाने और सिंचाई प्रणाली सही ढंग से कर सकते हैं। एआई मिट्टी की नमी, तापमान और फसल की स्थिति के अनुसार पानी की सही मात्रा तय कर स्वचालित तरीके से सिंचाई करता है। इससे जल–अपव्यय के साथ ही ऊर्जा खपत घटती है। एआई आधारित ड्रोन फसल की हवाई निगरानी कर पोषण कमी, रोग–कीट, जलभराव या सूखे की स्थिति की पहचान करते हैं। इससे आवश्यकतानुसार छिड़काव संभव होता हैं। इन सभी तकनीकों से जोखिम प्रबंधन, इनपुट लागत और बाजार रणनीति अधिक प्रभावी होती है। सप्लाई–चेन व मांग पूर्वानुमान – एआई का उपयोग बिक्री, कीमत, मौसम, त्यौहार, परिवहन और स्टॉक डेटा से मांग का अनुमान लगाकर खरीद, भंडारण और वितरण को सही प्रकार से करने में भी किया जाने लगा है। इसकी मदद से फसल कटाई करने से ले करके बाजार तक उसे पहुचाने में व्यय कम होता है। इससे बाजार के उतार चढ़ाव का प्रभाव कम होता है। इस प्रकार से हम देखते हैं कि वर्तमान में एआई कृषि के क्षेत्र में तकनीकी तौर पर काफी अधिक योगदान करने लगा है जो कि बहुत ही प्रभावी रूप में हैं।

इस प्रकार कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग फसल रोग पहचान, ड्रोन आधारित निगरानी, स्मार्ट सिंचाई, पशुधन मॉनिटरिंग और उपज पूर्वानुमान जैसे कार्यों में किया जा रहा है, जिससे कृषि प्रबंधन अधिक सटीक और कुशल बनता है (Kamilaris & Prenafeta & Boldú, 2018; Liakos et al., 2018).

एआई का कृषि संचार में इस्तेमाल – कृषि संचार में एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का प्रयोग आज किसानों तक जानकारी पहुँचाने के तरीके को पूरी तरह बदल रहा है। यह न केवल संदेश पहुँचाता है, बल्कि किसान की भाषा, जरूरत और स्थान को समझकर व्यक्तिगत, समयबद्ध और वैज्ञानिक सलाह भी देता है। यह निम्न प्रकार से उपयोगी है ।

1. **स्थानीय भाषा और व्यक्तिगत सलाह** – एआई किसानों की बोली और उच्चारण को पहचान कर उनकी भाषा में संदेश सुनाता है। कम साक्षर किसान भी आसानी से समझ पाते हैं। खेत, मिट्टी, मौसम और फसल–चरण की जानकारी के आधार पर किसान को व्यक्तिगत सलाह दी जाती है जिससे सही समय पर सही निर्णय लेकर लागत घटती और उपज बढ़ती है।
2. **समयबद्ध अलर्ट और चैटबॉट**– एआई प्राकृतिक आपदाओं, वर्षा, ओलावृष्टि, कीट या रोग फैलने की चेतावनी समय पर भेजता है। चैटबॉट हेल्पडेस्क किसानों के प्रश्नों का चौबीसों घंटे तुरंत उत्तर देता है और जटिल मामलों में मानव विशेषज्ञ को एस्केलेट करता है।
3. **बहुभाषी अनुवाद और सामग्री सरलीकरण**– एआई एक भाषा में तैयार संदेश को अन्य भाषाओं और बोलियों में बदलता है। लंबी तकनीकी सूचनाओं को छोटे बुलेट, इन्फोग्राफिक या ऑडियो–नोट में बदल देता है। इससे किसान को तुरंत मुख्य बात समझने में मदद मिलती है।
4. **फीडबैक विश्लेषण और तथ्य–जांच**–किसानों की कॉल, संदेश और टिप्पणियों का विश्लेषण कर संतुष्टि और समस्याओं के विषय पहचानता है। योजनाएँ और रणनीतियाँ उसी अनुसार सुधारी जाती हैं। अफवाहों और गलत दावों की पहचान कर सही जानकारी समय पर दी जाती है।
5. **प्रशिक्षण और ई–लर्निंग**– एआई आधारित पाठ्यक्रम, क्विज और प्रगति–ट्रैकिंग से किसान और कृषि विस्तार कर्मियों को लगातार प्रशिक्षण मिलता है। छोटे–छोटे कोर्स सीखने की आदत बनाते हैं।
6. **बाजार मूल्य और फोटो निदान**– एआई किसानों को मंडी भाव, मांग–पूर्वानुमान और सही बिक्री समय बताता है। किसान द्वारा भेजी गई पत्तियों या कीट की तस्वीर का प्राथमिक निदान कर उपचार सुझाता है।
7. **हाइपर–लोकल अलर्ट और प्रोफाइल सेगमेंटेशन**–एआई खेत–स्तर पर मौसम एवं अन्य खतरे की सूचना देता है। किसानों को जोत–आकार, सिंचाई, उपकरण व फसल के आधार पर समूहों में बाँटकर अलग–अलग संदेश भेजे जाते हैं।
8. **कॉल सेंटर और सोशल लिस्निंग**–एआई कॉल पर अनुवाद, उत्तर–सुझाव और संदर्भ लिंक देता है। इससे समय और लागत बचती है। सोशल मीडिया व फोरम से उभरते रोग या समस्याएँ देख करके विभाग समय पर चेतावनी जारी करता है। इससे समय पर कार्य करने में मदद मिलती है।
9. **दस्तावेज सरलीकरण और योजना पात्रता**– एआई भूमि या योजना से जुड़े दस्तावेज स्कैन कर मुख्य आँकड़े निकालता है

और किसान को सरल भाषा में अर्थ बताता है। योजनाओं के मानदंड मिलाकर फिर पात्र किसानों की पहचान करता है। इस प्रकार से वह सही योजना तक उनकी पहुँच आसान बनाता है।

10. **रिमाइंडर और प्रभाव–मापन**– एआई बुवाई, स्प्रे, टीकाकरण या सिंचाई के समय पर अलर्ट सिगनल देता है। कंटेंट की गुणवत्ता और निष्पक्षता की जाँच करता है। यह संदेश के बाद के व्यवहार व परिणाम में बदलाव का आँकलन कर कार्यक्रम की वास्तविक उपयोगिता स्पष्ट करता है।

11. **पीयर–लर्निंग और नॉलेज–बेस**– एआई समान संदर्भ वाले किसानों को जोड़कर अनुभव साझा करवाता है। किसान को उनके प्रश्नों के उत्तर दिए जाते हैं। इससे योजनाओं, तकनीक और समस्याओं के विश्वसनीय उत्तर दिये जाते हैं।

इस प्रकार से एआई कृषि संचार को तेज, सटीक, बहुभाषीय, व्यक्तिगत, समयबद्ध और इंटरैक्टिव बना रहा है। यह न केवल जानकारी देता है बल्कि प्रशिक्षण, निर्णय–सहायता, जोखिम–प्रबंधन, बाजार–जुड़ाव और तथ्य–जाँच जैसे कई कार्य कर किसानों को सक्षम बना रहा है। कृषि संचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किसानों को स्थानीय भाषा में सलाह देने, समयबद्ध अलर्ट भेजने, फसल रोग पहचान, बाजार जानकारी और निर्णय–सहायता प्रदान करने के लिए तेजी से बढ़ रहा है (Kamilaris & Prenafeta & Boldú, 2018(Liakos et al., 2018; Wolfert et al., 2017).

कृषि संचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चैटबॉट, डिजिटल सलाह प्रणाली और डेटा–आधारित निर्णय सहायता उपकरण किसानों को स्थानीय भाषा में समयबद्ध सलाह और कृषि जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं (Singh et al., 2024; Sambo, 2025; High, 2025).

एआई कृषि संचार में समस्याएँ– अध्ययन से ज्ञात होता है कि कृषि संचार में एआई के उपयोग की कई प्रकार की समस्याएं एवं चुनौतियां भी हैं। इसमें निम्न मुख्य हैं –

1. **भाषा, स्थानीयता और सामग्री की जटिलता**–भारत में भाषाओं और बोलियों की अत्यधिक विविधता है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसान अलग–अलग बोलियाँ बोलते हैं जिन्हें एआई चैटबॉट या डिजिटल सिस्टम अक्सर सही से नहीं समझ पाते। परिणामस्वरूप गलत, अधूरी या भ्रमित करने वाली सलाह किसानों तक पहुँचती है। इसके अलावा, एक ही वस्तु या रोग के अनेक स्थानीय नाम होने से एआई की पहचान क्षमता सीमित हो जाती है। दिये गये कन्टेन्ट यदि बहुत तकनीकी या लंबे होते हैं तो किसान उसे समझ नहीं पातें हैं। इस प्रकार भाषायी स्थानीयकरण और सरल शब्दावली का अभाव कृषि संचार में एआई के प्रभावी उपयोग को सीमित करता है।

2. **डेटा, पूर्वानुमान और तकनीकी अवसंरचना की समस्या**– ग्रामीण भारत में विश्वसनीय, नवीनतम और सही डेटा की भारी कमी है। मिट्टी, मौसम, रोग, जल या बाजार से जुड़ी जानकारी कई बार अधूरी या असंगत होती है। इस कारण से एआई सिस्टम गलत या संदर्भहीन सलाह भी देता है। इसी प्रकार, एआई आधारित पूर्वानुमान मॉडल पूरी तरह गणना–आधारित होते हैं। अतः मौसम, रोग फैलाव या बाजार भाव में कई बार अनुमान गलत भी साबित होते हैं। कमजोर नेटवर्क, फीचर फोन, सीमित स्टोरेज और उपकरणों की कमी इसके तकनीकी संरचना को और जटिल बना देती है। इसी प्रकार से विभिन्न विभागों या ऐप्स के बीच डेटा समन्वय का अभाव भी एआई प्रणाली की कार्यक्षमता घटाता है।

3. **एल्गोरिदिमक पक्षपात, सुरक्षा और कानूनी जोखिम**–एआई के एल्गोरिदम में भाषा, लिंग, भूमि आकार या डिजिटल पहुँच के आधार पर पूर्वाग्रह मौजूद हो सकता है। इसके कारण गलत सलाह दी जा सकती है। किसानों के निजी डेटा की सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्न है। कई बार डेटा चोरी या दुरुपयोग से गोपनीयता एवं निजता का उल्लंघन होता है। इसके साथ ही, एआई द्वारा दिए गए सुझावों से यदि नुकसान हो जाए तो जिम्मेदारी तय करना कठिन होता है, क्योंकि इन तकनीकों के लिए स्पष्ट नियामकीय और कानूनी ढाँचा अभी विकसित नहीं हुआ है। कीटनाशक, बीज, खाद या सहमति से जुड़ी नीतियाँ भी अधूरी हैं, जिससे कानूनी जोखिम बढ़ जाते हैं।

4. **सामाजिक विश्वास, डिजिटल साक्षरता और फीडबैक की कमी**– कई किसान एआई तकनीक पर भरोसा नहीं करते या उन्हें ऐप चलाने की जानकारी नहीं होती। ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण तकनीकी नवाचारों का उपयोग सीमित रह जाता है। साथ ही, किसानों के अनुभव या प्रश्नों को एआई सिस्टम में फीडबैक के रूप में नियमित रूप से नहीं डाला जाता, जिससे सुधार की प्रक्रिया धीमी रहती है। परिणामस्वरूप, उपयोगकर्ता का भरोसा घटता है और एआई सिस्टम स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाता।

5. **संगठनात्मक, संचार और रणनीतिक चुनौतियाँ**–कृषि संचार में एआई के प्रयोग की सफलता संगठनात्मक एकरूपता और नीतिगत स्थिरता पर निर्भर करती है। कई बार संस्थाएँ एक ही वेंडर पर निर्भर हो जाती हैं। इस कारण से तकनीकी विविधता और विकल्प सीमित हो जाते हैं। इसके अलावा, एआई चैटबॉट कई बार बनावटी या अनावश्यक उत्तर उत्पन्न करते हैं। यह किसानों को भ्रमित कर सकते हैं। डिजिटल माध्यम पर गलत दावे, अफवाहें और मिथ्या–सूचनाएँ तेजी से फैलती हैं, जिससे किसानों को आर्थिक हानि हो सकती है। अंततः, एआई आधारित कार्यक्रमों

के प्रभाव का सही मूल्यांकन कठिन होता है। यह समझना मुश्किल है कि वास्तव में किसानों के व्यवहार, उपज या निर्णय लेने की क्षमता में कितना सुधार हुआ। कृषि संचार में एआई के उपयोग के दौरान भाषा विविधता, डेटा की गुणवत्ता, डिजिटल अवसंरचना की कमी, एल्गोरिदिमक पक्षपात और डेटा सुरक्षा जैसे कई प्रकार की चुनौतियाँ सामने आती हैं (Walter et al., 2017; Birner et al., 2024).

एआई संचार की समस्या का समाधान – एआई के सन्दर्भ में जिन समस्याओं की चर्चा की गयी है, उनके समाधान के तौर तरीके भी विकसित किये गये हैं। इससे इन समस्याओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। भाषा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि एआई टूल्स को सरल भाषा और बोलियां में इस प्रकार से तैयार किया जाये जिससे कि स्थानीय स्तर पर संचालित करने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। वह उसे अच्छे तरीके से संवाद स्थापित कर सके। उन्हें इसके साथ किसी प्रकार की कोई अजनबीपन का एहसास न हो। ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल माध्यम के पहुंच को बढ़ाये जाने की आवश्यकता है । यहां पर सस्ते इंटरनेट बेहतर नेटवर्क उपलब्ध कराए जाना चाहिए। किसानों को ऑफलाइन वाले ऐप उपलब्ध कराने चाहिए। सरकार को निजी कंपनियों को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को ऐसे क्षेत्र में मजबूत किया जाना चाहिए।

रजिस्टर साक्षरता डिजिटल तकनीक उपलब्ध कराने के साथ ही उसके ऑपरेट करने के संदर्भ में भी लोगों को सही तरीके से शिक्षित एवं प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इस प्रकार की सेवाओं को विश्वसनीय संस्थानों जैसे विश्वविद्यालय, सरकारी एजेंसी से देनी चाहिए। एआई मॉडल को इस तरीके से तैयार किया जाना चाहिए, जिससे कि वह स्थानीय स्तर के फसल, मिट्टी, मौसम, खेती की स्थिति के डाटा को सही तरीके से एकत्र करे। फिर उसे वह छोटे और सीमांत किसानों को भी उनके जरूरत से संबंधित जानकारी को उपलब्ध कराये और वह अधिक से अधिक उपयोगी बने।

कृषि के संदर्भ में किसानों को जो कुछ भी डाटा होते हैं, वे काफी महत्वपूर्ण होते हैं। उसकी सुरक्षा, गोपनीयता के लिए आवश्यक कानून बनाए जाने चाहिए। इसी प्रकार से यह भी ध्यान देना चाहिए कि किसको यह अधिकार दिया जाये जिससे कि वह आवश्यकता के अनुसार ही अपने डेटा को साझा करें। इसे वह जहां जरूरी हो, वहीं पर उपयोग करे।

किसानों को विभिन्न कृषि संबंधित सूचनाओं के संदर्भ में जो पूर्वानुमान बताए जाते हैं, उसमें यह देखा जाना चाहिए कि किसी भी निर्णय लेने से पूर्व अन्य तरीके से इसके प्रति सुनिश्चित हो जाए । इसका कारण यह है कि एआई द्वारा जो सूचना दी जाती है, वह हर प्रकार से सही नहीं हो सकती हैं। इसलिए निर्णय लेने से पहले कई अन्य स्रोतों की जानकारी को भी देखना जरूरी है और सरकार और किसी वैज्ञानिक तरीके से समझ करके साक्ष्यों की जांच करनी चाहिए।

कृषि के बारे में एआई द्वारा सूचना देने के लिए बड़े मॉडल विकसित करने की जगह छोटे हल्के और ऊर्जा कुशल मॉडल को विकसित किया जाना चाहिए । वे ऐसे होने चाहिए जो ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर एनर्जी द्वारा आसानी से संचालित किया जा सके। इस प्रकार से बिजली ऊर्जा की किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न हो। कृषि संचार में एआई के प्रभावी उपयोग के लिए स्थानीय भाषाओं में डिजिटल सलाह प्रणालियाँ, बेहतर डिजिटल अवसंरचना, किसानों के लिए प्रशिक्षण और सुरक्षित डेटा प्रबंधन आवश्यक माने जाते हैं (Birner et al., 2024; Trendov et al., 2019).

निष्कर्ष

कृषि संचार में एआई का प्रयोग किसानों तक जानकारी को तेज, सटीक और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप पहुँचाने में अत्यंत सहायक हो सकता है। इससे मौसम, बाजार भाव, रोग–नियंत्रण, संसाधन प्रबंधन और तकनीकी सलाह समय पर मिलती है, जिससे उत्पादन और आय में सुधार होता है। परंतु भाषा–बोली की विविधता, डेटा की गुणवत्ता, डिजिटल अवसंरचना की कमी और मानवीय संवेदनशीलता की अनुपस्थिति जैसी सीमाएँ इसके पूर्ण प्रभाव को बाधित करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि एआई के साथ स्थानीय विशेषज्ञता और मानवीय संवाद को जोड़कर संतुलित, सहभागी और विश्वसनीय कृषि संचार व्यवस्था विकसित की जाए।

संदर्भ सूची

1. Aker, J. C. (2011). Dial "A" for agriculture: Using information and communication technologies for agricultural extension in developing countries. *Agricultural Economics, 42*(6), 631–647. https://doi.org/ 10.1111/j.1574-0862.2011.00545.x
2. Birner, R., Daum, T., & Pray, C. (2024). Who drives the digital revolution in agriculture? A review of digital agriculture innovations, governance and risks. *Global Food Security, 40*, 100742. https://doi.org/10.1016/j.gfs.2023.100742
3. Food and Agriculture Organization of the United Nations. (2014). *Information and communication technologies for agriculture.*
4. Government of India, Ministry of Finance. (2023). *Economic Survey 2022–23*. https://www.indiabudget.gov.in/economicsurvey/
5. High, C. (2025). Artificial intelligence for agricultural extension: Supporting digital advisory systems. *Journal of Agricultural Extension and Rural Development*. https://doi.org/10.1177/24551333251345224
6. Kamilaris, A., & Prenafeta-Boldú, F. X. (2018). Deep learning in agriculture: A survey. *Computers and Electronics in Agriculture, 147*, 70–90. https://doi.org/10.1016/j.compag.2018.02.016
7. Liakos, K. G., Busato, P., Moshou, D., Pearson, S., & Bochtis, D. (2018). Machine learning in agriculture: A review. *Sensors, 18*(8), 2674. https://doi.org/10.3390/s18082674
8. Melkote, S. R., & Steeves, H. L. (2001). *Communication for development in the Third World: Theory and practice for empowerment* (2nd ed.). SAGE Publications.
9. Ray, G. L. (2011). *Extension communication and management* (8th ed.). Kalyani Publishers.
10. Rogers, E. M. (2003). *Diffusion of innovations* (5th ed.). Free Press.

11. Sambo, T. H. (2025). NLP-based multilingual chatbots for farmer advisory systems. *International Journal of Engineering Technology Research & Management*. https://doi.org/10.5281/zenodo.17136502
12. Singh, N., Wang'ombe, J., Okanga, N., Zelenska, T., Repishti, J., Mishra, S., & Nambi, A. (2024). *Farmer.Chat: Scaling AI-powered agricultural services for smallholder farmers*. arXiv Preprint. https://arxiv.org/ abs/2409.08916
13. Swanson, B. E., & Rajalahti, R. (2010). *Strengthening agricultural extension and advisory systems: Procedures for assessing, transforming, and evaluating extension systems*. World Bank. https:// openknowledge.worldbank.org/handle/10986/23993
14. Trendov, N. M., Varas, S., & Zeng, M. (2019). *Digital technologies in agriculture and rural areas: Status report*. Food and Agriculture Organization of the United Nations. https://www.fao.org/3/ca4887en/ca4887en.pdf
15. Walter, A., Finger, R., Huber, R., & Buchmann, N. (2017). Smart farming is key to developing sustainable agriculture. *Proceedings of the National Academy of Sciences of the United States of America*, **114**(24), 6148–6150. https://doi.org/10.1073/ pnas.1707462114
16. Wolfert, S., Ge, L., Verdouw, C., & Bogaardt, M.-J. (2017). Big data in smart farming: A review. *Agricultural Systems, 153*, 69–80. https://doi.org/ 10.1016/ j.agsy.2017.01.023
17. World Bank. (2017). *ICT in agriculture: Connecting smallholders to knowledge, networks, and institutions* (Updated ed.). World Bank. https://doi.org/ 10.1596/978-1-4648-1002-2
18. World Bank. (2022). *Employment in agriculture (% of total employment) – India*. World Bank Data. https://data. worldbank.org/indicator/SL.AGR.EMPL.ZS?locations=IN

संस्कृत

न्यून जल सस्यानि–श्रीअन्नं

गणेश बाजपेयी

श्रीअन्नं (मिलेट्स) भारतीयपरम्परायां पोषणस्य स्वास्थ्यस्य च अमूल्यः स्रोतः मन्यते। ज्वारः, बाजरः, रागी, कोदो, कुटकी इत्यादयः धान्यप्रकाराः सामूहिकरूपेण श्रीअन्नम् इति कथ्यन्ते। एतानि धान्यानि प्रोटीन, रेशा (फाइबर), लोह (आयरन), कैल्शियम तथा विविधैः विटामिनैः समृद्धानि सन्ति, येन शरीराय ऊर्जा प्राप्यते तथा अनेकाभ्यः रोगेभ्यः रक्षणं भवति। श्रीअन्नस्य विशेषता एषा अपि अस्ति यत् एतानि अल्पेनापि जलेन संवर्धयितुं शक्यन्ते तथा जलवायुपरिवर्तनस्य प्रति अधिकं सहनशीलानि सन्ति, अतः कृषकाणामपि हितकराणि भवन्ति। अद्यतनकाले स्वस्थजीवनशैल्यार्थं श्रीअन्नस्य महत्त्वं पुनः वर्धमानं दृश्यते, तथा च एतत् पोषणस्य, पर्यावरणसंरक्षणस्य तथा टिकाऊकृषेः आधाररूपेण मन्यते।

श्रीअन्नं स्वास्थ्यस्य सहायकं भवति एव, अपि तु आर्थिकदृष्ट्या अपि लाभकरं भवति। अद्य अस्य प्रियकर्तृणां संख्या अपि निरन्तरं वर्धते।

श्री अन्न (मिलेट्स) को भारतीय परंपरा में पोषण और स्वास्थ्य का अमूल्य स्रोत माना जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी जैसे मिलेट्स को ही सामूहिक रूप से श्री अन्न कहा जाता है। ये अनाज प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और विटामिनों से भरपूर होते हैं, जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और अनेक बीमारियों से बचाव होता है। श्री अन्न की विशेषता यह भी है कि इन्हें कम पानी में उगाया जा सकता है और ये जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक सहनशील होते हैं, इसलिए किसानों के लिए भी लाभकारी हैं। आज के समय में स्वस्थ जीवनशैली के लिए श्री अन्न का महत्व फिर से बढ़ रहा है और इसे पोषण, पर्यावरण संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि का आधार माना जा रहा है।

श्री अन्न स्वास्थ्य के साथ साथ आर्थिक रूप से भी सहायक है। आज इसको पसंद करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।

Disclaimer (अस्वीकरण):

यह सामान्य जानकारी सद उद्देश्य से प्रस्तुत की गई है तथा जानकारी भिन्न भिन्न जगहों से एकत्रित व सामान्य ज्ञान पर आधारित है। इसका उद्देश्य किसी प्रकार की चिकित्सा, पोषण या व्यावसायिक सलाह प्रदान करना नहीं है। किसी भी स्वास्थ्य, आहार या कृषि संबंधी निर्णय लेने से पहले संबंधित विशेषज्ञ या योग्य व्यक्ति से परामर्श लेना उचित होगा। इसमें दी गई जानकारी के उपयोग से होने वाले किसी भी लाभ या हानि के लिए प्रस्तुतकर्ता उत्तरदायी नहीं होगा।

प्रबुद्ध जन अपनी प्रज्ञा से इसका उपयोग करें।

एल्डिको, उद्यान–2, लखनऊ
ईमेलः gsbajpai1591963@gmail.com

न्यायालय

संविधान और संवेदना का संगम : गरिमा के साथ मृत्यु पर एक महत्वपूर्ण निर्णय

आशीष सिंह

करुणा, संवेदना और संविधान के बीच एक मानवीय निर्णय

"जीवन केवल सांसों का नाम नहीं, सम्मान और गरिमा से विदा होने का भी अधिकार है।"

कभी–कभी न्याय केवल कानून की व्याख्या भर नहीं होता, बल्कि वह मानवीय संवेदना और करुणा का भी स्वर बन जाता है। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनाया गया एक महत्वपूर्ण निर्णय इसी मानवीय दृष्टि का उदाहरण है।

गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देकर सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि संविधान केवल मनुष्य को जीने का अधिकार ही नहीं देता, बल्कि जीवन की अंतिम अवस्था में गरिमा के साथ मृत्यु के अधिकार को भी मान्यता देता है। यह निर्णय कानून, नैतिकता और मानवीय संवेदना के संगम का प्रतीक बन गया है।

तेरह वर्षों की मौन पीड़ा

हरीश राणा की जीवन कथा एक ऐसी त्रासदी है जिसमें समय जैसे थम गया हो। वर्ष 2013 में चंडीगढ़ में पढ़ाई के दौरान एक इमारत की चौथी मंज़िल से गिर जाने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई और वे कोमा की अवस्था में चले गए।

उस दिन के बाद से उनका जीवन एक स्थिर अवस्था में रुक गया। लगभग तेरह वर्षों तक वे कोमा में रहे। चिकित्सकों के अनुसार इतने लंबे समय तक कोमा में रहने के बाद उनके स्वस्थ होने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी थी।

लगातार बिस्तर पर पड़े रहने के कारण उनके शरीर पर कई घाव भी हो गए थे और उनका जीवन केवल जीवन रक्षक उपकरणों के सहारे ही चल रहा था।

ऐसी स्थिति में उनके माता–पिता के सामने एक अत्यंत कठिन और भावनात्मक निर्णय था। उन्होंने न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया और अपने पुत्र के लिए इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी। उनका कहना था कि जब जीवन की वास्तविक संभावना समाप्त हो चुकी है, तब केवल कृत्रिम साधनों के सहारे उसे बनाए रखना मानवीय दृष्टि से उचित नहीं है।

न्यायालय की मानवीय संवेदना

इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने निर्देश दिया कि हरीश राणा को शांतिपूर्ण देखभाल व्यवस्था में रखा जाए।

इस प्रकार की चिकित्सा व्यवस्था का उद्देश्य असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को उपचार के बजाय आराम, सहारा और गरिमा प्रदान करना होता है। विशेष रूप से तब, जब चिकित्सा की सभी संभावनाएँ समाप्त हो चुकी हों।

न्यायालय ने अपने निर्णय में यह महत्वपूर्ण बात कही कि जिस प्रकार प्रत्येक नागरिक को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है, उसी प्रकार उसे गरिमा के साथ मृत्यु का अधिकार भी मिलना चाहिए। यह विचार मानवाधिकारों की उस संवेदनशील समझ को दर्शाता है जिसमें जीवन की गुणवत्ता को भी उतना ही महत्व दिया जाता है जितना जीवन की अवधि को।

न्यायिक दृष्टिकोण का क्रमिक विकास

भारत में इच्छामृत्यु से जुड़ा न्यायिक दृष्टिकोण धीरे–धीरे विकसित हुआ है। वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग से जुड़े ऐतिहासिक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी।

इसके बाद वर्ष 2018 में Common Cause vs Union of India के महत्वपूर्ण निर्णय में इसे संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई और पूर्व इच्छा पत्र की व्यवस्था को स्वीकार किया गया।

पूर्व इच्छा पत्र के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति पहले से यह लिखित रूप में घोषित कर सकता है कि यदि भविष्य में वह किसी असाध्य बीमारी या ऐसी स्थिति में पहुँच जाए जहाँ सामान्य जीवन की संभावना समाप्त हो जाए, तो उसे कृत्रिम जीवन रक्षक उपकरणों के सहारे जीवित न रखा जाए।

उद्धरण

"गरिमा केवल जीवन की पहचान नहीं,

बल्कि जीवन के अंतिम क्षणों की भी आवश्यकता है।"

करुणा का संवैधानिक स्वर

हरीश राणा का मामला केवल एक व्यक्ति की पीड़ा की कहानी नहीं है, बल्कि यह समाज के सामने एक गहरा मानवीय प्रश्न भी प्रस्तुत करता है–क्या जीवन की अंतिम अवस्था में भी मनुष्य की गरिमा का सम्मान होना चाहिए?

सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय हमें यह समझाता है कि न्याय केवल नियमों और प्रावधानों का विषय नहीं है। न्याय तब पूर्ण होता है जब उसमें मानवीय संवेदना, करुणा और गरिमा का समावेश हो।

इस प्रकार यह निर्णय भारतीय न्यायपालिका की उस मानवीय दृष्टि को उजागर करता है जिसमें संविधान केवल अधिकारों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि मानव गरिमा का संरक्षक भी है।

अलीगंज, लखनऊ
ईमेलः ashisonu141@gmail.com

महिला विमर्श

नारी : त्याग, शक्ति और प्रेम का प्रतीक

विभा कनन

मानव सभ्यता के निर्माण तथा विकास की कहानी नारी के बिना अपूर्ण है। नारी केवल जीवन को जन्म देने वाली शक्ति ही नहीं, बल्कि उसे संस्कारों, प्रेम और त्याग से संवारने वाली महान सृजक भी है। भारतीय संस्कृति में नारी को सृष्टि की आधारशिला माना गया है। वह एक साथ अनेक भूमिकाएँ निभाती हैकृमाँ, बहन, पत्नी, बेटी, मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत। अपने त्याग, साहस, ममता और प्रेम से वह समाज को संवेदनशील और संतुलित बनाती है। नारी को सदा से त्याग, शक्ति और प्रेम का प्रतीक माना गया है, क्योंकि उसके जीवन का प्रत्येक अध्याय इन गुणों से परिपूर्ण होता है।

नारी का त्याग : जीवन की महानता का परिचायक

नारी के जीवन में त्याग का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। त्याग केवल भौतिक वस्तुओं का त्याग नहीं होता, बल्कि अपनी इच्छाओं, सुख–सुविधाओं और सपनों को दूसरों की खुशी के लिए समर्पित करना भी त्याग ही है। नारी अपने जीवन के प्रत्येक चरण में त्याग

का परिचय देती है। बचपन में वह अपने परिवार की मर्यादाओं और संस्कारों को स्वीकार करती है, युवावस्था में अपने माता–पिता का घर छोड़कर नए परिवार में प्रवेश करती है और मातृत्व प्राप्त होने पर अपने संपूर्ण जीवन को बच्चों के पालन–पोषण में समर्पित कर देती है।

एक माँ का त्याग ही सबसे बड़ा त्याग है। वह अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दिन–रात मेहनत करती है। अपने आराम, स्वास्थ्य और इच्छाओं को पीछे छोड़कर बच्चों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देती है। माँ के इस त्याग में कोई स्वार्थ नहीं होता, बल्कि उसमें केवल ममता और स्नेह की भावना होती है।

भारतीय इतिहास और पौराणिक कथाओं में भी नारी के त्याग के अनेक उदाहरण मिलते हैं। माता सीता का वनवास और उनकी सहनशीलता नारी के धैर्य और त्याग का अनुपम उदाहरण है। पन्ना धाय ने अपने पुत्र का बलिदान देकर मेवाड़ के राजकुमार की रक्षा की, जो त्याग की पराकाष्ठा को दर्शाता है। रानी पद्मिनी का जौहर भी नारी के आत्मसम्मान और बलिदान का प्रतीक माना जाता है।

आज के आधुनिक समाज में भी अनेक महिलाएँ अपने परिवार और समाज के लिए त्याग कर रही हैं। कार्यरत महिलाएँ घर और कार्यालय दोनों की जिम्मेदारियों को संतुलित करते हुए अपने जीवन को समर्पित करती हैं। उनका यह त्याग समाज की स्थिरता और समृद्धि का आधार बनता है।

नारी की शक्ति : साहस, आत्मविश्वास और संघर्ष का प्रतीक

नारी केवल त्याग की मूर्ति ही नहीं, बल्कि शक्ति का साकार रूप भी है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी शक्ति के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा, काली और सरस्वती जैसी देवियाँ नारी की शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक हैं। यह दर्शाता है कि नारी केवल कोमलता

और ममता की प्रतिमूर्ति ही नहीं, बल्कि साहस और पराक्रम की भी प्रतीक है।

इतिहास साक्षी है कि जब–जब समाज या राष्ट्र संकट में पड़ा, तब–तब नारियों ने अपने अद्भुत साहस का परिचय दिया। झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध लड़कर वीरता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि नारी किसी भी परिस्थिति में कमजोर नहीं होती।

आधुनिक युग में भी महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी शक्ति का परिचय दे रही

शिक्षिका, मं0नं0 26 कृष्ण राघवन नगर, बोडिपलायम, मदुकरई, कोयम्बतूर, तमिलनाडु 641105
ईमेलः vibha2023@yahoo.com

हैं। विज्ञान के क्षेत्र में कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में भारत का नाम रोशन किया। खेल जगत में मैरी कॉम, पी. वी. सिंधु और साक्षी मलिक ने अपनी प्रतिभा से देश को गौरवान्वित किया। राजनीति और प्रशासन में भी अनेक महिलाएँ महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए समाज को नई दिशा दे रही हैं।

नारी की शक्ति केवल बाहरी उपलब्धियों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह मानसिक और भावनात्मक दृढ़ता में भी दिखाई देती है। कठिन परिस्थितियों में भी नारी धैर्य और साहस के साथ परिवार और समाज को संभालने की क्षमता रखती है। यही उसकी वास्तविक शक्ति है।

नारी का प्रेम : मानवता की आधारशिला

नारी के व्यक्तित्व का सबसे सुंदर और पवित्र पक्ष उसका प्रेम है। नारी का प्रेम निस्वार्थ, असीम और पवित्र होता है। एक माँ का प्रेम संसार में सबसे महान और पवित्र माना जाता है। माँ अपने बच्चे के लिए हर कष्ट सहने को तैयार रहती है। उसका स्नेह और ममता बच्चे के जीवन को सुरक्षा और आत्मविश्वास प्रदान करती है।

नारी का प्रेम केवल माँ के रूप तक सीमित नहीं होता। वह पत्नी के रूप में अपने जीवनसाथी का साथ निभाती है और परिवार को प्रेम और विश्वास के धागे में बाँधकर रखती है। बहन के रूप में वह भाई के जीवन में स्नेह और संरक्षण का भाव लाती है और बेटी के रूप में घर में खुशियों और आशाओं का संचार करती है।

नारी के प्रेम की शक्ति ही परिवार को एकजुट रखती है। यदि परिवार समाज की इकाई है, तो नारी उस इकाई की आत्मा है। उसके प्रेम और संवेदनशीलता के बिना समाज कठोर और असंतुलित हो सकता है।

आधुनिक समाज में नारी की बदलती भूमिका

आज के समय में नारी की भूमिका पहले से कहीं अधिक व्यापक हो गई है। शिक्षा और जागरूकता के कारण महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं। वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं और समाज के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं।

महिलाएँ आज केवल घर की जिम्मेदारियाँ ही नहीं निभा रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी परिवार को मजबूत बना रही हैं। व्यवसाय, शिक्षा, चिकित्सा, सेना, राजनीति और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाएँ अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं।

सरकार और समाज द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम जैसे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और महिला सशक्तिकरण योजनाएँ महिलाओं के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन प्रयासों के कारण महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ रही है। फिर भी समाज में महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। लैंगिक भेदभाव, घरेलू हिंसा, शिक्षा और रोजगार में असमानता जैसी समस्याएँ आज भी मौजूद हैं। इन चुनौतियों को समाप्त करने के लिए समाज को अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है।

भारतीय संस्कृति में नारी का गौरवपूर्ण सीन

भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। वेदों और पुराणों में नारी को 'शक्ति' और 'सृजन' का स्रोत बताया गया है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता" अर्थात जहाँ

नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का वास होता हैकृयह श्लोक नारी के महत्व को स्पष्ट करता है। भारतीय संस्कृति में नारी केवल परिवार की संरक्षक ही नहीं, बल्कि समाज के नैतिक मूल्यों की संरक्षक भी मानी जाती है। वह अपने संस्कारों और मूल्यों से आने वाली पीढ़ी को दिशा प्रदान करती है। नारी के संस्कार ही समाज की संस्कृति और सभ्यता को बनाए रखते हैं।

नारी सशक्तिकरण : समय की आवश्यकता

समाज के समग्र विकास के लिए नारी का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। जब तक महिलाएँ शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नहीं होंगी, तब तक समाज पूर्ण रूप से प्रगति नहीं कर सकता। महिलाओं को समान अवसर, शिक्षा और सम्मान प्रदान करना समाज की जिम्मेदारी है।

नारी सशक्तिकरण केवल महिलाओं का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का सशक्तिकरण है। जब नारी मजबूत होगी, तभी परिवार और समाज भी मजबूत होंगे। महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान प्रदान करना आवश्यक है।

नारी और नैतिक मूल्यों का संरक्षण

नारी समाज में नैतिकता और संस्कारों की वाहक होती है। वह बच्चों को सही और गलत का ज्ञान देती है और उन्हें अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। उसकी शिक्षा और संस्कार समाज को

सभ्य और संवेदनशील बनाते हैं।

आज के भौतिकवादी युग में जहाँ मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है, वहाँ नारी का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। वह अपने प्रेम, त्याग और धैर्य से समाज को संतुलित बनाए रखती है और मानवीय संवेदनाओं को जीवित रखती है।

नारी : प्रेरणा और परिवर्तन की शक्ति

नारी केवल परिवार और समाज की संरक्षक ही नहीं, बल्कि परिवर्तन की प्रेरणा भी है। जब नारी शिक्षित और जागरूक होती है, तो वह पूरे परिवार और समाज को प्रगति की दिशा में अग्रसर करती है। एक शिक्षित महिला आने वाली पीढ़ी को संस्कार और ज्ञान प्रदान करती है, जिससे समाज का भविष्य उज्ज्वल बनता है। आज की नारी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग है। वह समाज में समानता और सम्मान की मांग कर रही है और अपने आत्मसम्मान के लिए संघर्ष कर रही है। यह परिवर्तन समाज के विकास के लिए आवश्यक है।

नारी त्याग, शक्ति और प्रेम का अद्भुत संगम है। उसके बिना समाज और मानव जीवन की कल्पना अधूरी है। वह परिवार की आधारशिला, समाज की प्रेरणा और राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार है। आज आवश्यकता है कि समाज नारी के योगदान को समझे और उसे उचित सम्मान और अवसर प्रदान करे। महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर ही हम एक समृद्ध, संतुलित और संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकते हैं। नारी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन की वह शक्ति है जो संसार को सुंदर, संवेदनशील और सशक्त बनाती है। उसके त्याग में महानता, उसकी शक्ति में साहस और उसके प्रेम में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण छिपा हुआ है। इसलिए नारी का सम्मान करना और उसे आगे बढ़ने का अवसर देना प्रत्येक समाज का कर्तव्य होना चाहिए। नारी का उत्थान ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

हरियाणवी

हरियाणवी गजल

मंगतराम शास्त्री "खड़तल"

झूठ कै ब्योपार म्हं जुट रे निरे माणस।
बेबसी कै जाळ म्हं फंसरे खरे माणस।।

छोड दी हमनै भि करणी बंदगी क्यूं के
आप खुद भगवान बण बैठ्ठे बुरे माणस।

बात न्या की करणिये थोड़े बचे इब तो
चौधरी बण रे घणे ठाईगिरे माणस।

ढंग रिश्वत का नया इब तो कमीशन सै
दफ्तरां की इस चलाक्की म्हं घिरे माणस।

धर्म–धरती–धन–सियासत–घिण–घमंड–औरत
किस नै बेरा इनपै कितने कटमरे माणस।

देण कुदरत की हवा–पाणी–जमीं–जंगळ
इन प कब्जा करण लग रे घणखरे माणस।

जोर तानाशाह का जित भी हुया जग म्हं
उस जगांह् सच कहण तै जाब्बक डरे माणस।
भोत से रुजगार बिन, टोट्टै–बिमारी म्हं
आदमी की जून म्हं सैं अधमरे माणस।

आण दुज्जै की भकाई म्हं घणें न्यूंएं
प्यार म्हं तकरार करलें सिरफिरे माणस।

थी कदे इज्जत गुहाण्डां तक भि जिनकी वें
इब जियादातर उसुल्लां तै गिरे माणस।

ताल–सुर–लय–साज और अभ्यास बिन गा कै
किरकिरा कर दें मजा यें बेसुरे माणस।

तर्कसम्मत बात जिननै भी करी 'खड़तल'
फण्डियां की आंख म्हं वें रड़करे माणस।

शास्त्री भवन, नया जवाहर नगर, चौड़ी गली, नजदीक जाइट इंजीनियरिंग कालेज, सफीदो रोड, जींद
ईमेलः mangatshastri@gmail.com

Our Rivers-1

Special Section: Ganga, Yamuna and other rivers
Peer Reviewsd

Ecological and Public Health Risks of Emerging Contaminants in the River Ganga

Sejal Shukla[1], Seema Mishra[1,*], Ruchi Agnihotri[2] and Sanjay Dwivedi[2,3]

Abstract

With ongoing development and industrialization, the synthesis and use of new chemicals are increasing rapidly, leading to their growing release into the environment as emerging contaminants (ECs). These contaminants are increasingly detected in rivers and other surface water bodies, posing significant risks to aquatic ecosystems and human health. This article examines the occurrence and levels of various classes of ECs in the River Ganga. Major categories include pharmaceuticals, personal care products (PCPs), pesticides, microplastics (MPs), plasticizers, endocrine-disrupting chemicals (EDCs), persistent organic pollutants (POPs), and disinfection by-products (DBPs). Among these, microplastics, PFAS, and banned pesticides have recently emerged as major contaminants of concern. Microplastics have been reported at notably high levels, reaching up to 1550 particles L^{-1} in water and 1300 particles kg^{-1} in sediments in the upper Himalayan stretch (Gangotri-Haridwar), indicating increasing anthropogenic pressure even in upstream regions. Per- and polyfluoroalkyl substances (PFAS) are dominated by short-chain compounds such as perfluorobutanesulfonic acid (PFBS), with concentrations up to 10.2 ng L^{-1}, and hotspots observed in downstream regions near Kanpur and Patna. Pharmaceuticals also show elevated concentrations (up to 822.81 ng L^{-1}), largely dominated by caffeine (743 ng L^{-1}), reflecting the strong influence of untreated domestic wastewater. Similarly, pesticide concentrations as high as 16,220 ng L^{-1} have been reported in the middle Ganga stretch, with elevated levels of a-BHC and DDT indicating both historical persistence and ongoing agricultural inputs, despite the ban on DDT for agricultural use since 1989.Thus, the middle Ganga stretch emerges as a major hotspot due to urbanization, industrial discharge, and tributary inputs, while the downstream stretch reflects cumulative pollutant loading. Overall, the presence of diverse ECs highlights significant ecological and public health risks. These findings emphasize need to ensure the sustainability of the River Ganga.

1. Introduction

Water pollution has become a major environmental concern in recent decades. Rapid population growth, urbanization, and industrial expansion have significantly increased the discharge of domestic sewage and industrial effluents into surface waters, leading to the deterioration of water quality and the degradation of aquatic ecosystems. Rivers, in particular, often serve as sinks for a wide range of pollutants. The Ganga, the most revered river in India is now regarded as one of the most polluted rivers in the world. Hindus call it Ma Ganga (mother Ganga) as it delivers wide-ranging services encompassing the transitions of water to food, energy to ecology, lives to livelihoods, social concerns to economic, and cultural considerations to spiritual. It is the largest river of the Indian sub-continent, originating from the Gaumukh ice cave of the Gangotri glacier in Uttarakhand and flows >2,500 kilometers through the Indian states of Uttarakhand, Uttar Pradesh, Bihar, Jharkhand, and West Bengal before ultimately discharging into the Bay of Bengal (Singh and Singh, 2007). The basin is the largest river catchment in the country and supports the livelihood of more than 600 million people by providing water and fertile sediments for agriculture, industry and domestic use (Chuphal et al., 2025). The basin of river Ganga supports extensive agro-industrial activity accounting for approximately 40% of India's gross domestic product (Dangar and Mishra, 2021). Because of its immense ecological, economic, and cultural significance, the Ganga is regarded as the lifeline of northern India. At a spiritual level, Hindus living in any part of the

[1]Department of Chemistry, University of Lucknow, Lucknow-226007, India
[2]Plant Ecology and Climate Change Science Division, CSIR-National Botanical Research Institute, Rana Pratap Marg, Lucknow-226 001, India
[3]Academy of Scientific and Innovative Research (AcSIR), Ghaziabad-201002, India
Corresponding author email : seema_mishra2003@yahoo.co.in

world aspire to take a holy dip in the Ganga, considering it sacred and purifying.

Water from the Ganga has been reported to exhibit relatively high levels of dissolved oxygen and notable antimicrobial properties, indicating a strong natural self-purification capacity (Nautiyal, 2009). However, increasing anthropogenic pressures have significantly reduced this assimilative capacity, resulting in marked deterioration of water quality (Dwivedi et al., 2018). The river's pollution load comprises both organic and inorganic contaminants, primarily originating from municipal sewage, industrial effluents, and agricultural runoff, as well as from religious and other human activities. Among these, untreated municipal sewage represents the largest contribution, followed by industrial discharges and diffuse agricultural inputs. Activities such as mass bathing, washing of clothes and livestock, and the disposal of solid waste and human remains further exacerbate contamination. Overall, the major sources of pollution in the Ganga can be broadly classified into four categories: municipal sewage, industrial effluents, agricultural runoff, and religious activities (Dwivedi et al., 2018). To address these challenges and restore the river, the Government of India has implemented several initiatives. The Ganga Action Plan (GAP) was launched in 1986 to reduce sewage discharge, followed by GAP Phase II in 1993, which aimed to control pollution from major tributaries. In 2009, the National Ganga River Basin Authority (NGRBA) was established under the Environment (Protection) Act, 1986, and the Ganga was declared a National River. Subsequently, in 2014, the Namami Gange Programme was launched with a comprehensive and integrated approach, supported by substantial financial investment, to reduce pollution and rejuvenate the river. Despite these policy measures and significant investments, improvements in water quality have remained limited. Moreover, comprehensive data on the occurrence and distribution of various pollutants, particularly emerging contaminants in surface water bodies, remain inadequate.

Previous studies have primarily focused on conventional pollutants in the Ganga, such as pesticides, heavy metals, total organic carbon, and microbial contamination. However, the increasing use of pharmaceuticals, personal care products (PCPs), industrial chemicals, and agrochemicals has led to the emergence of a new class of pollutants known as emerging contaminants (ECs), which pose significant risks to riverine ecosystems. ECs are synthetic chemicals present at concentrations ranging from nanograms to micrograms per liter (ng/L to µg/L). They are generally not included in routine monitoring programs, yet they can cause adverse ecological and human health effects. Rapid urbanization and increased chemical usage have accelerated the release of ECs into aquatic environments. These contaminants enter rivers through municipal wastewater, industrial effluents, agricultural runoff, and the reuse of inadequately treated wastewater for irrigation. Although often present at low concentrations, ECs are persistent, bioactive, and often bioaccumulative, making them potentially toxic to both aquatic organisms and humans. As such, they represent a significant environmental and public health concern.

Major class of the Emerging Contaminants (ECs)

Emerging contaminants (ECs) are typically classified based on their sources, usage patterns, and potential impacts on human health and the environment. Major groups include pharmaceuticals, personal care products (PCPs), pesticides, microplastics (MPs), plasticizers, endocrine-disrupting chemicals (EDCs), persistent organic pollutants (POPs), and disinfection by-products (DBPs) (Fig. 1). Among these, pharmaceuticals and PCPs are of particular concern due to their rapidly increasing use in human and veterinary applications, as well as their incomplete removal by conventional waste water treatment systems. Global projections suggest that antibiotic use could rise by nearly 200% between 2015 and 2030, raising serious concerns about the effectiveness of existing treatment infrastructure and the continuous release of bioactive residues into aquatic environments (Cycoń et al., 2019). Consequently, even treated effluents may act as a source of these compounds, as their presence in influent wastewater directly influences the quality of discharged effluent (Scheringer et al., 2012). Recent studies have highlighted a high risk of antibiotic-resistant bacteria in the Ganga River. Biofilm-forming bacterial groups such as Firmicutes, Proteobacteria, and Bacteroidetes have been identified in both water and sediment,

raising concerns about the dissemination of multidrug and metal resistance (Srivastava and Verma, 2025). Similarly, another study reported varying levels of antibiotic resistance among coliform isolates across the upper, middle, and lower stretches of the Ganga River. Sites such as Gangotri and Devprayag also exhibited significant E. coli contamination and antibiotic resistance (Balkrishna et al., 2024). These findings collectively highlight the risks associated with antibiotic resistance genes in the Ganga River ecosystem.

Persistent organic pollutants (POPs) represent another important class of ECs due to their long environmental half-lives, hydrophobic nature, and potential for bioaccumulation. This group includes polychlorinated biphenyls (PCBs), polycyclic aromatic hydrocarbons (PAHs), polybrominated diphenyl ethers (PBDEs), perfluorinated compounds (PFCs), and pesticides such as chlorpyrifos and malathion (Liu et al., 2020). Similarly, disinfection by-products (DBPs), formed during water treatment processes, comprise a diverse group of over 600 identified compounds, including trihalomethanes and haloacetic acids, many of which are known for their toxic and carcinogenic properties. In the Ganga basin, a wide spectrum of ECs and their subclasses has been reported, underscoring the complexity of the pollution scenario (Table 1). These compounds are considered "emerging" primarily because their environmental occurrence has only recently been recognized and they are not yet included in routine monitoring programs in India. In this context, several recent studies in the Ganga River have reported significant levels of these contaminants and their associated risks (Dwivedi et al., 2018; Agnihotri et al., 2025).

Total PAH concentrations in the Ganga River exceed recommended limits, with more toxic high molecular weight (HMW) PAHs dominating in regions such as Fatehpur and Kaushambi, particularly in rural areas where river water is extensively used for irrigation and domestic purposes (Sonwani et al., 2023). The occurrence of organochlorine pesticides (OCPs) across the river shows considerable seasonal and spatial variation, with higher contamination and ecological risks observed in the lower stretch of the Ganga River. Compounds such as lindane and chlordane are frequently detected (Sah et al., 2020). Risk assessments further reveal elevated levels of aldrin and DDT in the middle stretch, while HCH and heptachlor pose significant risks in the upper and lower stretches, respectively. These findings highlight the urgent need for improved pesticide management and monitoring strategies (Shah et al., 2021). Moreover, recent studies confirm widespread contamination of the Ganga River system with PAHs, chlorinated hydrocarbons (CHCs), PCBs, pesticides, and DBPs, with several compounds exceeding permissible limits and posing serious ecological and public health concerns (Agnihotri et al., 2025). The occurrence of microplastics (MPs) and nanoplastics in surface water is another emerging concern for both human and environmental health. Recent studies show that MP concentrations range from 100 to 1550 particles/L in water and from 50 to 1300 particles/kg in sediments in the upper Himalayan stretches of the Ganga, including Devprayag, Rishikesh, and Haridwar (Chaudhary et al., 2025). MPs in the size range of 300 µm to 1 mm have been reported as dominant across various stretches of the river, with maximum abundance at Prayagraj (5.18 pieces/m^2), followed by Haridwar (3.68 pieces/m^2) and Patna (3.05 pieces/m^2). The high levels of MPs in Prayagraj may be attributed to the confluence with the Yamuna River, which carries a substantial MP load, reaching up to 5.95 pieces/m^2 at Agra (Gupta et al., 2024). In addition, per- and polyfluoroalkyl substances (PFAS) have been frequently detected in the Ganga River. Fifteen PFAS compounds were identified, with the highest concentrations observed for PFHxA (0.4–4.7 ng L^{-1}) and PFBS (up to 10.2 ng L^{-1}). The spatial distribution of PFAS suggests common emission sources, while PFDA and PFNA were present at much lower concentrations and showed covariance with PFOA, particularly at two hotspot regions downstream of Kanpur and Patna.

The concentrations of ECs vary spatially due to differences in consumption patterns, wastewater treatment efficiency, physicochemical properties, and local discharge intensity (Ahmad et al., 2022) (Fig. 2). In densely populated regions along the main stream of the Ganga River, such as Rishikesh and Haridwar, religious tourism and seasonal mass bathing are major sources of ECs. In Kanpur, leather tanneries and textile industries are the primary contributors, while in Prayagraj, the confluence zone

Table 1: Major class of Emerging Contaminants (ECs) their chemical names and their Abbreviations

S. No.	Compound class	Sub-class	Abbreviation
1	Perfluorinated compounds (PFAS)	Perfluorobutanoic acid	PFBA
		Perfluoropentanoic acid	PFPA
		Perfluorohexanoic acid	PFHxA
		Perfluoroheptanoic acid	PFHpA
		Perfluorooctanoic acid	PFOA
		Perfluorononanoic acid	PFNA
		Perfluorodecanoic acid	PFDA
		Perfluoroundecanoic acid	PFUnDA
		Perfluorododecanoic acid	PFDoDA
		Perfluorotridecanoic acid	PFTrDA
		Perfluorobutane sulfonate	PFBS
		Perfluorohexane sulfonate	PFHxS
		Perfluoroheptane sulfonate	PFHpS
		Perfluorooctane sulfonate	PFOS
		Perfluorodecane sulfonate	PFDS
		Perfluorooctane sulfonamide	PFOSA
		N-methyl perfluorooctane sulfonamide	MeFOSA
		N-ethyl perfluorooctane sulfonamide	EtFOSA
		N-methyl perfluorooctanesulfonamidoethanol	MeFOSE
		N-ethyl perfluorooctanesulfonamidoethanol	EtFOSE
2	Pharmaceuticals	Atenolol	
		Caffeine	
		Carbamazepine	
		Ciprofloxacin	
		Clofibric acid	
		Diclofenac	
		Hydrochlorothiazide	
		Ibuprofen	
		Ketoprofen	
		Naproxen	
		Acetaminophen	
		Sulfamethoxazole	

S. No.	Compound class	Sub-class	Abbreviation
3	Personal Care Products (PCPs)	Triclocarban	TCC
		Triclosan	TCS
		N,N-Diethyl-meta-toluamide	DEET
		2-Ethyl-hexyl-4-trimethoxycinnamate	EHMC
		4-Methylbenzylidene camphor	4-MBC
		Galaxolide	HHCB
		2-Ethyl-hexyl-4-trimethoxycinnamate	EHMC
		Methylparaben	
4	Artificial Sweeteners (ASWs)	Acesulfame K	
		Cyclamate	
		Saccharine	
		Aspartame	
		Sucralose	
5	Pesticide	α-Benzene Hexachloride	α-BHC
		γ- Benzene Hexachloride(Lindane)	γ-BHC
		β- Benzene Hexachloride	β-BHC
		Heptachlor	
		δ- Benzene Hexachloride	δ-BHC
		Aldrin	
		Heptachlor epoxide	
		γ-Chlordane	
		α-Chlordane	
		Endosulfan I	
		4,4'-dichlorodiphenyldichloroethylene	4,4'-DDE
		Dieldrin	
		Endrin	
		Parathion	
		Diazinon	
		Chlorpyrifos	
		Dimethoate	
		Carbofuran	
		Dichlorvos	
		Phorate	

Sources of ECs in River Ganga

with a high domestic sewage load significantly influences contaminant levels. In Varanasi, religious activities, hospitals, and urban runoff play a major role, whereas in the Kolkata metropolitan region, industrial operations and port activities contribute substantially to EC pollution in the Ganga. Pharmaceuticals and personal care products (PCPs) primarily originate from hospitals, households, and industrial activities. These compounds enter municipal wastewater

streams and are subsequently discharged into the Ganga or its tributaries. Microplastics (MPs) reach aquatic systems through both direct and indirect pathways. Urban centers such as Delhi, Kanpur, Varanasi, and Kolkata are major hotspots for plastic waste generation, and MPs are transported into the Ganga via tributaries and stormwater drains. Similarly, per- and polyfluoroalkyl substances (PFAS) enter the river system through industrial discharges, firefighting foams, landfill leachate, and effluents from wastewater treatment plants, contributing to the overall contaminant burden.

Major tributaries significantly modify the contaminant profile of the Ganga by transporting pollutant loads from large urban and industrial clusters and delivering them to specific stretches of the main river. For instance, the Yamuna River, which receives large volumes of untreated wastewater from Delhi, Mathura, and Agra, joins the Ganga at Prayagraj and substantially increases the load of pharmaceuticals, PCPs, MPs, and pesticides in the middle stretch of the river (Dwivedi et al., 2020). Similarly, the Gomti River drains the densely populated city of Lucknow and discharges domestic sewage, hospital effluents, and urban runoff into the Ganga near Ghazipur, thereby elevating both organic and inorganic contamination downstream of the confluence. The Ramganga River, influenced by electroplating and metal-processing industries in Moradabad, merges with the Ganga near Kannauj and contributes industrial organic pollutants and metal-associated contaminants to this stretch. Through these confluences, tributaries act as major secondary sources that alter contaminant flux, reduce the effective dilution capacity, and increase ecological risks in the main river.

The occurrence of emerging contaminants (ECs) is further influenced by their persistence and mobility, which enable certain compounds to be transported far from their original sources. In the Ganga River, hydrological factors such as flow velocity, water level fluctuations, and sediment dynamics regulate dilution and deposition processes. Land-use patterns, agricultural intensity in the middle Ganga plains, anthropogenic pressures, and monsoon-driven runoff control the magnitude and seasonal timing of contaminant inputs. Consequently, relatively low concentrations are generally observed in less-impacted headwater stretches, whereas urban–industrial zones and major confluence points act as accumulation hotspots.

The occurrence of ECs along different stretches of the Ganga River shows considerable spatial variability. The data presented in



Fig 01: Major class of Emerging Contaminants (ECs)

Table 2: Maximum Concentrations of emerging contaminants (ECs) in different stretcheof the River Ganga (ng L^{-1})

Sr. No.	Contaminant Class	Total or maximum level	Stretch/ Location	Maximum Concentration (ng/L)/particles/L	Reference
01	Perfluorinated compounds (PFAS)	Total PFAS	Haridwar (Upstream)	16.11	Sharma et al. (2016); Gautam et al. (2025)
			Kanpur (Midstream)	12.60	
			Gangasagar (Downstream)	18.65	
		Perfluorobutane sulfonate (PFBS)	Gangasagar (Downstream)	10.2	
02	Pharmaceuticals	Total Pharmaceuticals	Bhagirathi, Alaknanda (Upstream)	397.41	Sharma et al. (2019); Richards et al. (2023); Mathew &Kanmani, (2020); Subedi et al. (2015)
			Kanpur (Midstream)	118.02	
			Patna (Downstream)	822.81	
		Caffeine	Patna (Downstream)	743	
03	Artificial sweeteners (ASWs)	Total ASWs	Devprayag (Upstream)	287.29	
			Kanpur (Midstream)	10.348	
			Patna (Downstream)	101.826	
		Saccharin	Patna (Downstream)	85.43	
04	Personal Care Products (PCPs)	Total PCPs	Devprayag (Upstream)	3.5	
			Kanpur (Midstream)	0.764	
			Varanasi (Downstream)	6.369	
		Triclosan	Varanasi (Downstream)	5.4	
05	Microplastics (MPs)	Total MPs	Devprayag, Haridwar (Upstream)	1,550	Chaudhary et al. (2025)
06	Pesticide	Total Pesticide	Fatehgarh (Midstream)	16,220	Rehana et al.(1995)
		DDT	Kannauj (Midstream)	5,330	
		α-BHC	Narora (Midstream)	1,380	Rehana et al. (1996)

Table 2 demonstrate a clear gradient in the occurrence and concentration of ECs from upstream to downstream. In the upstream stretch (Devprayag–Haridwar), relatively lower but measurable concentrations of contaminants are observed, including total per- and poly-fluoroalkyl substances (PFAS) up to 16.11 ng L^{-1}, pharmaceuticals reaching 397.41 ng L^{-1}, artificial sweeteners at 287.29 ng L^{-1}, and microplastics at 1,550 particles L^{-1}. These values indicate that

even the upper reaches are influenced by anthropogenic activities such as pilgrimage, tourism, and localized domestic wastewater inputs.

In the midstream stretch (Kanpur-Fatehgarh-Kannauj-Narora), contaminant levels show increased variability and source-specific enrichment. Total PFAS concentrations are reported up to 12.60 ng L^{-1}, while pharmaceuticals reach 118.02 ng L^{-1} and artificial sweeteners 10.348 ng L^{-1}. This region is particularly characterized by elevated pesticide contamination, with total pesticide concentrations as high as 16,220 ng L^{-1}, along with significant levels of DDT (5,330 ng L^{-1}) and α-BHC (1,380 ng L^{-1}). These values reflect strong agricultural inputs and the persistence of legacy organochlorine pesticides. The presence of multiple contaminant classes highlights the combined influence of industrial discharges (e.g., Kanpur), municipal wastewater, and agricultural runoff.

In the downstream stretch (Varanasi-Patna-Gangasagar), the highest accumulation of most contaminant classes is observed due to cumulative upstream inputs and continuous addition from densely populated urban centers. Total PFAS concentrations was maximum at Ganga sagar (18.65 ng L^{-1}), with PFBS reaching 10.2 ng L^{-1}, indicating the dominance and mobility of short-chain PFAS. Pharmaceutical concentrations reach a maximum of 822.81 ng L^{-1} at Patna, largely driven by caffeine (743 ng L^{-1}), a well-established marker of domestic sewage contamination. Similarly, artificial sweeteners reach 101.826 ng L^{-1}, with saccharin contributing up to 85.43 ng L^{-1}. Personal care products (PCPs) reach up to 6.369 ng L^{-1}, with triclosan recorded at 5.4 ng L^{-1} in Varanasi. These elevated concentrations indicate substantial inputs from untreated or partially treated waste water.

The observed trend indicates a progressive increase in contaminant load from upstream to downstream, with localized peaks in the midstream region, particularly for pesticides. This pattern reflects the combined effects of increasing population density, industrialization, intensive agricultural activities, and inadequate wastewater treatment infrastructure, along with the persistence and transport potential of many emerging contaminants (ECs) in the Ganga River.

Effects of ECs on Aquatic Biotic Communities and on Human Health

